02 अप्रैल, 2025
चैत्र, शुक्ल पक्ष, पंचमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
बुधवार, वर्ष 10, अंक 162

आनेवाले 25 वर्ष को ध्यान में रख कर हमें आगे बढ़ना है : हेमंत सोरेन



# सरहुल के उमंग में डूबा झारखंड

- राज्यभर में निकाली गयी शोभायात्रा, हर तरफ उल्लास
- शोभायात्रा में दिखा आदिवासी संस्कृति का नजारा


फोटो: प्रदीप ठाकुर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पूरा झारखंड मंगलवार को प्रकृति पर्व सरहुल के उल्लास में डूबा रहा। राज्यभर में शोभायात्रा निकाली गयी और सड़कों पर आदिवासी संस्कृति का नजारा दिखा। नयनाभिराम झांकियों ने पूरे परिदृश्य को आकर्षक बना दिया था। समूह नृत्य ने लोगों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। राजधानी रांची के सिरमटोली स्थित सरना स्थल पर पाहन द्वारा पारंपरिक रीति-रिवाज से पूजा-अर्चना कर अच्छी बारिश की भविष्यवाणी की गयी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मौके पर दो दिनों के राजकीय अवकाश की घोषणा की और सिरमटोली रैंप विवाद के सिलसिले में दायर मामले में आगे की कार्रवाई रोकने का निर्देश दिया।

राजधानी रांची में सरहुल शोभायात्रा के दौरान सड़कों पर सतरंगी छटा बिखरी रही। प्रकृति के संरक्षण का संदेश देते हुए शोभायात्रा में शामिल लोगों का कारवां नगाड़ों और मांदर की थाप पर थिरक रहा था। शोभा यात्रा में झारखंडी संस्कृति की झलक दिखी। इससे भाइचारगी का भी संदेश दिया। हातमा से दोपहर एक बजे शोभायात्रा निकली।

**जगलाल पाहन रथ से पहुंचे अलबर्ट एक्का चौक :** सभी परंपराओं को पूरा करने के बाद जगलाल पाहन रथ पर सवार होकर अलबर्ट एक्का चौक पहुंचे। वहां उनका भव्य तरीके से स्वागत किया गया। सभी खोड़हा नेतृत्वकर्ताओं को सरना अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया। इसके बाद राजधानी के विभिन्न सरना स्थलों से जुलूस निकलना शुरू हो गया। सभी खोड़हा द्वारा सरना स्थल की तीन बार परिक्रमा की गयी।

**पाहन ने इस वर्ष सामान्य से कम बारिश की भविष्यवाणी की :** सरना स्थल पर पाहन ने प्रकृति, पूर्वज और देवी-देवताओं की पूजा की। सरना स्थल पर दो घड़ों में रखे पानी का आकलन कर जगलाल पाहन ने बताया कि इस साल सामान्य से कम बारिश होने की संभावना है। इससे पहले चरका मुर्गे की बलि भगवान सिंगबोंगा को, रंगवा मुर्गे की बलि जल देवता यानी इकिर बोंगा को, रंगली मुर्गे की बलि पूर्वजों को और काले मुर्गे की बलि अनिष्ट करने वाली आत्माओं की शांति के लिए दी गयी।

### सीएम ने की पूजा, मांदर की थाप पर थिरके


सीएम हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन ने सरना स्थल पर पूजा-अर्चना की। इसके बाद मांदर और नगाड़ों की थाप पर जमकर थिरके। मौके पर कैबिनेट मंत्री चमरा लिंडा और शिल्पी नेहा तिर्की भी मौजूद रहीं। इससे पहले सीएम हेमंत ने करमटोली स्थित आदिवासी कॉलेज छात्रावास में सरहुल महोत्सव कार्यक्रम में हिस्सा लिया। मौके पर उन्होंने कहा कि पर्व-त्योहारों से हमारी परंपरा, सभ्यता-संस्कृति और आस्था जुड़ी है। इससे जीवन में उमंग, उत्साह और उल्लास का संचार होता है।

### दो दिन के राजकीय अवकाश की घोषणा

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने घोषणा की है कि झारखंड में अब सरहुल के मौके पर दो दिनों का अवकाश रहेगा। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट पर यह घोषणा की। सीएम ने लिखा कि पिछले कई वर्षों से सरहुल के अवसर पर दो दिन की राजकीय छुट्टी की मांग उठ रही थी। आदिवासी समाज के इस महान पावन पर्व के महत्व को देखते हुए मैंने इस वर्ष से दो दिन की राजकीय छुट्टी घोषित की है। झारखंड की संस्कृति एवं परंपराओं की गौरवशाली धरोहर को हम सहेजते आये हैं और सदैव सहेजेंगे।

# कोडरमा में धार्मिक जुलूस पर पथराव

- यज्ञ के लिए भिक्षाटन को निकली थीं महिलाएं
- इलाके में तनाव, ड्रोन से छतों की तलाशी ले रही पुलिस



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कोडरमा।** कोडरमा थाना अंतर्गत चेचाई में होने वाले यज्ञ को लेकर भिक्षा के लिए सात गांवों के भ्रमण पर निकली महिलाओं के जत्थे पर छतरबर में समुदाय विशेष के एक घर की छत से पथराव किया गया। मंगलवार सुबह करीब नौ बजे हुई इस घटना के बाद इलाके में तनाव पैदा हो गया। हालांकि पुलिस ने माहौल को नियंत्रित कर लिया।

ग्रामीणों ने बताया कि चेचाई देवी मंडप से कलश लेकर महिलाएं भिक्षा के लिए इलाके में निकली थीं। इसी दौरान वे छतरबर पहुंचीं, जहां पत्थरबाजी की घटना हुई। इसमें एक कलश फूट गया। 50- 60 महिलाएं जुलूस में थीं और घटना के बाद दूसरे इलाके के लिए महिलाएं निकल गयीं। वे करमा, झुमरी, करियावर मैसौंधा, पूतो और कानूनगो बीघा होते हुए वापस चेचाई पहुंचीं। पत्थरबाजी किसने की, पुलिस उसकी पहचान करने में जुटी हुई है। गांव में पुलिस फिलहाल कैंप कर रही है। मामले की सूचना मिलने पर एसडीओ रिया सिंह, एसडीपीओ अनिल सिंह, डीएसपी मुख्यालय रतिभान सिंह, सीओ होल्डर सेठी, कोडरमा थाना प्रभारी अरविंद कुमार, तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार, डोमचांच थाना प्रभारी ओम प्रकाश सहित बड़ी संख्या में पुलिस जवान पहुंचे। ये सभी गांव में मौजूद हैं। ड्रोन कैमरे से भी छतरबर में हर घर के छत की निगरानी की जा रही है। यह जानकारी दी गयी है कि जिस घर से पथराव हुआ, उसकी छत पर बड़ी मात्रा में ईंट और पत्थर रखे गये थे।

# आज पेश होगा वक्फ संशोधन बिल

- लोकसभा में आठ घंटे तक होगी चर्चा
- भाजपा समेत सभी दलों ने जारी किया ह्विप

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** वक्फ संशोधन बिल दो अप्रैल को प्रश्नकाल के बाद दोपहर 12 बजे लोकसभा में पेश होगा। स्पीकर ओम बिरला ने इस पर आठ घंटे चर्चा का समय निर्धारित किया है। इसके बाद बिल लोकसभा में पास किया जायेगा। मंगलवार को बिजनेस एडवाइजरी कमेटी (बीएसी) ने जब इस बात की जानकारी दी, तब विपक्ष ने कहा कि चर्चा 12 घंटे होनी चाहिए। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि बिल पर चर्चा का समय बढ़ाया जा सकता है। हालांकि विपक्ष ने बीएसी की बैठक से वाकआउट कर दिया। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने सरकार पर अपने एजेंडे को थोपने और विपक्षी सदस्यों की बात नहीं सुनने का आरोप लगाया। समाजवादी पार्टी सुप्रीमो और सांसद अखिलेश यादव ने कहा कि हम बिल का विरोध करेंगे। वक्फ संशोधन बिल पर आज भी लोकसभा में हंगामा हुआ। प्रश्नकाल खत्म होते ही विपक्ष ने नारेबाजी शुरू कर दी। इसके बाद स्पीकर ने कार्यवाही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी थी।




### भाजपा, कांग्रेस ने जारी किया ह्विप

इधर भाजपा ने वक्फ संशोधन विधेयक पर चर्चा के दौरान अपने सांसदों को सदन में उपस्थित रहने के लिए ह्विप जारी किया है। सत्ता पक्ष के दो अन्य घटक दलों, जदयू और टीडीपी ने भी अपने सांसदों को सदन में मौजूद रहने के लिए ह्विप जारी किया है। इस बीच सूत्रों के अनुसार सरकार ने जदयू और टीडीपी के सुझाव मान लिये हैं। दोनों पार्टियों ने वक्फ संशोधन बिल पर तीन सुझाव दिए थे। सरकार ने सभी को मान लिया है। हालांकि अब तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। उधर कांग्रेस ने भी अपने सभी सांसदों को बजट सत्र के बाकी बचे तीनों दिन सदन में मौजूद रहने के लिए ह्विप जारी किया है।

# अगले सप्ताह चुने जायेंगे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष

- पार्टी के नये राष्ट्रीय अध्यक्ष की घोषणा इसी महीने होगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** भाजपा को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष इसी महीने मिल जायेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नागपुर दौरे के बाद चुनावी प्रक्रिया तेज हो गयी है। सूत्रों के मुताबिक 30 मार्च को मोदी और संघ प्रमुख मोहन भागवत की मुलाकात में नये अध्यक्ष के नाम पर चर्चा हुई है। मोदी के नागपुर से लौटने के बाद पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से भी बातचीत हुई है। प्रधानमंत्री ने वर्तमान अध्यक्ष जेपी नड्डा, अमित शाह, राजनाथ सिंह और संगठन महामंत्री बीएल संतोष से राज्यों के संगठनात्मक चुनाव पर चर्चा की। सूत्रों के मुताबिक प्रधानमंत्री ने नड्डा और बीएल संतोष से कहा है कि इसी महीने भाजपा अध्यक्ष का चुनाव पूरा करें। भाजपा ने अब तक 13 राज्यों में प्रदेश अध्यक्ष चुन लिये हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के लिए 19 राज्यों में चुनाव पूरे करने जरूरी हैं। सूत्रों के मुताबिक अगले हफ्ते तक झारखंड, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल समेत बाकी बचे अधिकांश राज्यों के प्रदेश अध्यक्षों के नामों की घोषणा कर दी जायेगी।



यूपी के सीएम ने प्रधानमंत्री पद की दावेदारी के बारे में दिया जवाब

# मैं योगी हूं, हमेशा के लिए राजनीति में नहीं : योगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री पद की दावेदारी को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि मैं दिल से एक योगी हूं और राजनीति मेरा पूर्णकालिक व्यवसाय नहीं है। मैं मुख्यमंत्री पद पर उत्तर प्रदेश की जनता की सेवा करने के लिए हूं और मैं हमेशा के लिए राजनीति में नहीं आया हूं। मेरी पार्टी भाजपा ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है, उसे मैं निभा रहा हूं। उन्होंने प्रधानमंत्री पद की दावेदारी को लेकर खंडन किया। उन्होंने कहा कि मैं कब तक राजनीति में रहूंगा, इसकी समय सीमा है। मैं हमेशा के लिए राजनीति में नहीं हूं। बता दें कि इन दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तराधिकारी को लेकर चर्चाएं काफी तेज हैं और योगी को उनके समर्थकों के द्वारा प्रधानमंत्री पद के दावेदार के तौर पर देखा जा रहा है। सोशल मीडिया पर हो रही चर्चाओं में सीएम योगी और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को प्रधानमंत्री पद के दावेदार के तौर पर देखा जा रहा है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राजनीति में धर्म का मिलन गलत नहीं है। ये हमारी गलती है कि हम धर्म को कुछ स्थानों के लिए सीमित कर देते हैं और राजनीति को कुछ लोगों के लिए छोड़ देते हैं। इससे समस्याएं उत्पन्न होती हैं। राजनीति का उद्देश्य स्वार्थों की पूर्ति करना नहीं है, बल्कि समाज की भलाई करना है। इसी तरह धर्म का उद्देश्य भी परमार्थ होता है। जब धर्म का प्रयोग स्वार्थ की पूर्ति के लिए होता है, तो मुश्किल आती है, लेकिन परमार्थ का उद्देश्य होने पर धर्म प्रगति के मार्ग खोलता है।

# कोकर और गाड़ी होटवार के दो लड़के रीमिक्स फॉल में डूबे

- चार दिन पहले कोकर अयोध्यापुरी के दो सगे भाई डूबे थे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** जिले के प्रसिद्ध रीमिक्स फॉल में मंगलवार को फिर एक हादसा हुआ। इसमें दो लड़के डूब गये। इनमें रांची के खेलगांव थाना के गाड़ी होटवार महुआटोली निवासी 15 वर्षीय रोलेन तिर्की (पिता महेंद्र तिर्की) और जुनास सांगा (पिता जेम्स जुनास सांगा, खोरहाटोली कोकर) शामिल हैं। ये दोनों सरहुल की छुट्टी में अपने पांच दोस्तों के साथ रीमिक्स फॉल घूमने आये थे।

रोलेन तिर्की खोरहा टोली कोकर स्थित डॉन बॉस्को स्कूल में नौवीं का छात्र था, वहीं जेम्स जुनास सांगा दीपाटोली के क्लूनी कॉन्वेंट स्कूल में कक्षा नौवीं में पढ़ाई कर रहा था। फॉल में नहाने के दौरान दोनों फिसल कर गहरे पानी में चले गये, जहां डूबने से दोनों की मौत हो गयी। घटना की सूचना पाकर मारंगहादा थाना की पुलिस वहां पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से पानी के अंदर चट्टान में फंसे दोनों शवों को बाहर निकाला गया।

### चार दिन पूर्व भी कोकर के दो भाई डूब गये थे

रीमिक्स जल प्रपात में चार दिन पहले ही डूबने से कोकर के सगे भाइयों की मौत हो थी। लोगों का कहना है कि जिन्हें तैरना नहीं आता, उनके लिए रीमिक्स फॉल में नहाना बेहद खतरनाक है।

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

## न्यूज रील्स

### स्टेट बैंक की सेवाएं अचानक ठप पड़ीं, ग्राहक हुए परेशान

नयी दिल्ली। भारतीय स्टेट बैंक की सेवाएं मंगलवार को अचानक ठप पड़ गयीं और इस बैंक को बड़े आउटेज का सामना करना पड़ा। अचानक आयी इस दिक्कत के चलते ग्राहकों को पैसे ट्रांसफर करने, मोबाइल बैंकिंग करने और यूपीआइ तक की सेवाएं यूज करने में दिक्कत आयी। बैंक ने आधिकारिक बयान में इस दिक्कत का जिक्र किया था। बैंक ने बताया था कि वार्षिक बंदी गतिविधियों के चलते इसकी सेवाएं दोपहर एक बजे से लेकर शाम के चार बजे तक प्रभावित रहेंगी। इस दौरान ग्राहकों को एटीएम और यूपीआइ का इस्तेमाल करने की सलाह दी जाती है।

### कपिल मिश्रा पर एफआइआर दर्ज करने का आदेश

नयी दिल्ली। दिल्ली सरकार में मंत्री और भाजपा नेता कपिल मिश्रा को राउज एवेंन्यू कोर्ट से मंगलवार को झटका लगा है। कोर्ट ने उनके और अन्य के खिलाफ 2020 के दिल्ली दंगों में उनकी कथित विभिन्न भूमिकाओं की जांच के लिए सुनवाई का आदेश दिया। साथ ही कोर्ट ने कपिल मिश्रा के खिलाफ एफआइआर दर्ज करने के लिए आवेदन स्वीकार कर लिया है। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट वैभव चौरसिया ने इसे प्रथम दृष्टया संज्ञेय अपराध पाया, जिसमें उन्होंने जांच के आदेश दिये हैं। न्यायाधीश ने कहा कि यह साफ है कि दंगों के दौरान कपिल इलाके में थे। इसमें आगे जांच की जरूरत है। न्यायाधीश यमुना विहार निवासी मोहम्मद इलियास द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रहे थे, जिसमें एफआइआर दर्ज करने की मांग की गयी थी, जिसका दिल्ली पुलिस ने विरोध किया और दावा किया कि दंगों में मिश्रा की कोई भूमिका नहीं थी।

### हाइवे-एक्सप्रेस वे पर टोल टैक्स बढ़ा

नयी दिल्ली। हाइवे और एक्सप्रेस वे पर गाड़ी से सफर करने वालों के लिए बुरी खबर है। मंगलवार से उनको टोल टैक्स के लिए ज्यादा पैसा देना पड़ रहा है। दरअसल, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआइ) ने देशभर के राजमार्ग खंडों पर टोल शुल्क में औसतन चार से पांच फीसदी की वृद्धि की है। राजमार्ग मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि देश भर के राष्ट्रीय राजमार्गों पर वाहन चालकों के लिए संशोधित टोल शुल्क मंगलवार से लागू हो गये हैं। एनएचएआइ ने सभी राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे के लिए टोल दरों में बढ़ोतरी को अलग से अधिसूचित किया है। अधिकारी के अनुसार, टोल शुल्क को संशोधित करना वार्षिक कवायद का हिस्सा है। हर साल इसे एक अप्रैल से लागू किया जाता है।






# वक्फ विधेयक पर होगी एनडीए की अग्निपरीक्षा

## ■ नीतीश और चंद्रबाबू नायडू की पार्टियों पर हैं सभी की निगाहें

## ■ संसद के दोनों सदनों में तैयार हो चुकी है टकराव की जमीन

**आजाद सिपाही विशेष**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्ववाली एनडीए सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में एक बेहद महत्वपूर्ण विधेयक पेश करने जा रही है, जिसका दूरगामी असर होगा और आजादी के बाद से देश में चल रही एक बेहद अलोकतांत्रिक परंपरा को खत्म करने का मार्ग प्रशस्त होगा। यह विधेयक है वक्फ संशोधन विधेयक। इस विधेयक को लेकर देश का सियासी माहौल पहले से ही गर्म है। सत्ताधारी एनडीए के सबसे बड़े घटक दल भाजपा का इस मुद्दे पर नजरिया पूरी तरह साफ है, लेकिन उसके बाकी सहयोगी दलों को लेकर संशय की स्थिति बरकरार है। एनडीए सरकार के दो प्रमुख सहयोगी, नीतीश कुमार और एन चंद्रबाबू नायडू ने वक्फ विधेयक पर अपना नजरिया अब तक स्पष्ट नहीं किया है। चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोजपा (आर) ने भी वक्फ बिल को लेकर अपनी स्थिति स्पष्ट नहीं की है। ऐसे में कहा जा सकता है कि यह विधेयक वास्तव में संसद में एनडीए की अग्निपरीक्षा लेगा। इस विधेयक पर विपक्ष के साथ टकराव की जमीन पहले से ही तैयार हो चुकी है और मुस्लिम तुष्टिकरण की पक्षधर कांग्रेस और उसकी सहयोगी पार्टियों ने इसका विरोध करने का एलान किया है। ऐसे में यह देखनेवाली बात होगी की एनडीए के नेता संसद में इस विधेयक को पारित कराने को लेकर क्या रणनीति अपनाते हैं। वक्फ विधेयक दो अप्रैल को संसद में पेश होना है और भाजपा ने अपने सभी सांसदों को सदन में मौजूद रहने के लिए ह्विप जारी कर दिया है, लेकिन एनडीए के बाकी दल अब तक चुप हैं। ऐसे में क्या होगा भाजपा का रवैया और क्या होगा वक्फ विधेयक का, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

संसद के चालू बजट सत्र के दूसरे चरण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार वक्फ संशोधन बिल लाने की तैयारी में है। यह बिल दो अप्रैल को लोकसभा में पेश किया जायेगा।

संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री किरेन रिजिजू ने पिछले साल आठ अगस्त को इस बिल को लोकसभा में पेश किया था, जिसे विपक्ष के हंगामे के बाद संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को भेज दिया गया था। जगदंबिका पाल की अगुवाई वाली जेपीसी की रिपोर्ट के बाद इससे संबंधित संशोधित बिल को कैबिनेट ने पहले ही मंजूरी दे दी है।

सरकार यह बिल संसद में लाती है, तो इसे पारित कराना कम चुनौतीपूर्ण नहीं रहने वाला। यह बिल पहले ही जेपीसी से होकर आ रहा है।

### क्या है संसद में संख्या बल

लोकसभा में अभी 542 सदस्य हैं और 240 सदस्यों के साथ भाजपा सबसे बड़ी पार्टी है। भाजपा की अगुवाई वाले सत्ताधारी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सदस्यों की संख्या 293 है, जो बिल पारित कराने के लिए जरूरी 272 के जादुई नंबर से अधिक है। विपक्ष की बात करें, तो कांग्रेस के 99 सदस्य हैं और इंडिया ब्लॉक में शामिल सभी दलों को मिला लें, तो भी संख्याबल 233 ही पहुंचता है। आजाद समाज पार्टी के एडवोकेट चंद्रशेखर, शिरोमणि अकाली दल की हरसिमरत कौर बादल भी सांसद हैं, जिनकी पार्टियां एनडीए या इंडिया ब्लॉक, किसी भी गठबंधन में नहीं हैं। कुछ निर्दलीय सांसद भी हैं, जो किसी भी गठबंधन के साथ खुल कर नहीं हैं। ऊपरी सदन राज्यसभा की बात करें, तो वहां इस समय 236 सदस्य हैं। इसमें भाजपा का संख्याबल 98 है। गठबंधनों के लिहाज से देखें, तो एनडीए के सदस्यों की संख्या 115 के करीब है। छह मनोनीत सदस्यों को भी जोड़ लें, जो आम तौर पर सरकार के पक्ष में ही मतदान करते हैं, तो नंबर गेम में एनडीए 121 तक पहुंच जा रहा है, जो विधेयक पारित कराने के लिए जरूरी 119 से दो अधिक है। कांग्रेस के 27 और इंडिया ब्लॉक के अन्य घटक दलों के 58 सदस्य राज्यसभा में हैं। कुल मिलाकर विपक्ष के पास 85 सांसद हैं। वाइएसआर कांग्रेस के नौ, बीजेडी के सात और एआइएडीएमके के चार सदस्य राज्यसभा में हैं। छोटे दलों और निर्दलीय मिलाकर तीन सदस्य हैं, जो न तो सत्ताधारी गठबंधन में हैं और ना ही विपक्षी गठबंधन में।




### बिल पर सरकार बनाम विपक्ष क्यों

सत्तापक्ष का कहना है कि वक्फ संशोधन बिल के माध्यम से इसकी संपत्तियों से संबंधित विवादों के निपटारे का अधिकार मिलेगा। वक्फ की संपत्ति का बेहतर इस्तेमाल हो सकेगा और इससे मुस्लिम समाज की महिलाओं को भी मदद मिल सकेगी। भाजपा सांसद जगदंबिका पाल की अगुवाई वाली जेपीसी ने एनडीए के घटक दलों की ओर से प्रस्तुत किये गये 14 संशोधनों के साथ अपनी रिपोर्ट संसद में पेश कर दी थी। जेपीसी ने विपक्ष की ओर से प्रस्तावित किये गये 44 संशोधनों को खारिज कर दिया था।

### क्या है एनडीए के सहयोगी दलों का रुख

वक्फ संशोधन बिल पर एनडीए में भाजपा के सहयोगी दलों जदयू और चिराग पासवान की पार्टी लोजपा (आर) ने सस्पेंस बढ़ा दिया है। दोनों दलों ने बिल को लेकर अपने पत्ते नहीं खोले हैं, लेकिन इशारों में ही विपक्ष की टेंशन बढ़ा दी है। चिराग और नीतीश की पार्टी ने कहा कि विपक्ष मुसलमानों को भ्रमित कर रहा है। इस तरह लोगों को डराना नहीं चाहिए। हालांकि जदयू के एमएलसी गुलाम गौस ने खुलकर बिल का विरोध किया है और मोदी सरकार से इसे वापस लेने की अपील की है। गुलाम गौस ने कहा कि मेरी राय है कि इस विधेयक को तत्काल वापस लिया जाये। यह देश हित और जनहित में होगा। किसान आंदोलन जब चला, तो बहुत से लोग हताहत हुए और अंत में देश हित में विधेयक को वापस लिया गया। अब जब किसान विधेयक वापस हो सकता है, तो फिर वक्फ बिल क्यों नहीं होगा। वहीं ललन सिंह ने इस पर कुछ नहीं कहा। उन्होंने कहा कि हम लोकसभा में ही इस बिल पर अपना रुख स्पष्ट करेंगे। हमें विपक्ष से सर्टिफिकेट लेने की जरूरत नहीं है। नीतीश कुमार को कांग्रेस के प्रमाण पत्र की जरूरत नहीं है। वहीं संजय झा ने कहा कि वक्फ पर कानून बनाना है, तो उसे पीछे से लागू न किया जाये। नीतीश कुमार जी ने कभी भी मुसलमानों का अहित नहीं होने दिया है। चिराग पासवान की पार्टी ने भी बिल पर हां या ना नहीं कहा है, लेकिन उसने विपक्ष पर भ्रम फैलाने का आरोप लगाया है। वक्फ संशोधन बिल को लेकर अमित शाह एनडीए के सहयोगी और बिहार में सरकार के साझेदार जदयू को साधने में जुट गये। शाह ने ललन सिंह और संजय झा के साथ बैठक की। बैठक में शाह ने जदयू सांसदों के साथ वक्फ संशोधन बिल को लेकर चर्चा की। वहीं एनडीए की एक और अहम सहयोगी तेलुगू देशम पार्टी ने वक्फ संशोधन बिल का समर्थन करने का फैसला किया है। टीडीपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम कुमार जैन ने मंगलवार को कहा कि पार्टी वक्फ (संशोधन) विधेयक के समर्थन में है। उन्होंने आश्वासन दिया कि आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू मुसलमानों के पक्ष में हैं। बिल के बारे में बोलते हुए प्रेम कुमार जैन ने कहा कि पूरा मुस्लिम समुदाय वक्फ संशोधन विधेयक के पेश होने का इंतजार कर रहा है। हमारी पार्टी इसका समर्थन करेगी। चंद्रबाबू नायडू पहले ही कह चुके हैं कि हम मुस्लिम समुदाय के हितों के लिए काम करेंगे। कल बिल पेश किया जायेगा, उसके बाद ही हम इस पर कोई टिप्पणी करेंगे। मैं आपको भरोसा दिलाता हूं कि चंद्रबाबू नायडू मुसलमानों के पक्ष में हैं। लेकिन आगे क्या होता है इस पर सबकी निगाहें हैं।

### वक्फ बिल पर प्रमुख आपत्तियां क्या

वक्फ के किसी संपत्ति विवाद पर अब फैसले के लिए खिलाफ हाइकोर्ट जा सकते हैं। हालांकि पहले वक्फ ट्रिब्यूनल का फैसला ही आखिरी माना जाता था।

अब दान किये बिना किसी संपत्ति पर वक्फ अपना अधिकार नहीं जता सकता, लेकिन इससे पहले दावे के साथ ही कोई भी संपत्ति वक्फ का अधिकार हो जाती थी।

वक्फ बोर्ड में महिला और अन्य धर्म से दो सदस्य होने चाहिए। लेकिन पहले बोर्ड में महिला और अन्य धर्म के सदस्य नहीं होते थे।

कलेक्टर वक्फ की संपत्ति का सर्वेक्षण कर सकेगा और उसे संपत्ति का निर्धारण करने का अधिकार दिया गया है।

# कलश यात्रा के दौरान महिलाओं पर पथराव की घटना घोर निंदनीय: बाबूलाल

**सीएम से कहा- हिंदू समाज के धैर्य की परीक्षा लेना बंद करें**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि कोडरमा में कलश यात्रा के दौरान महिलाओं पर पथराव की घटना न केवल घोर निंदनीय है, बल्कि राज्य सरकार और प्रशासन की पूरी तरह से विफलता का स्पष्ट प्रमाण भी है। यह कितना शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण है कि देवियों की उपासना से जुड़ी एक पवित्र यात्रा में शामिल माताओं-बहनों को सुरक्षा तक नहीं मिल पाती। गिरिडीह में भी रामनवमी का भजन बजाने के दौरान समुदाय विशेष द्वारा पथराव किये जाने की सूचना है। जब पुलिसकर्मियों द्वारा शांति की अपील करने पर सरकार द्वारा उन्हें दंडित किया जायेगा, तो उपद्रवियों के हौसले बुलंद होना स्वाभाविक है।

### झारखंड में स्थिति भयावह

आज झारखंड में स्थिति इतनी भयावह हो चुकी है कि हिंदू समाज अपने ही त्योहारों को शांतिपूर्वक नहीं मना सकता। बंगाल में जिस प्रकार से हिंदू पर्वों को निशाना बनाया जाता है, उससे भी बदतर हालात अब झारखंड में बनते जा रहे हैं। सीएम से कहा कि हिंदू समाज के धैर्य की कठोर परीक्षा लेना बंद करिए। पत्थरबाजों पर सख्त कार्रवाई कर उदाहरण प्रस्तुत करिये ताकि सभी पर्व त्योहार सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सकें।

# मालगाड़ियों की टक्कर में दो की मौत, चार घायल



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**साहिबगंज।** झारखंड के साहिबगंज में मंगलवार तड़के नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन (एनटीपीसी) की ओर से संचालित दो मालगाड़ियां आपस में टकरा गयीं। इस हादसे में दो लोको पायलट की मौत हो गयी और चार अन्य घायल हो गये।

जानकारी के अनुसार घटना तड़के साढ़े तीन बजे के आसपास की है। फरक्का-ललमटिया एमजीआर रेलवे लाइन पर बरहेट यार्ड के पास पहले से खड़ी मालगाड़ी से कोयला लदी दूसरी मालगाड़ी टकरा गयी। इस घटना में फरक्का से आकर बरहेट यार्ड में खड़ी मालगाड़ी के लोको पायलट बोकारो निवासी अंबुज महतो (32) और पश्चिम बंगाल के रिटायर लोको पायलट जीएस मॉल (62) की मौत हो गयी। वहीं चार कर्मी जितेंद्र कुमार (32), उदय मंडल (45), राम घोष (55) और टीके नाथ (48) घायल हो गये। घायलों को बरहेट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उन्हें बेहतर इलाज के लिए साहिबगंज रेफर कर दिया गया है।

मामले को लेकर एनटीपीसी के एजीएम शांतनु दास ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि घटना के संबंध में जांच प्रारंभ कर दी गयी है। जो भी दोषी होगा, उस पर कार्रवाई की जायेगी। इस संबंध में साहिबगंज एसपी अमित कुमार सिंह ने बताया कि घटना में दो लोगों की मौत हुई है। चार लोग घायल हैं।

# गिरिडीह में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत, हत्या की आशंका

## मां-बेटे का शव पेड़ से लटका मिला, बेटी का शव तालाब से बरामद

**प्रथम दृष्टया मामला हत्या का, पुलिस कर रही जांच : एसडीपीओ**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले के लोकाय थाना क्षेत्र से एक दिल दहलाने वाली घटना सामने आयी है। जहां मां-बेटे का शव पेड़ से लटका मिला। वहीं, पेड़ के ही पास स्थित तालाब से बेटी का लहूलुहान शव बरामद किया है। यहां गौर करने वाली बात यह है कि तालाब में जिस बच्ची का शव मिला है उसकी आंखे फोड़ दी गयी हैं और उसके चेहरे पर जख्म के गंभीर निशान हैं। वारदात तिसरी प्रखंड के लोकाय थाना क्षेत्र के पनियाय गांव की है। गांव के चारो हेंब्रम की पत्नी रिनवा टूडू, उसके 5 वर्षीय पुत्र सचित हेमब्रम और 9 वर्षीय पुत्री सरिता हेमब्रम की नृशंस हत्या कर दी गयी। हत्या के बाद मां-बेटे का शव गांव के तालाब के पास स्थित एक पेड़ पर



महिला की साड़ी के फंदे से लटका दिया गया, जबकि उसकी पुत्री का शव तालाब में डूबा हुआ था। सूचना मिलते ही खोरीमहुआ एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद, इंस्पेक्टर पासकल टोप्पो, लोकाय थाना प्रभारी अमित कुमार, थानसिंहडीह ओपी प्रभारी नीरज कुमार, मनसाडीह ओपी प्रभारी अंकित कुमार, गांवा थाना प्रभारी अभिषेक सिंह दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जांच-पड़ताल में जुट गये। मृत महिला के पति चारो हेंब्रम का कहना है कि सोमवार की रात करीब 10 बजे उसके घर में कोई घुसा था। यह देख वह अपने चाचा को बुलाने गया, इसी बीच उसकी पत्नी और दोनों बच्चे गायब कर दिये गये। बहुत ढूंढने के बाद नहीं मिलने पर सुबह पता चला कि उसकी पत्नी और पुत्र की लाश पेड़ पर टंगी है।

एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि प्रथम दृष्टया यह हत्या का मामला लग रहा है। अनुसंधान जारी है। डॉग स्क्वायड और फिंगरप्रिंट व टेक्निकल टीम पहुंच रही है। हर एंगल से मामले की जांच की जायेगी। हत्यारा जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होगा। पुलिस की शक की सुई परिजनों पर भी जा रही है। फिलहाल पुलिस सभी एंगल पर गहन जांच कर रही है। मृतका गांवा थाना क्षेत्र के पोलमा गांव की रहने वाली थी। बीते दिनों लक्ष्मीबथान में इलाज के अभाव में दम तोड़ देने वाली पानो हेम्ब्रम की वह भाभी थी।

### घटनास्थल पर पहुंचे झामुमो-माले नेता, कहा- हत्या हुई है

घटना की जानकारी मिलने पर झामुमो नेता सह धनवार के पूर्व विधायक निजामुद्दीन अंसारी व माले नेता पूर्व विधायक राजकुमार यादव भी मौके पर पहुंचे निजामुद्दीन अंसारी ने कहा कि यह आत्महत्या नहीं हत्या है। फोरेंसिक टीम आ रही है, जल्द ही हत्यारा पकड़ा जायेगा। उन्होंने हत्यारों को फांसी की सजा देने की मांग की। वहीं राजकुमार यादव ने कहा कि यह बहुत ही निंदनीय घटना है। फोरेंसिक जांच के साथ-साथ एसआइटी का भी गठन हो। इस घटना में जो भी संलिप्त है जल्द से जल्द उसे गिरफ्तार किया जाये। इस मामले में दोनों नेताओं ने एसडीपीओ से भी बातचीत की।

## देवी कूष्मांडा



*सुरासम्पूर्णकलशं रुधिराप्लुतमेव च ।*
*दधानाहस्तपद्माभ्यां कूष्माण्डा शुभदास्तु मे ।।*

**अर्थ**

***अर्थः अमृत से भरे कलश को धारण करने वाली, कमल के फूल से युक्त तेजोमय मां कूष्मांडा शुभ फल प्रदान***

**पूजा विधि**

***जल, दूध, मौली, चंदन, चावल, फूल, कुमकुम, हल्दी, चढ़ाएं।***

***घी का दीपक और धूप लगायें । घी से बने मालपुए, कद्दू के पेठे और मौसमी फल का भोग लगाकर आरती करें।***

## देवी स्कंदमाता



*सिंहासनगता नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।*
*शुभदास्तु सदा देवी स्कंदमाता यशस्विनी ॥*

**अर्थ**

***सिंह पर सवार दोनों हाथों में कमल का फूल धारण करने वाली यशस्विनी देवी स्कंदमाता हमारे लिए शुभदायी हों।***

**पूजा विधि**

***देवी का ध्यान कर के कलश पर चावल चढ़ायें और गंगाजल छिड़कें। चंदन, हल्दी, कुमकुम, अक्षत और कनेर के फूल चढ़ायें। धूप-दीप के साथ केले और अन्य फलों का भोग लगायें ।***

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 34.8 °c | 18.2 °c |
| सूर्यास्त (आज) | : | 18.04 बजे |
| सूर्योदय (कल) | : | 05.41 बजे |



# अल्बर्ट एक्का चौक : सरहुल शोभायात्रा में दिखा अद्भुत और अलौकिक नजारा




## आदिवासी कॉलेज छात्रावास में आयोजित सरहुल महोत्सव में शामिल हुए हेमंत

# आनेवाले 25 वर्ष को ध्यान में रख कर हमें आगे बढ़ना है : मुख्यमंत्री



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि पर्व-त्योहारों से हमारी परंपरा, सभ्यता-संस्कृति और आस्था जुड़ी है। इससे जीवन में उमंग, उत्साह और उल्लास का संचार होता है। इसी कड़ी में हम सालों-साल से परंपरानुसार सरहुल पर्व मनाते आ रहे हैं। हमारे पूर्वजों ने इस प्रकति पर्व की परंपराओं को अक्षुण्ण एवं मजबूती दी है। हमें विरासत में मिली इस परंपरा को और आगे ले जाना है।

मुख्यमंत्री सोरेन मंगलवार को आदिवासी कॉलेज छात्रावास परिसर करमटोली में आयोजित सरहुल पूजा महोत्सव के अवसर पर छात्र-छात्राओं को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने यहां पारंपरिक विधि विधान से पूजा-अर्चना कर राज्य के विकास, सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की। मुख्यमंत्री ने परिसर में पौधरोपण (सखुआ का पौधा लगाकर) कर प्रकृति से जुड़े रहने का संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने राज्य वासियों को सरहुल महापर्व की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि झारखंड के बेहतर भविष्य के लिए आने वाले 25 वर्षों को ध्यान में रखकर योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी कॉलेज छात्रावास परिसर में हर वर्ष धूमधाम से सरहुल का त्योहार मनाया जाता है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मुझे यहां आयोजित सरहुल महोत्सव में शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। यहां आकर आप सभी के साथ खुशियों को बांटने का मौका मिल रहा है।



इस अवसर पर कृषि मंत्री शिल्पा नेहा तिर्की एवं विधायक कल्पना सोरेन ने भी पारंपरिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर राज्य के विकास तथा खुशहाली की कामना की।

### अपनी परंपरा और सभ्यता-संस्कृति के लिए भी समय निकालें

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि यहां हम प्रकृति को संरक्षित रखने और अपनी परंपराओं को लेकर आगे बढ़ने का एक संकल्प लेते हैं। हमारा संकल्प पूरा हो, इस दिशा में हमें सदैव प्रयास करते रहना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हमारी जिंदगी काफी व्यस्त हो चुकी है। लोगों के पास वक़्त कम है, फिर भी विरासत में मिली अपनी परंपरा एवं सभ्यता-संस्कृति से जुड़े रहने के लिए वक़्त जरूर निकालें। यह हमारी आने वाली पीढ़ी की बेहतरी के लिए जरूरी है। इससे आपसी रिश्ते मजबूत होते हैं और पर्व-त्योहारों का जश्न मिलकर मनाने की अलग ही खुशी मिलती है।

### आदिवासी छात्रावासों का हो रहा जीर्णोद्धार

मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर व्यवस्था देने के लिए सभी छात्रावासों का जीर्णोद्धार हो रहा है। इस कड़ी में आदिवासी कॉलेज छात्रावास करमटोली और महिला कॉलेज छात्रावास में मल्टी स्टोरी बिल्डिंग बनायी जायेगी। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे सिर्फ अपनी पढ़ाई की चिंता करें, बाकी सारी व्यवस्था सरकार करेगी। आप सही दिशा में आगे बढ़ें, सरकार आपके साथ खड़ी है।

## राष्ट्रपति ने सरहुल पर्व पर दी शुभकामनाएं

रांची (आजाद सिपाही)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सरहुल पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने उम्मीद जतायी कि लोग विकास के पथ पर आगे बढ़ते हुए प्राकृतिक विरासत को संरक्षित करने की सीख लेंगे। राष्ट्रपति मुर्मू ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, सभी देशवासियों को जनजातीय समुदाय द्वारा विशेष



उत्साह से मनाये जाने वाले सरहुल त्योहार की हार्दिक शुभकामनाएं। इस पर्व पर, प्रकृति के असंख्य उपहारों के लिए कृतज्ञता व्यक्त की जाती है। नव वर्ष के आगमन के प्रतीक इस त्योहार पर मैं सबके लिए सुख-समृद्धि की कामना करती हूं। मेरी मंगल कामना है कि जनजातीय समुदायों से सीख लेकर, सभी देशवासी, प्राकृतिक विरासत का संरक्षण करते हुए विकास के पथ पर निरंतर आगे बढ़ें।

## रैंप विवाद में दायर मामले में कार्रवाई पर सीएम की रोक

रांची (आजाद सिपाही)। सीएम हेमंत सोरेन ने रांची के सिरमटोली स्थित सरना स्थल के पास रैंप के विवाद को लेकर पुलिस बल के साथ धक्का-मुक्की और छीना-झपटी करने वाले अभियुक्तों के खिलाफ कार्रवाई पर रोक लगा दी है। सरकार ने डीजीपी को इससे संबंधित आदेश दिया है। उल्लेखनीय है कि दो दिन पहले रैंप हटाने की मांग को लेकर कुछ लोगों ने जुलूस निकाल कर उग्र प्रदर्शन किया था। इस दौरान बैरिकेड तोड़ने के साथ-साथ पुलिस बल के साथ धक्का-मुक्की और छीना-झपटी की गयी थी। घटना के बाद में चुटिया थाना में कांड संख्या 77/2025 सुसंगत धाराओं के अंतर्गत दर्ज किया गया था। सरकार ने डीजीपी को कहा है कि चूंकि यह घटना सरहुल पर्व की भावना से जुड़ा हुआ है। अतः इस प्राथमिकी के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध किसी भी कार्रवाई पर रोक लगायी जाये। इसके बाद डीजीपी ने एसएसपी रांची को निर्देश दिया है कि इस कांड में कोई अग्रतार कार्रवाई नहीं की जाये।

रजिस्ट्री सं.डी.एल.–33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.–डी.एल.–अ–28032025–262049
असाधारण
भाग II–खण्ड 3 – उप–खण्ड (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित

सं. 1431] नई दिल्ली, बुधवार, मार्च 26, 2025/चैत्र 5, 1947

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
अधिसूचना
नई दिल्ली, 26 मार्च, 2025

**का.आ. 1449(अ).** – केन्द्रीय सरकार ने, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उपधारा (1) के अधीन जारी की गई भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का.आ. 847 तारीख 17.02.2025, जो भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खण्ड 3, उपखंड (ii) में प्रकाशित की गई थी, द्वारा झारखंड राज्य के राँची जिले में NH33 के कि.मी. 113.73 से कि.मी. 139.225 (रांची) तक के राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण (चोड़ाकरने/चार लेन का बनाने, आदि), अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचालन के लिए उस अधिसूचना से उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा की थी;

और उक्त अधिसूचना का सार उक्त अधिनियम की धारा 3क की उपधारा (3) के अधीन तारीच **"20.02.2025"** को **"राँची एक्सप्रेस"** और **"द टाइम्स ऑफ इंडिया"** दोनों में प्रकाशित किया गया था;

जबकि सक्षम प्राधिकारी को धारा 3–ग के तहत कोई भी आपत्ति प्राप्त नहीं हुई है।

और सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार को अपनी रिपोर्ट दे दी है;

अतः अब, केन्द्रीय सरकार, सक्षम प्राधिकारी की उक्त रिपोर्ट प्राप्त हो जाने पर और उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह घोषणा करती है कि उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए अर्जन किया जाना चाहिए;

और अब, केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (2) के अनुसरण में यह घोषणा करती है कि इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन पर, उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होकर आत्यन्तिक रूप से केन्द्रीय सरकार में निहित हो जाएगी।

अनुसूची

**झारखंड राज्य के राँची जिले में NH33 के कि.मी. 113.73 से कि.मी.139.225 (रांची) के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना सहित अथवा संरचना रहित विवरण।**

[फा.स. NHAI/BOT/11012/14/2004/LA/3D]
शेख अमीनखान, निदेशक

जिला: राँची
प्रकाशन तिथि: 26.03.2025
https://egazette.gov.in/(S(wzqhwgcynloloyuzao5a3uec))/ViewPDF.aspx
https://bhoomirashi.gov.in/auth/revamp/three_d.cshtml?EncHid=1536391915
नोट:– इस अधिसूचना की वास्तविक प्रति सी.ल./पीआईयू/पीएमयू/आरओ/ईडी के कार्यालय में भी उपलब्ध है और भूमि मालिक वहां भी अधिसूचना देख सकते हैं।

# पाहन ने इस वर्ष सामान्य से कम बारिश का लगाया अनुमान

### सरना स्थल पर प्रकृति, पूर्वज और देवी देवताओं की पूजा की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची सहित पूरे राज्य में प्रकृति पर्व सरहुल का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान पाहन ने मंगलवार को सरना स्थल पर प्रकृति, पूर्वज और देवी देवताओं की पूजा की। सरना स्थल पर दो घड़े में रखे पानी का आकलन कर हातमा सरना समिति के पुरोहित (पाहन) जगलाल पाहन ने बताया कि इस साल सामान्य से कम बारिश होने की संभावना है।



इससे पहले पुजारी जगलाल पाहन ने सरना स्थल पर विधि विधान के साथ देवी-देवताओं, प्रकृति और पूर्वजों की पूजा की। इस दौरान सफेद यानी चरका मुर्गे की बलि भगवान सिंगबोंगा को, रंगवा मुर्गे की बलि जल देवता यानी इकिर बोंगा को, रंगली मुर्गे की बलि पूर्वजों को और काले मुर्गे की बलि अनिष्ट करने वाली आत्माओं की शांति के लिए दी गयी। पूजा के बाद घड़े में रखे पानी से पाहन को स्नान कराया गया। थाली में उनके पैर धोये गये। इसके बाद पाहन ने बारिश की भविष्यवाणी की।

पुजारी जगलाल पाहन ने बताया कि मौसम को देखते हुए कृषि कार्य शुरू करें। मौसम की भविष्यवाणी की परंपरा आदिकाल से चलती आ रही है। जब साइंस डेवलप नहीं हुआ था, उस समय आदिवासियों के पूर्वज प्रकृति के तौर तरीकों का आंकलन कर अनुमान लगाते थे कि मानसून कैसा रहेगा। यह परंपरा सदियों से चलती आ रही है।

पाहन ने बताया कि सरहुल पर्व में तीन दिन का आयोजन होता है, जिसमें पहले दिन जनजातीय समाज के लोग उपवास रखते हैं। सुबह खेत एवं जलाशयों में जाकर केकड़ा एवं मछली पकड़ते हैं। पूजा के बाद रसोई में उसे सुरक्षित रख देते हैं। ऐसी मान्यता है कि फसल बोने के समय केकड़ा को गोबर पानी से धोया जाता है। इसके बाद उसी गोबर पानी से फसलों के बीज को भीगा कर खेतों में डाला जाता है।

पाहन ने बताया कि पूर्वजों की ऐसी मान्यता है कि केकड़ा के 8-10 पैरों की तरह फसल में भी ढेर सारी जड़े निकलेंगी और बालियां भी खूब होंगी। अच्छी फसल होगी। उन्होंने बताया कि पहले धरती पर पानी ही पानी था। केकड़े ने मिट्टी बनाई और धरती वर्तमान स्वरूप में आयी। उन्होंने कहा कि कितना भी अकाल पड़ जाये, जहां केकड़ा होगा वहां संकेत है कि पानी जरूर होगा।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 02 अप्रैल, 2025
www.azadsipahi.in


## सड़क दुर्घटना में एक की मौत

चलकुशा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के चलकुशा चांदनी चौक के निकट हीरो शोरूम के बगल दो मोटरसाइकिल की आमने- सामने जोरदार टक्कर हो गयी। इस दुर्घटना में एबी इंडियन गैस ग्रामीण वितरक चलकुशा के संचालक बिंदेश्वर यादव पिता स्व. गणेश यादव गंभीर रूप से घायल हो गये। ग्रामीणों की मदद से आनन-फानन में हजारीबाग ले जा रहे थे। जाने के क्रम में लोगों ने बरही अनुमंडल अस्पताल में भी दिखालाया गया। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। जिससे परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं दूसरी ओर श्यामलाल यादव पिता खिरो यादव ग्राम बराडीह भी घायल हो गये। विधायक अमित कुमार यादव, जानकी यादव, सविता सिंह, आलोक सिंह, सुखदेव यादव, केदार यादव, बिरेंद्र यादव, गुड ड्रीम पब्लिक स्कूल के संचालक असगर अली, कलीम खान, दशरथ यादव आदि घर पहुंच कर श्रद्धांजलि दी और परिवार जनो को सांत्वना व्यक्त कर अंतिम यात्रा में शामिल हुए।

# झामुमो का स्थापना दिवस समारोह चार को, शामिल होंगे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

**चार अप्रैल को जिला स्कूल मैदान में होगा कार्यक्रम**

**कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने में जुटे नेता और कार्यकर्ता**



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग में झामुमो का स्थापना दिवस 4 अप्रैल को जिला स्कूल ग्राउंड में मनाया जायेगा। इसकी तैयारी को लेकर जिला कमेटी से लेकर प्रखंड कमेटी तक जुटी हुई है। जिला अध्यक्ष बनने के बाद संजीव बेदिया ने पहली बार तैयारी को लेकर सर्किट हाउस में कार्यकर्ताओं संग बैठक की और मीडिया से मुखातिब हुए। जिलाध्यक्ष संजीव बेदिया ने बताया कि 4 अप्रैल को झामुमो का स्थापना दिवस कार्यक्रम जिला स्कूल ग्राउंड में होगा। इसकी तैयारी अंतिम चरण में है। कार्यक्रम में झारखंड के मुख्यमंत्री सह झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन मुख्य रूप से शामिल होंगे। इनके अलावा मंत्री योगेन्द्र महतो, शुदिव्य कुमार सोनू, गांडेय विधायक कल्पना सोरेन भी शामिल होंगे। साथ ही कई अन्य मंत्री और विधायक भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ायेंगे। आगे कहा कि कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए झामुमो का हर एक कार्यकर्ता जुट गया है। 15 से 20 हजार लोगों की भीड़ होगी। सभी प्रखंड के प्रखंड कमेटी को जिम्मेदारी भी सौंपी गयी है। वहीं झामुमो के वरिष्ठ नेता डॉ कमल नयन सिंह ने कहा कि इस बार झामुमो का स्थापना दिवस ऐतिहासिक होगा। कार्यक्रम में हजारों लोग अपने लोकप्रिय मुख्यमंत्री को सुनने उमड़ेंगे। साथ ही कहा कि झामुमो सदा से झारखंड की आम आवाम की पार्टी रही है, इसलिए भी लोग बड़ी संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने आयेंगे। मौके पर झामुमो जिला सचिव नीलकंठ महतो, गौरव पटेल, विकास राणा, बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह, केंद्रीय नेता दिलीप वर्मा, सुनील शर्मा, मुखिया संघ जिला अध्यक्ष रंजीत मेहता, इचाक उप प्रमुख सतेंद्र कुमार, प्रखंड अध्यक्ष राजेश मेहता, दीपक राय, निसार खान, नईम राही, सरफराज अहमद समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# हजारीबाग में निराली लगती है झंडा पर्व की फिजां

**दशमी को हजारीबाग की सड़कों पर उतरेगा जनसैलाब**

**झांकियों के कतारबद्ध कारवां से शहर होगा गुलजार**

**जय श्री राम और बजरंगबली के नारे से गुंजायमान होगा वातावरण**

दीपक सिंह

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** रामभक्तों के शहर के नाम से मशहूर हजारीबाग में झंडा पर्व (रामनवमी) की फिजां निराली लगती है। सद्भावना, एकता और भाईचारगी का मिसाल हजारीबाग के विश्व विख्यात रामनवमी शोभायात्रा का आकर्षक नाजारा दशमी की रात को दिखेगा। सैकड़ों अखाड़ों के लोग भगवान श्रीराम के आदर्शों का अनुशरण करते हुए हाथों में केशरिया परचम लिए एक अद्भुत जोश, जूनून और उमंग के साथ तासों की गडगड़ाहट, लाठियों के तड़तड़ाहट, नुक्कड़ों



के शोर के जोर संग थिरकते-नाचते-झूमते सड़क पर उतरेंगे। यह धार्मिक जुलूस जो अनवरत एकादशी देर शाम तक जारी रहेगा। इस दौरान सामाजिक जागरूकता, राष्ट्रीय एकता, भारतीय संस्कृति और सभ्यता, धार्मिकता और सामाजिकता के साथ भाईचारगी का संदेश बिखेरता दर्जनों ऐतिहासिक झांकियों का कतारबद्ध कारवां, नन्हें-नन्हें विद्युतीय बल्बों से निकलती रोशनी के बीच चुंधियाती आंखें और अखाड़ा धारियों द्वारा लाठी, डंडा, भुजाली, तलवार आदि से कला-कौशल का हैरतअंगेज कारनामे दिखाना जुलुस को और मनोहारी बना देता है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम, देवों के देव महादेव और वीर बजरंगबली के नारे से हजारीबाग के चारों दिशाएं गूंज उठेगी है। इसे देखने दूर-दराज से जनसैलाब उमड़ पड़ता है। हजारीबाग की रामनवमी जुलूस यहां की सामाजिक विरासत और अस्मिता का प्रतीक बन चुका है। यहां रामनवमी अतिविशिष्ट लोक उत्सव के रूप में मनाया जाता है। रामनवमी जुलूस के सौहार्दपूर्ण संचालन के लिए जनप्रतिनिधि, रामनवमी महासमिति, जिला प्रशासन, राजनीतिक दलों के लोग, सद्भावना समिति के लोग, सभी धर्म-संप्रदाय के लोग, समाजसेवी, शिक्षाविद्ध, प्रेस-मीडिया और हजारीबाग के प्रबुद्ध लोगों के साथ समस्त आम-आवाम जुलूस में तैनात रहते हैं। जिले के वरीय प्रशासनिक पदाधिकारी लगातार जुलूस मार्ग का खुद निरीक्षण कर रहे हैं। शहर में भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया है। सीसीटीवी कैमरे के अलावे ड्रोन कैमरे से भी निगरानी रखी जा रही है।

# सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दूसरा घायल

## तीन घंटे रहा सड़क जाम

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** कोडरमा थाना अंतर्गत राजेंद्र चौक के पास मंगलवार की सुबह लगभग 7 बजे ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान सेवानिवृत्त रेलकर्मी दुर्गा उर्फ दुर्गी पासवान (उम्र लगभग 60 वर्ष, ग्राम बरसोतियाबार) के रूप में हुई। वहीं घायल की पहचान रतन कुमार पांडेय (उम्र 16 वर्ष) पिता परमानंद पांडेय, ग्राम बेकोबार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार अपनी बाइक से दो लोग सवार होक पूजा करने कोडरमा जा रहे थे। राजेंद्र चौक के समीप ट्रक बीआर 01जीबी 3100 की चपेट में आने से बाइक सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गय्या। घायल को 108 की मदद से सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज चल रहा है। वहीं घटना के बाद शव को राजेंद्र चौक के पास ही रखकर कोडरमा गिरिडीह मुख मार्ग जाम कर दिया गया। मौके पर कोडरमा सीओ हलदर प्रसाद सेठी और कोडरमा थाना प्रभारी अरविंद कुमार पहुंच कर ग्रामीणों के साथ वार्ता करके अंतिम संस्कार के लिए कुछ राशि दिया गया। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी लाभ मिलेगा।

# रामनवमी में सामाजिक संगठनों की भूमिका

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग की परम्परागत अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त रामनवमी को शांति सौहार्द सर्वे धर्म समभाव के साथ मनाने में सामाजिक संगठनों की महत्वपूर्ण भूमिका निभायी जाती है। जैसे-जैसे रामनवमी का स्वरूप बढ़ता गया इसकी भव्यता को नियंत्रित करने के लिए अनेक सामाजिक संगठनों ने अपनी-अपनी भूमिका सुनिश्चित करना प्रारंभ कर देते इसकी ख्याति को देश दुनिया में पहचान दिलाने में इनकी भूमिका से इंकार नहीं किया जा सकता है।

रामनवमी संरक्षण समिति के संरक्षक प्रशांत प्रधान बताते हैं कि समिति का मुख्य उद्देश्य रामनवमी के त्योहार को सुरक्षित और शांतिपूर्ण तरीके से मनाना, रामनवमी के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रमों और शोभायात्राओं की व्यवस्था और सुरक्षा का ध्यान रखना है। विजय शंखनाद संस्था हजारीबाग की रामनवमी में



महत्वपूर्ण योगदान देती है। यह संस्था रामनवमी के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों और गतिविधियों का आयोजन करती है, जिनमें संस्था रामनवमी के दौरान शंखनाद कार्यक्रम का आयोजन करती है। विजय शंखनाद संस्था सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करती है, जिनमें संगीत, नृत्य, और अन्य सांस्कृतिक गतिविधियां शामिल होती हैं। वहीं दूसरी तरफ सद्भावना विकास मंच वह सामाजिक संगठन है जो सद्भावना, एकता, और विकास को बढ़ावा देने के लिए काम करता है। यह मंच विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक, और आर्थिक गतिविधियों का आयोजन करता है ताकि रामनवमी में सद्भावना और एकता को बढ़ावा दिया जा सके। इस प्रकार के अनेकों संगठन रामनवमी में अपना योगदान देती है कहा जा सकता है कि सामाजिक संगठन रामनवमी के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे त्योहार के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं को व्यवस्थित करने में मदद करते हैं। इसी के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक हजारीबाग अरविंद कुमार सिंह ने विभिन्न सामाजिक संगठनों के साथ अहम बैठक कर इनसे सुझावों को लिया और परंपराओं को बनाये रखने में सहयोग की अपेक्षा की है समाजिक संगठनों के अधिकारीयों ने भी तन्मयता के साथ पूरी सहयोग का आश्वासन दिया है।

## संदिग्ध वाहनों पर पुलिस की नजर

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** रामनवमी महापर्व को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन एक्टिव मोड में है। पुलिस जहां शहर के हर गतिविधि पर नजर जमाये है वहीं ट्राफिक पुलिस भी अपने काम में बखूबी लगी है। ट्रैफिक पुलिस हजारीबाग शहर आने जाने वाली हर संदिग्ध वाहनों पर नजर रखे हुए है और जांच भी कर रही है। शहर के चौक चौराहों के साथ शहर के हर एंट्री प्वाइंट पर भी संदिग्ध वाहनों की जांच कर रही। यह जानने की कोशिश की जा रही कि उक्त वाहन कहां से आ रही और कहां जा रही है। साथ ही उस पर कौन बैठा है। इसके अलावा वाहनों के कागजात की भी जांच की जा रही है। यातायात प्रभारी श्रवण कुमार ने बताया कि रामनवमी को देखते हुए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत हम वैसे वाहनों पर विशेष नजर रखे हुए है जिस पर संदेह हो रहा, वैसे वाहनों की विशेष जांच भी की जा रही है। बताया कि मंगलवार सुबह कई स्थानों पर वाहनों की जांच की गयी है। इसी क्रम में एक संदिग्ध वाहन जो बाहरी नंबर की थी उसकी जांच की गयी है। लोगों से अपील करते हुए कहा कि घर से निकले तो गाड़ी के कागजात दुरुस्त कर लें।

## गोल्ड मेडल विजेता जिज्ञासु रंजन का भव्य स्वागत




**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय मिनी सब जूनियर तीरंदाजी प्रतियोगिता में बड़कागांव के शिक्षक देवेंद्र कुमार के पुत्र जिज्ञासु रंजन को गोल्ड मेडल जीतने पर बड़कागांव के लोगों ने बाजे गाजे के साथ भव्य स्वागत किया। इसका नेतृत्व मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार, महारामनवमी महासमिति के अध्यक्ष विवेक सोनी, आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाह ने किया। जिज्ञासु रंजन आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा स्थित गुंटूर में आयोजित तीरंदाजी प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता। जिज्ञासु रंजन को बड़कागांव में पहुंचने पर दादा जयनाथ महतो ,दादी लाखों देवी, पिता देवेंद्र कुमार, माता पिंकी देवी, चाचा दिवाकर नारायण कुशवाहा, बहन अनुष्का रंजन ने तिलक लगाकर स्वागत किया और मुंह मीठा कराया। इसके पहले जिज्ञासु रंजन ने काली मंदिर में पूजा अर्चना की। ग्रामीणों ने खिलाड़ी जिज्ञासु रंजन के साथ-साथ बड़कागांव तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र के कोच अमित कुमार और दुर्गेश कुमार को भी माला पहनकर बधाई दिया। उक्त खिलाड़ी को बुके और माला पहनाकर स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से उप प्रमुख वचनदेव कुमार, मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार, उप मुखिया सत्यदेव कुमार, रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष विवेक सोनी, आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाह, भास्कर नारायण, बैजनाथ महतो, लखन महतो, शिक्षक रामवृक्ष राम, सरोज मेहता, सत्येंद्र गुप्ता, शिक्षक राजू कुमार, दीपक महतो, पूर्व मुखिया विशुन रजक, वीरेंद्र महतो,दादा जय नाथ महतो, दादी लाखों देवी, पिता देवेंद्र कुमार, माता पिंकी देवी, चाचा शैलेश कुमार, दिवाकर नारायण ने स्वागत किया। इसके अलावे विधायक रोशन लाल चौधरी, पूर्व विधायक अंबा प्रसाद, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, हजारीबाग जिला के तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष आलोक कुमार, सचिव मनोज कुमार, आईलेक्स पब्लिक स्कूल के प्राचार्य दीपक कुमार, प्रमुख फुलवा देवी, जिला परिषद सदस्य यासमीन निशा, जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी ने बधाई दी है।

## बुर्जुग ने छह वर्षीय बच्ची के साथ किया दुष्कर्म का प्रयास

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** तिलैया थाना क्षेत्र के बेलाटाड़ हलवाई मोहल्ला में 60 साल के बुर्जुग ने 6 साल की एक बच्ची के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। घटना सोमवार देर शाम 7 बजे की बतायी गयी। मंगलवार को यह चर्चा आग की तरफ फैल गयी। घटना की चारों ओर बुजुर्ग नरेश यादव उर्फ बाबू यादव के इस घिनौना कृत्य की निंदा की जाने लगी। इधर लोक लाज के डर से बाबु यादव ने विषपान कर ली। आसपास में माहौल बिगड़ने की सूचना पर पुलिस ने तत्काल आरोपी को गिरफ्तार कर प्राथमिक उपचार के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। जहां से उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची रेफर कर दिया गया। बच्ची के परिजनों के मुताबिक उनकी दोनों बच्ची क्रमशः 6 और 4 वर्ष की बीती शाम दूध लाने के लिए बाबू यादव के घर गयी थी। उसी क्रम में बाबू यादव ने शाम का फायदा उठाते हुए 6 वर्षीय बच्ची को अपने रूम में ले गया। जहां बहला फुसलाकर बच्ची के साथ गलत हड़कत कर रहा था। इधर बच्चियों के काफी देर तक घर नहीं लौटने पर मां ने खोज बिन करते हुए खटाल पहुंचा। जहां बाहर खड़ी उसकी छोटी बच्ची अपने सारा वाक्या बताया। बच्ची की मां ने देर किये बिना बाबूलाल के घर के अंदर गया तो वहां का दृश्य देखकर वह हैरान हो गया। उसने जो देखा उसकी वह कल्पना भी नहीं की थी। वह किसी तरह अपनी बच्ची को वहां से लेकर बाहर मोहल्ले के लोगों को इस कुकृत्य घटना की जानकारी दी। फिलहाल पुलिस मामले को लेकर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

## पुलिस ड्रोन से कर रही जुलूस मार्ग का निरीक्षण

**इचाक (आजाद सिपाही)।** रामनवमी को लेकर इचाक पुलिस पूरे एक्टिव मोड में है। लगातार जुलूस मार्ग का निरीक्षण कर रही है। इसी क्रम में मंगलवार को इचाक थाना क्षेत्र के डुमरौन, इचाक मोड़, इचाक बाजार समेत अन्य संवेदनशील इलाकों और अन्य जुलुश मार्गों पर ड्रोन कैमरों से छतों की जांच की। सहायक पुलिस अधीक्षक सह थाना प्रभारी श्रुति ने कहा की पुलिस अलर्ट मोड़ में है। पुलिस बल लगातार गश्त कर रही है और जुलूस रूटों सहित चौक-चौराहों पर सुरक्षा व्यवस्था की विशेष व्यवस्था किया गया है। ड्रोन कैमरों से छतों और गलियों की जांच की जा रही है। साथ ही बताया कि पर्व के मद्देनजर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। पर्व को शांति पूर्वक कराने के लिए पुलिस पूरी तरह तैयार है। निगरानी के दौरान छत पर रखे ईट, पत्थरों को हटाने का हिदायत घर और दुकान मालिकों को दिया गया है। पर्व के दौरान पुनः छत पर अगर ईट पत्थर पाये जाते तो उस पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

# बनासो में पांच दिवसीय हनुमत महायज्ञ शुरू

**1 अप्रैल से 5 अप्रैल तक चलने वाले महायज्ञ की शुरुआत कोनारडैम से कलश में जल भरकर किया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**विष्णुगढ़।** प्रखंड के बनासो में 1 अप्रैल से 5 अप्रैल तक चलने वाले हनुमत महायज्ञ की शुरुआत कोनारडैम से सैकड़ों महिलाओं द्वारा कलश में जल भरकर यज्ञ मंडप प्रवेश किया गया। तत्पश्चात पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश, वैदिक पूजन स्तंभ पूजनादि संध्या महाआरती की गयी। महायज्ञ 5 दिनों तक चलेगी जिसमें प्रत्येक दिन संगीत मय प्रवचन संध्या 7:00 बजे से रात्रि 10:30 बजे तक मंजूलता शास्त्री देवघर के द्वारा किया जायेगा और वृंदावन से



आए कलाकारों द्वारा 10:00 बजे रात्रि के बाद रासलीला किया जायेगा। यज्ञ में हवन और पूजन अग्नि प्रज्वलन कार्यक्रम आचार्य वीरेंद्र शास्त्री, आचार्य पुरेंद्र पांडेय, बटेश्वर मिश्र, अमन पांडे, सत्यम पांडेय, अभिषेक पांडेय सहित११ विद्वान ब्राह्मणों द्वारा विधिपूर्वक किया जायेगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रयाग पासवान, रामेश्वर पासवान, दामोदर रविदास, नरेश पासवान,भागीरथ पासवान, संतोष पासवान, हीरालाल पासवान, छेदी पासवान, राजन पासवान, बैजनाथ रविदास, चंद्र रविदास, मिट्ठू रविदास, जय नाथ यादव, निर्मल रविदास, रामचंद्र पासवान, सुमिंद्र पासवान, सहित अन्य धर्म प्रेमी यज्ञ को सफल बनाने में लगे हुए हैं।

## ज्योति कलश यात्रा के स्वागत की तैयारी को लेकर बैठक



**इचाक (आजाद सिपाही)।** अखिल विश्व गायत्री महापरिवार की इचाक इकाई की एक बैठक प्रखंड समन्वयक प्रोफेसर राजेंद्र यादव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रखंड के कई मुखिया उपस्थित हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य शांतिकुंज हरिद्वार से चलकर इचाक की पावन धरती पर 1926 से अनवरत जल रही ज्योति के स्वरूप ज्योति कलश यात्रा आ रहा है उसका स्वागत कैसे किया जाये। इस अलौकिक रथ का मुख्य उद्देश्य घर-घर में अखंड ज्ञान को ज्ञान का जो प्रतीक यज्ञ और गायत्री है उसको प्रतिष्ठित करना और मानव में देवत्व का उत्थान कर धरती को स्वर्ग बनाना है। बैठक में शांतिकुंज प्रतिनिधि के तौर पर मुख्य ट्रस्टी ब्रजकिशोर विश्वकर्मा, जिला समन्वयक केशवानंद, ब्रजकिशोर सिन्हा और मनोज कुमार राणा उपस्थित थे। मौके पर मुखिया सकेंद्र प्रसाद मेहता, अशोक कुमार, उमेश मेहता, अशोक कपरदार, राकेश कुमार, सिकंदर राम, श्रीकांत मेहता, नंदकिशोर कुमार आदि उपस्थित थे।

## सरहुल की शोभा यात्रा की झांकी में दिखी 1932 खतियान की मांग



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग में सरहुल पर्व की धूम मंगलवार को सुबह से देखने को मिली। आदिवासी समाज परंपरागत वेशभूषा के साथ शोभा यात्रा में शामिल हुए। शोभायात्रा में शामिल लोग पारंपरिक तरीकों से ढोल नगाड़े और मांदर की थाप पर नाचते दिखे। आदिवासी समाज के लोकगीत भी शोभायात्रा के दौरान सुनने को मिला। इस दौरान 1932 खतियान लागू करने का मांग की झांकी जुलूस के दौरान देखने को मिला। आदिवासी समाज ने सांकेतिक रूप से सरकार 1932 खतियान लागू करने की मांग की है। शोभा यात्रा के दौरान भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था का भी पुख्ता इंतजाम किया गया।

## बड़कागांव में अंबेडकर जयंती मनाने का निर्णय



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव के अंबेडकर मोहल्ला के सभागार भवन में रविदास महासभा की बैठक हुई इसकी अध्यक्षता नगर अध्यक्ष रामेश्वर राम ने किया। बैठक में शैक्षणिक और सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की गयी। बैठक में मुख्य रूप से निर्णय लिया गया की 14 अप्रैल को भारत रत्न संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनायी जायेगी। मौके पर पूर्व पंचायत समिति सदस्य राजीव रंजन, संजय रवि, नरेंद्र कुमार राम, सुकेश कुमार, राजूराम दीपक, राम किशोर, कुमार मेहरा, लाल धारी राम, सरजू राम, सूरज राम, आकाश कुमार आदि उपस्थित थे।

# कोडरमा में धूमधाम से मना सरहुल पर्व



**विधायक डॉ नीरा यादव भी सरहुल महोत्सव में शामिल हुईं और महिलाओं के पारंपरिक नृत्य में हिस्सा लिया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** आदिवासियों का सबसे महत्वपूर्ण त्योहार सरहुल मंगलवार को भक्ति और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान विधायक डॉ नीरा यादव भी सरहुल महोत्सव में शामिल हुईं और महिलाओं के पारंपरिक नृत्य में हिस्सा लिया। उन्होंने लोगों को प्रकृति पर्व सरहुल की बधाई दी और धरती माता से सबों के कल्याण की कामना की। कोडरमा के मारियमपुर में आदिवासी संघ के अध्यक्ष पवन माइकल कुजूर की अध्यक्षता में सरहुल महोत्सव का आयोजन किया गया। माइकल कुजूर ने कहा कि सरहुल का त्योहार प्रकृति के उपासना के प्रतीक है। सरहुल महोत्सव में तिलैया बस्ती, झरना कुंड, नलवा, ढोढाकोला, अबनतरी, बेंदी, भीतिया आदि सुदूरवर्ती क्षेत्रों से आये आदिवासी समाज के युवक युवतियों ने पारंपरिक परिधान धारण कर मांदर की थाप पर जमकर आकर्षक नृत्य किया। इसके पूर्व सरना स्थल पर पाहन के नेतृत्व में पूजा-अर्चना की गयी। मौके पर कृष्णा बलमुचू, हिरामन उरांव, नंदू उरांव, प्रमोद किंडो, जीवन टोप्पो, दीपक मुंडा, राजीव, रूपेश मुना, फ्रांसिस समेत दूर दराज से आये आदिवासी समुदाय के लोग मौजूद थे।

## सरहुल हम आदिवासियों का ही पहचान है: गीता देवी



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के अंतर्गत सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र इंद्रा गांव में पहली बार पूर्वी जिला परिषद सदस्य गीता देवी और जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि दीपक करमाली के नेतृत्व में आयोजित किया गया। मौके पूर्वी जिला परिषद सदस्य गीता देवी ने कही कि सरहुल हम आदिवासियों का ही पहचान है जल, जंगल और जमीन जिससे हम जाने जाते हैं। बड़कागांव प्रमुख फुलवा देवी ने कहा कि पूरे झारखंड में आज प्राकृतिक पर्व सरहुल मनाया जा रहा है। अगर यह प्राकृतिक ही नहीं रहेगा तो हमलोग का जीवन ही नहीं बचेगा। वहीं पूर्वी जिला परिषद प्रतिनिधि दीपक करमाली ने कहा की हम अपने पूर्वजों के द्वारा बचाये गये जल जंगल जमीन को बचाये रखने का प्रयास कर रहे है, ओर हम आदिवासियों को अपनी रीति रिवाज को बचाये रखना है। मौके पर मुख्य रूप से पाहन रविन्द्र करमाली, फुलवा देवी, गीता देवी, सबिता देवी, सोनी देवी, नीतू देवी, संगीता देवी, सुनीता देवी, धनेश्वर करमाली, प्रकाश करमाली, विजय करमाली, विक्की करमाली, सनी करमाली, मनोज करमाली, राहुल करमाली, जुगल करमाली, शक्ति करमाली, राजू करमाली, सुरेंद्र करमाली, किशुन करमाली, रामचरण राम, किशोर करमाली, बबलू करमाली, रूपेश करमाली और दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## बटुका खपिया में धूमधाम से मना सरहुल



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सुदूरवर्ती बुंडू पंचायत स्थित बटुका खपिया में सरहुल पूजा बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पाहन विमोहन गंझू के द्वारा झखरा यानि सरना स्थल पर आज रात को ही घड़ा में पानी भर कर रखा गया था। सुबह में जब पहान के द्वारा घड़ा में पानी देखा गया तो घड़ा में पानी लबालब भरा था लोगों का मानना है कि यदि घड़ा पानी से लबालब भरा रहे तो इससे पता चलता है कि इस बार मानसून अच्छा होगा। पहान के द्वारा पूरे विधि विधान से सरना स्थल पर पूजा-अर्चना करने के बाद वहां से पहान को ग्रामीणों ने गाजे-बाजे के साथ सरना स्थल से लाया गया। उसके बाद मंडाटांड़ में मेला में परिवर्तित हो गया। बटुका खपिया के युवक युवतियां ढोल और मांदर के थाप पर थिरक उठे। पूरा बटुका खपिया सरहुल मय हो गया। पूजा को सफल बनाने मुख्यरूप से पूर्व पंचायत समिति बुंडू मोहन कुमार, पहान वीर मोहन गंझू, बालेश्वर महतो, पूर्व मुखिया बैजनाथ महतो, पूजा समिति के अध्यक्ष मनेश उरांव, सचिव मुकेश उरांव, कोषाध्यक्ष चैता उरांव, संयोजक विनोद उरांव, वीरेंद्र उरांव, दीपक साहू, उपेंद्र यादव, उदयनाथ महतो, राजमणि तिर्की, रामचंद्र उरांव सहित कई लोगों का योगदान रहा।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 02 अप्रैल, 2025
www.azadsipahi.in
06

# फिर टकराव की राह पर नेपाल

नेपाल में एक बड़ी आबादी का दो दशक के भीतर ही गणतांत्रिक व्यवस्था से मोहभंग होना बताता है कि इन लोगों की उम्मीदें किस तरह टूट चुकी हैं। वहां राजशाही को वापस लाने की मांग हो रही है। चिंताजनक बात यह है कि गणतंत्र और राजशाही समर्थक आमने-सामने हैं और इसका खामियाजा पूरे देश को हिंसा व अस्थिरता के रूप में भुगतना पड़ रहा है।

**गंभीर स्थिति :** नेपाल में इस समय विभाजन साफ तौर पर देखा जा सकता है। एक तरफ तमाम लोकतंत्र समर्थक दल हैं और दूसरी तरफ राजशाही समर्थक राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी। 2008 में जब व्यापक जन आंदोलन के बाद संविधान सभा का गठन किया गया और राजा के शासन का अंत हुआ, उसके बाद से राजशाही समर्थक कभी इतने मजबूत और आक्रामक नहीं रहे। बीते शुक्रवार को जिस तरह राजधानी काठमांडू में विरोध-प्रदर्शन हिंसक हो उठा और उसमें जानें गयी, वह स्थिति की गंभीरता को दिखाता है।

**राजा की सक्रियता :** नेपाल के पूर्व राजा ज्ञानेंद्र बीर बिक्रम शाह ने हाल के वक्त में अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। इसके पहले तक वह सार्वजनिक रूप से बहुत कम दिखा करते थे, लेकिन 9 मार्च को जब वह पोखरा से काठमांडू पहुंचे, तो उनके स्वागत में हजारों की भीड़ इकट्ठा हो गयी। इसके बाद भी वह कुछ मौकों पर जनता के बीच आये और लोगों ने उन्हें सपोर्ट किया। यह सब न तो अनायास लगता है और न ही इसे सामान्य माना जा सकता है।

**नेपाल की जनता का गुस्सा भ्रष्टाचार को लेकर भी है। कोई भी ऐसी पार्टी नहीं रही, जिसे करप्शन के आरोपों का सामना न करना पड़ा हो। इसी दौरान, नेपाल की इकोनॉमी लगातार डांवाडोल होती चली गयी।**

**राजनीतिक अस्थिरता :** नेपाल की जनता को क्यों फिर से अपने पूर्व राजा में उम्मीद दिखने लगी है? इसका जवाब है राजनीतिक दलों की विफलता। गणतंत्र लागू होने के बाद से यह देश 13 प्रधानमंत्री देख चुका है। किसी ने भी अपना कार्यकाल पूरा नहीं किया और गठबंधन की राजनीति ने कभी देश को स्थिरता नहीं दी।

**भ्रष्टाचार के आरोप :** नेपाल की जनता का गुस्सा भ्रष्टाचार को लेकर भी है। कोई भी ऐसी पार्टी नहीं रही, जिसे करप्शन के आरोपों का सामना न करना पड़ा हो। इसी दौरान, नेपाल की इकोनॉमी लगातार डांवाडोल होती चली गयी। वर्ल्ड बैंक की 2024 की रिपोर्ट कहती है कि सरकार का बजट सही तरीके से खर्च नहीं हो पा रहा है, और यह समस्या 2018 से चली आ रही है। टैक्स कम मिल रहा है और विकास कार्यों पर खर्च बहुत धीमा है। वित्तीय वर्ष 24 में सुधार के बावजूद जीडीपी ग्रोथ 3.9 है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि देश लोकतंत्र का रास्ता छोड़ दे।

अभिमत
आजाद सिपाही

**कई बार लगता है, हमारे यहां जो विवाह की प्रथा है, वह कुल मिला कर स्त्री के परिवार के जीवन भर के शोषण से जुड़ी है। आखिर यूं ही तो भारत में विवाह का बाजार अरबों-खरबों का नहीं है। चलिए शुरुआत करते हैं विवाह से। देखने और लड़के-लड़की पसंद आ जाने के बाद पक्की या रोका की रस्म होती है। इसमें खूब खान-पान, पैसों, मिठाई, कपड़ों आदि का लेन-देन किया जाता है। फिर लगन, मेहंदी, हल्दी।**

# महिला सशक्तिकरण और दहेज का दानव

क्षमा शर्मा



न जाने क्यों दहेज को सिर्फ नकदी मान लिया गया है। जबकि एक लड़की के विवाह का मतलब होता है, जीवन भर किसी न किसी रूप में दहेज देना। कई बार लोग दहेज न लेने की कसमें खाते हैं, बहुत से लोग ऐसा करते देखे भी जाते हैं, मगर समाज के बहुसंख्य तबके में कोई हलचल सुनायी-दिखायी नहीं देती।

पिछले दिनों दुर्भाग्य से एक हफ्ते के भीतर 3 निकट परिजनों की मृत्यु हुई- दो दिल्ली में और एक आगरा में। शोक से भरे माहौल में एक बात हर जगह समान दिखायी दी। अंतिम संस्कार के बाद जब सब लोग लौटते हैं, तो उनके भोजन का इंतजाम उस घर की स्त्री के परिवार वालों को करना पड़ता है। यदि पति की मृत्यु हुई है, तो पत्नी के मायके वाले, यदि किसी के बेटे की मृत्यु हुई है, तो बहू के मायके वाले। यदि किसी स्त्री की मृत्यु हुई है, तब भी भोजन का इंतजाम स्त्री के परिवार वालों को ही करना पड़ेगा।

ऐसा क्यों, पूछने पर बताया गया कि जिस परिवार में ऐसी दुखद घटना हुई है, वहां तो शोक है। इसलिए यह रिवाज है। यह कैसा रिवाज है? क्या उसके मायके वाले अपनी बेटी, बहन आदि के जाने से दुखी नहीं होंगे? उन पर शोक का पहाड़ नहीं टूटा होगा? मगर उनके दुखों से किसी को क्या लेना-देना। स्त्री का जाना भी कोई जाना होता है।

कई बार लगता है, हमारे यहां जो विवाह की प्रथा है, वह कुल मिला कर स्त्री के परिवार के जीवन भर के शोषण से जुड़ी है। आखिर यूं ही तो भारत में विवाह का बाजार अरबों-खरबों का नहीं है। चलिए शुरुआत करते हैं विवाह से। देखने और लड़के-लड़की पसंद आ जाने के बाद पक्की या रोका की रस्म होती है। इसमें खूब खान-पान, पैसों, मिठाई, कपड़ों आदि का लेन-देन किया जाता है। फिर लगन, मेहंदी, हल्दी। पहले मेहंदी, हल्दी घर में ही लग जाती थीं, लेकिन अब इसके लिए बाहर कोई अच्छा स्थान तलाशना पड़ता है। इन आयोजनों में भी खाने-पीने का दौर चलता है। अब आती है शादी की बात। जब से अपने यहां ब्रांड का प्रवेश हुआ है, तब से न केवल लड़के वालों को, लड़की की तरफ के रिश्तेदारों को भी भेंट में मशहूर ब्रांड्स के कपड़े उपहार आदि ही चाहिए। शादी भी किसी महंगे होटल, बैंक्वेट हाल या फार्म हाऊस में होनी चाहिए, जितने अधिक व्यंजन, उतनी ही अच्छी शादी। फिर जेवर, कपड़े, नकदी की बात हुई हो तो वह भी। फेरे से पहले लड़के वाले किसी मांग पर अड़ गये, तो वह भी पूरी करनी पड़ती है।

**जब तक इन तथाकथित परंपराओं और रीति-रिवाजों से मुक्त नहीं होते, स्त्री सशक्तिकरण के बारे में बातें करना बेमानी है।**

दशकों पहले लड़की के लिए गहने, कपड़े ससुराल की तरफ से आते थे, लेकिन अब तो न केवल लड़की के लिए बल्कि उसके ससुराल के तमाम रिश्तेदारों के लिए गहने-कपड़े देने पड़ते हैं। कई बार बड़ी कार, हनीमून के लिए वर्ल्ड टूर के टिकटों की मांग भी की जाती है। जिस पर भी लड़की को ससुराल में कुछ सुनना नहीं पड़ेगा, इसकी कोई गारंटी नहीं। जितनी बार लड़की विदा होकर ससुराल जाती है, दामादजी उसे लेने आते हैं, उतनी ही बार उनकी जम कर खातिरदारी करनी पड़ती है। उपहार देने पड़ते हैं। साल भर के त्योहारों पर मिठाई, कपड़े और लड़के वालों के यहां चलने वाले रिवाजों के अनुसार सामान भेजना पड़ता है। शादी की वर्षगांठ हो तो भी उपहारों में कमी नहीं आनी चाहिए। अब चलिए इस दंपति के बच्चा हुआ। बहुत-सी जगह पर तो बच्चे के जन्म के लिए लड़की को उसके मायके ही भेज दिया जाता है। फिर से तरह-तरह के उपहार, गहने, कपड़े, मिठाई और भी न जाने क्या-क्या। इसे हमारी तरफ छोछक कहते हैं। फिर बीच-बीच में ये मांगें भी कि अब घर खरीदना है, तो पैसे चाहिए। बच्चों को किसी अच्छे स्कूल में एडमिशन कराना है, पति को कोई नया काम शुरू करना है, तो पैसे की जरूरत।

विवाह को कई दशक बीत गये। अब बच्चों के विवाह का अवसर आया तो मां के घर वालों के यहां से भात आयेगा। इसमें भी सारे रिश्तेदारों के लिए कपड़े, मिठाई, गहने, फल, नकदी आदि लानी पड़ती है। मान लीजिए दो बच्चे, तो दोनों के विवाह अवसर पर। तीन-चार तो उनके भी। अब तो शादी के 25 और 50 साल मनाने का रिवाज भी चल पड़ा है। इसमें भी बहुत कुछ देना पड़ता है। यहां तक कि किसी भजन संध्या का आयोजन हो, जागरण हो तब भी बोझ स्त्री के घर वालों के सिर आता है। उम्र बीतने के साथ जीवन के अंतिम पड़ाव की तरफ बढ़ते हैं। पति की मृत्यु हुई तो खाना आदि खिलाने की जिम्मेदारी स्त्री के परिवार की। पगड़ी रस्म आदि पर भी सब तरह की भेंट। और स्त्री की मृत्यु हुई तब भी। ये सब बातें देख कर क्या हमें जरा सा भी संकोच नहीं होता। विवाह लड़की और उसके परिवार के लिए इतनी आफत क्यों है। लाख दहेज निरोधी कानून बना लीजिए, रिवाज के नाम पर तरह-तरह से लड़की वालों को लूटना हमारे समाज की सच्चाई है। अफसोस यह है कि लड़कियां चाहे जितनी पढ़- लिख गयी हैं, आत्मनिर्भर बन रही हैं, लेकिन शादी की इन परंपराओं, रिवाजों से उन्हें आसानी से छुटकारा नहीं मिलता।

न जाने क्यों दहेज को सिर्फ नकदी मान लिया गया है। जबकि एक लड़की के विवाह का मतलब होता है, जीवन भर किसी न किसी रूप में दहेज देना। कई बार लोग दहेज न लेने की कसमें खाते हैं, बहुत से लोग ऐसा करते देखे भी जाते हैं, मगर समाज के बहुसंख्य तबके में कोई हलचल सुनाई-दिखाई नहीं देती। आखिर शादी किसी स्त्री और उसके परिवार वालों के सिर पर पड़ी इतनी आफत क्यों है? जन्म से पहले ही लड़कियों से छुटकारा पाने के गंभीर अपराध इन्हीं कारणों से किये जाते हैं। जब तक इन तथाकथित परंपराओं और रीति-रिवाजों से मुक्त नहीं होते, स्त्री सशक्तिकरण के बारे में बातें करना बेमानी है।

## कोल्हान की खबरें

# सरहुल पर्व प्रकृति से गहरे संबंध को दर्शाता है : अर्जुन मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर /पोटका।** पोटका विधान सभा क्षेत्र के हरिना गांव में आदिवासी समाज के द्वारा सरहुल पर्व हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। मंगलवार को पर्व के दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा शामिल हुए।मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री का आदिवासी परंपरा के अनुसार भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर श्री मुंडा ने जाहेर स्थान में नाइके बाबा व स्थानीय ग्रामीणों के साथ पूजा-अर्चना कर राज्य एवं देश की समृद्धि और खुशहाली के लिए कामना की। पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने सरहुल पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा सरहुल पर्व प्रकृति से गहरे संबंध को दर्शाता है। हमारे अस्तित्व का आधार प्रकृति है। इस पर्व के माध्यम से हम पेड़-पौधों और पर्यावरण के प्रति अपनी आस्था और कृतज्ञता प्रकट करते हैं। श्री मुंडा ने सरहुल पर्व के पावन अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग उपस्थित रहे। सभी ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पर्व को मनाया।मौके पर सैकड़ो स्थानीय निवासियों और श्रद्धालुओं ने पूर्व केंद्रीय मंत्री के आगमन पर हर्ष व्यक्त की। सभी ने एक साथ सरहुल पर्व हर्ष उल्लास के साथ मनाया।

# समीर मोहंती ने तालाब का किया शिलान्यास



आजाद सिपाही संवाददाता

**बहरागोड़ा।** झारखंड सरकार के कृषि,पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा बहरागोड़ा प्रखंड के पुरानापानी पंचायत अंतर्गत करकट्टा गांव में स्थानीय विधायक समीर कुमार मोहंती की अनुशंसा पर तालाब जिर्णोद्धार कार्य की स्वीकृति मिली। मंगलवार को स्थानीय विधायक समीर कुमार मोहंती ने नारियल फोड़कर तालाब जिर्णोद्धार कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। इस अवसर पर विधायक समीर कुमार मोहंती ने कहा कि चुनाव के दौरान जो भी वादे किये थे उसे एक-एक कर पूरा की जारही हैं। सभी गांव का विकास प्राथमिकता है। तालाब का जिर्णोद्धार से क्षेत्र के किसानों व ग्रामीणों को जल संरक्षण का लाभ मिलेगा। मौके पर उपस्तित ग्रामीणों ने तालाब जिर्णोद्धार योजना के लिए हेमंत सरकार और स्थानीय विधायक के प्रति आभार व्यक्त की। ग्रामीणों ने कहा इस योजना से जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा और ग्रामीणों की जरूरतें पूरी होंगी।

# सरहुल महोत्सव प्रकृति की आराधना और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक : काले

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** शहर के पुराना सीतारामडेरा में भव्य सरहुल महोत्सव का आयोजन किया गया।मंगलवार को आदिवासी मुंडा समाज केंद्रीय समिति, केन्द्रीय सरहुल पूजा समिति, उरांव समाज एवं आदिवासी हो समाज के तत्वावधान में आयोजित सरहुल महोत्सव में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले शामिल हुए। श्री काले ने पारंपरिक नृत्य, गीत-संगीत और पूजा-अर्चना में शामिल होकर प्रकृति और समाज के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। मौके पर हजारों की संख्या में उपस्थित समाज के महिला व पुरुष ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ सरहुल पर्व में भाग लिया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने कहा सरहुल प्रकृति की आराधना और राज्य के सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक है। यह पर्व हमें प्रकृति से जुड़े रहने और सामाजिक एकता को मजबूत करने का संदेश देती है। उन्होंने कहा सरहुल हमारी परंपराओं और आदिवासी संस्कृति के गौरवशाली उत्सव है।इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ नेता, बुद्धिजीवी एवं युवा बड़ी संख्या में शामिल हुए। आयोजन समिति ने सभी अतिथियों का हार्दिक स्वागत एवं आभार व्यक्त की। साथ ही समाज की एकजुटता व समृद्धि के लिए कामना की।

### डायन-बिसाही के नाम पर वृद्धा की हत्या का मामला

# पुलिस ने दो युवकों को पकड़ा



आजाद सिपाही संवाददाता

**गम्हरिया।** बीते दिनों गम्हरिया थाना अंतर्गत यशपुर रेलवे फाटक के पास एक अज्ञात महिला की शव बरामद होने की मामले को पुलिस ने गंभीरता से लिया। एसपी मुकेश कुमार लुणायत के निर्देश पर एसडीपीओ समीर सवैया के नेतृत्व में एसआईटी टीम का गठित की गयी। टीम ने जांच में मृतका की पहचान नारायणपुर निवासी 65 वर्षीय भवानी कैवर्त के रूप में की। जानकारी मिलने पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पोते लक्ष्मण कैवर्त व उसके सहयोगी चंदन कैवर्त को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में जानकारी मिली पोते को शक था दादी डायन-बीसाही का जादू करती थी। जिससे उसकी तबीयत खराब रहता था। इसी शक में उसने दोस्त के साथ मिलकर हत्या कर शव को रेलवे पटरी पर फेंक दिया था। छापेमारी दल में एसडीपीओ के साथ गम्हरिया थाना प्रभारी कुणाल कुमार सहित कई पुलिसकर्मी और सशस्त्र बल शामिल रहे।

# राहरगोड़ा में हर्षोल्लास के साथ की गयी मां मंगला पूजा, भक्तों का लगा रहा तांता

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राहरगोड़ा में माँ मंगला पूजा का भव्य आयोजन किया गया। मंगलवार को पुजारी राखाल मुखी के नेतृत्व में आयोजित मंगला पूजा में दूर दराज से आए सैकड़ों श्रद्धालुओं ने श्रद्धा भाव से शामिल हुए। सभी को मां मंगला की कृपा प्राप्त हुई।

इस अवसर पर सामाजिक सेवा संघ के अध्यक्ष सह झामुमो नेता राजेश सामंत ने सेवा भाव से सैकड़ों श्रद्धालुओं के बीच शरबत का वितरण किया। मौके पर पुजारी राखाल मुखी ने बताया पूजा की खास मान्यता के अनुसार उपवास रखने वाले श्रद्धालुओं के बीच मां मंगला की सवारी होती है। वे ढोल-बाजे की धुन पर झूमने लगते हैं। उस दौरान भक्तों ने भक्ति भाव से पूजा-अर्चना कर मां मंगला की आशीर्वाद प्राप्त करते है।

वहीं जिन भक्तों की मन्नतें पूर्व में पूरी हुई थीं, उन्होंने बकरा, बतख और मुर्गे की बलि चढ़ाकर मां मंगला को धन्यवाद अर्पित करते है। इस सफल आयोजन के दौरान सामाजिक सेवा संघ के अध्यक्ष सह झामुमो नेता राजेश सामंत, पूजा के आयोजक राखाल मुखी, प्रसनो मुखी, छोटे सरदार, शक्ति मुखी, चुटकी मुखी, सोनू श्रीवास्तव, शेखर, बलबीर मंडल, सौरभ, राहुल, विश्वनाथ सामंत, पिंकी सिंह, अजय सामंत और अमन सामंत सहित कई अन्य भक्तों ने अहम भूमिका निभाये। पूजा में उमड़े भक्तों के उत्साह और आस्था ने आयोजन को भव्य और दिव्य बना दिया।

# पूर्व सीएम रघुवर दास ने सरहुल पर की पूजा-अर्चना



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** झारखंड के पूर्व सीएम रघुवर दास ने सरहुल पर्व के अवसर पर जमशेदपुर के विभिन्न सरना स्थलों पर पारंपरिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर राज्यवासियों के लिए सुख-समृद्धि की कामना की। मंगलवार को पूर्व सीएम ने पुराना सीतारामडेरा और बिरसानगर जोन नंबर 6 में सरहुल पूजा में भाग लिया और समाज के लोगों संग पर्व को श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया।शाम को भालूबासा चौक में सरहुल शोभायात्रा का स्वागत करते हुए उन्होंने समाज के प्रमुख लोगों से मुलाकात कर पर्व की शुभकामनाएं दीं।

## रंका में टाटा इंडिकैश एटीएम का शुभारंभ

रंका (आजाद सिपाही)। रंका प्रखंड मुख्यालय स्थित चेकनाका-सलेया रोड डेंटल क्लिनिक के पास नितिश कुमार दुबे (कंचनपुर) के घर में टाटा इंडिकैश एटीएम का शुभारंभ किया गया है। इसके संबंध में सतीश कुमार दुबे ने आजाद सिपाही को बताया कि यह एटीएम जनता की सुविधा के लिए खोला गया है। जिसमें बैलेंस इंक्वायरी, कैश विड्रॉल निकासी एवं मिनी स्टेटमेंट की निः शुल्क सेवा उपलब्ध है। इसमें किसी प्रकार का सेवा शुल्क नहीं लिया जाता है। उन्होंने ग्रामीण जनता से भीड़ से बचने और लाभ उठाने की अपील की है।

## बाइक से व्यक्ति की मौत

मेराल (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के हासनदाग से करकोमा नहर की तरफ जाने के क्रम में अनबैलेंस होकर मोटरसाइकिल से गिरने से गंभीर रूप से घायल अधेड़ की मौत रांची के गुरु नानक अस्पताल में इलाज के दौरान हो गयी। लोगों ने कहा कि शिव मूरत चौधरी सरल एवं मृदु भाषी थे। उनका असमय चला जाना गांव समाज के लिए अपूरणीय क्षति है।

### गढ़वा जिला स्थापना दिवस पर एसडीएम ने संगोष्ठी का आयोजन किया

# गढ़वा जिला बनने के साक्षी रहे लोगों ने सुनाये संस्मरण

### जिले के प्रबुद्ध लोगों ने 'सपनों का गढ़वा' विषय पर रखे सुझाव

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** मंगलवार को सदर अनुमंडल कार्यालय सभा कक्ष में गढ़वा जिला के स्थापना दिवस के अवसर पर 'सपनों का गढ़वा' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिले के प्रबुद्ध लोगों ने गढ़वा जिले के बनने के संस्मरणों एवं अब तक के परिवर्तनों को लेकर अपने विचार रखे। साथ ही उनकी नजर में गढ़वा में अभी क्या-क्या किया जाना बाकी है इस विषय को लेकर उनके क्या सपने हैं, इस पर भी विचार रखे गये। संगोष्ठी की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने की।

संगोष्ठी में शहर के वरिष्ठ नागरिक सह समाजसेवी डॉ मुरली श्याम गुप्ता ने कहा कि वे ढिबरी युग में पैदा हुए थे। तब लैंपपोस्ट होते थे, पर ब्लॉक, डिवीजन और बाद में जिला बनने पर उत्तरोत्तर विकास हुआ। इस दौरान लोगों ने बहुत बदलाव देखा है, लेकिन आज भी गढ़वा जिला को ट्रैफिक जिला न बनाए जाने को लेकर पीड़ा है। समाजसेवी डॉक्टर यासीन अंसारी ने कहा कि जब गढ़वा जिला बना तब वे सत्ताधारी पार्टी के जिला अध्यक्ष हुआ करते थे, जिला बनने से पूर्व गढ़वा में 90% से अधिक खपरैल के मकान होते थे, आज 2% से भी कम कच्चे मकान बचे हैं। गढ़वा तरक्की कर रहा है, यह तरक्की जारी रहे, यही कामना है।

लायन सुशील केसरी ने कहा कि गढ़वा ने काफी विकास किया है लेकिन जलस्तर के मामले में काफी नुकसान हुआ है, बालू उठाव रोकने तथा वृक्षारोपण की दिशा में सोचने की आवश्यकता है।

शिक्षक अरुण दुबे ने कहा कि सभी संसाधनों में सर्वोच्च मानव संसाधन होता है जिसके लिए हमें शिक्षा पर जोर देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि उन्हें गर्व है कि उनकी छात्रा नम्रता कुमारी गढ़वा की धरती से ही भारतीय प्रशासनिक सेवा तक पहुंची हैं। शिक्षा ही वह चीज है जिसके बढ़ाने से जिले में अपराधीकरण पर भी लगाम लग सकती है। इसके अलावा समाजसेवी दयाशंकर गुप्ता, वरिष्ठ पत्रकार नित्यानंद दुबे, सेवा निवृत शिक्षक द्वारिका प्रसाद पांडेय, प्रमोद सोनी, नीरज श्रीधर, अधिवक्ता अशोक पटवा, इंतियाज अंसारी, डॉ लालमोहन मिश्रा, बृजेश पांडे, आत्माराम पांडे, पूनम श्री आदि ने भी अपने विचार रखें।

# संवेदक ने ट्रैक्टर ड्राइवर के साथ मारपीट की, विरोध में दो घंटे तक सड़क जाम

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर ।** भवनाथपुर कपूर्री चौक से लेकर कैलान गांव होते हुए कांडी तक निर्माणाधीन कालीकरण पथ निर्माण के संवेदक द्वारा एक ट्रैक्टर ड्राईवर के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दिए जाने का मामला सामने आया है। उक्त ट्रैक्टर ड्राईवर सह मालिक कैलान निवासी अरुण यादव है। संवेदक द्वारा मारपीट की घटना आग की फैल गयी, देखते ही देखते कैलान गांव के ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचकर संवेदक के प्रति विरोध जताते हुए कालीकरण पथ निर्माण को बंद कराते हुए करीब दो घंटे तक सड़क पर बैठ रहे। घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी रजनी रंजन, एसआई निरंजन शर्मा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर आक्रोशित ग्रामीणों को समझाया तथा दोषी पर कार्रवाई का आश्वासन देते हुए जाम को हटवाते हुए पथ निर्माण कार्य को शुरू कराया। पीड़ित अरुण यादव ने बताया कि वह मंगलवार के सुबह करीब दस बजे वह अपने ट्रैक्टर से ईंट लेकर कैलान आ रहा था, तभी बन रहे कालीकरण पथ निर्माण के संवेदक राजा सिंह ने मेरा गाड़ी रोककर गाली गलौज करते हुए कहा कि तुमने पिच पर ट्रैक्टर क्यों चढ़ाया, जब मैं बोला की गाड़ी कहां चलायें, तो उक्त संवेदक ने मेरा गला पकड़ कर मेरे साथ मारपीट किया तथा धमकी भरे लहजे में कहा कि साले आज तुमको जिंदा नहीं छोड़ेंगे, साथ ही धमकी दिया कि अगर थाना पुलिस किया तो तुम्हे इसका बुरा परिणाम भुगतना पड़ेगा। जबकि संवेदक राजा सिंह ने बताया कि कालीकरण पथ निर्माण में सड़क पर पिचिंग किया जा रहा था, तभी अरुण यादव अपना ट्रैक्टर पिच पर चढ़ाते हुए आगे बढ़ने लगा, जब मैं उसे कहा कि आप बगल से जाइए, तो उसने कहा कि आगे से हट जाइए नहीं तो आपके उपर भी ट्रैक्टर चढ़ा देंगे। रोकने के बाद वह मुझसे उलझ गया और अपने क्षेत्र में पथ निर्माण कार्य बंद कराने की धमकी देते हुए चला गया। उधर पुलिस आवेदन के आलोक में मामले की

# मां शायर देवी धाम महोत्सव : राम-हनुमान युद्ध का हुआ रोचक मंचन

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** प्रसिद्ध मां शायर देवी धाम का पांचवा वार्षिक महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। मंदिर प्रांगण में चल रहे सांस्कृतिक कार्यक्रम के दूसरे दिन महावीर मंडली बाजार टोला के कलाकारों ने राम-हनुमान युद्ध का सचित्र मंचन कर दर्शकों को हतप्रभ कर दिया। कलाकारों द्वारा भक्त और भगवान के बीच युद्ध का ऐसा अभिनय किया गया कि पूरा पंडाल प्रभु श्री राम की जयकारों से गूंज उठा। राम-हनुमान युद्ध नाटक प्रस्तुति में डायरेक्टर नरेंद्र प्रसाद पटवा के निर्देशन में भास्कर गुप्ता ने भगवान राम, कृष्ण प्रसाद शौंडिक ने भक्त हनुमान, रमेश प्रसाद ने नारद, रामजी ठाकुर ने विश्वामित्र, रामप्रवेश ठाकुर ने लक्ष्मण, अनिल मेहता ने अंजनी तथा नरेंद्र पटवा ने भगवान शंकर का शानदार अभिनय कर दर्शकों का खूब मनोरंजन कराया। मंदिर संचालन समिति के अध्यक्ष संजय भगत द्वारा समस्त कार्यक्रम का संचालन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य संरक्षक प्रेमचंद प्रसाद, कार्यकारी अध्यक्ष विजय प्रसाद गुप्ता, कृष्ण प्रसाद कुशवाहा, महेंद्र प्रसाद, रामेश्वर शर्मा, मनोज जायसवाल सहित बड़ी संख्या में दर्शक शामिल थे।

## छठ महापर्व को लेकर साफ-सफाई शुरू

केतार। लोक आस्था का महान छठ महापर्व चार दिनी सूर्य उपासना नहाय खाय से शुरू होकर शुक्रवार को सूर्य अर्घ्य दान के साथ समापन होगा। चैती छठ व रामनवमी को लेकर चारो ओर भक्ति वातावरण देखने को मिल रहा है। छठ महापर्व को लेकर श्री सूर्यनारायण मंदिर परिसर मुकुंदपुर की साफ-सफाई पूरी कर ली गयी है। बताते चलें कि पहाड़ी वादियों में तीन ओर से घिरा मुकुंदपुर स्थित प्रसिद्ध नारायण वन मंदिर में छठ व्रत करने के लिए स्थानीय छठ व्रतियों के अलावा बाहर से भी छठ वर्ती आते है। मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि इस मंदिर परिसर में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार का समस्या नहीं हो, इसलिए उचित व्यवस्था कर लिया गया है।

## एमएस पब्लिक स्कूल का हुआ उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**केतार।** केतार बाजार में बुधवार को एमएस पब्लिक स्कूल का उद्घाटन प्रमुख चंद्रावती देवी, मुखिया प्रमोद कुमार, थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। स्कूल के डायरेक्टर पंकज कुमार ने बताया की स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिका प्रशिक्षित है। यहां सीबीएससी पैटर्न पर आधारित शिक्षा मिलेगी। स्कूल में आधुनिक सुविधा से लैश कक्षाएं, पुस्तकालय, कंप्यूटर क्लास डांसिंग क्लास सहित अन्य सुविधा उपलब्ध है। इस मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र प्रसाद, शिक्षक सह समाजसेवी बबलू सिंह, संतोष ठाकुर, पवन सिंह सहित छात्र छात्राएं, शिक्षक, अभिभावक उपस्थित थे।

## गुलाब इंटरनेशनल स्कूल में कल से क्लास शुरू

केतार प्रखंड के बलिगढ पंचायत के मोटंगवा गुलाब इंटरनेशनल स्कूल में क्लास शुरू होने के उपलक्ष्य में स्कूल के डायरेक्टर शैलेंद्र सिंह उर्फ छोटन सिंह धर्मपत्नी और स्कूल के सचिव एकता सिंह के साथ विधिवत पूजा अर्चना किया। वहीं गुलाब इंटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर शैलेंद्र सिंह ने बताया की 3 अप्रैल से कक्षा शुरू कर दिया जायेगा। अभिभावकों से अपने बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए विद्यालय में नामांकन करवाने की आग्रह किया है।

## डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती मनाने को लेकर बैठक



श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के महदेइया ग्राम स्थित नव प्राथमिक विद्यालय में आगामी 14 अप्रैल को संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती मनाने को लेकर प्रबुद्ध लोगों की बैठक मानिक राम की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती भव्य तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में आगामी 14 अप्रैल को प्रातः 6 बजे महदेइया स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नगर उंटारी बाबा बंशीधर मंदिर परिसर स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद पैदल मार्च करते हुये पाल्हे ग्राम तक जाने तथा वापसी में चितविश्राम होते हुये जगजीवन मोड़, पिपरडीह, जमुआ ग्राम का भ्रमण करते हुये पुनः महदेइया पहुंचकर प्रभातफेरी संपन्न करने का निर्णय लिया गया। बैठक में जिपस पति प्रमोद कुमार, माणिक राम, सुदेश्वर राम, जितेंद्र कुमार, सूर्यदेव राम, दिनेश राम, जयराम, जितेंद्र कुमार, अमर राम, महेंद्र राम, सुरेंद्र कुमार, अखिलेश राम, श्रीकेश्वर निराला, विक्रम कुमार, मनीष कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## रेड क्रॉस सोसाइटी कार्यसमिति की बैठक



गढ़वा (आजाद सिपाही)। रेड क्रॉस सोसाइटी गढ़वा जिला के कार्यसमिति की बैठक स्थानीय सदर अस्पताल गढ़वा के सभागार में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता रेड क्रॉस के चेयरमैन डॉक्टर एमपी गुप्ता और संचालन रेड क्रॉस के सचिव डॉ जेपी सिंह ने की। बैठक में सर्वसम्मति से गत बैठक की पुष्टि की गयी। बैठक में चेयरमैन डॉ एमपी गुप्ता ने बताया कि गढ़वा रेडक्रॉस सोसाइटी को वर्ष 2024-25 में सबसे ज्यादा रक्तदान शिविर लगाने के लिए एड्स कंट्रोल सोसाइटी झारखंड द्वारा प्रशस्तिपत्र एवं मोमेंटो मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी गढ़वा के द्वारा प्राप्त हुआ है। आगामी 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर प्रातः 10 बजे पुराने समाहारणालय में रेडक्रॉस का कार्यालय का शुभारंभ किया जायेगा, ततपश्चात उसी समय वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जायेगा जिसमें ब्लड प्रेसर, शुगर, आदि जांच सह जागरूकता कार्यक्रम भी किया जायगा। बैठक में रेड क्रॉस के चेयरमैन डॉ एम पी गुप्ता, वाइस चेयरमैन विनोद कमलापुरी, सचिव डॉ ज्वाला प्रसाद सिंह, सहसचिव नन्द कुमार गुप्ता, विजय केशरी, रघुवीर प्र कश्यप, रामनारायन प्रसाद, उमेश अग्रवाल, मुकेश ठाकुर, बिनोद कुमार गुप्ता इन्वेस्टमेंट आदि सदस्य उपस्थित थे।

## प्रखंड प्रमुख अजय साव के पिता का निधन, शोक

सगमा (आजाद सिपाही)। सगमा प्रखंड के ब्लॉक प्रमुख के पिता लगभग सत्तर वर्ष का तड़के सुबह गाय का दूध बाल्टी में लेकर घर की ओर जा रहे थे, तभी अचानक दूध का बाल्टी हाथ से गिर गया, देखते देखते वे भी जमीन पर गिर गये। इसे देखते ही परिवार के लोगों ने किसी प्रकार संभालते हुए घर के अंदर के ले गये। डॉक्टर ने कहा कि इन्हे तुरंत अन्य अस्पताल लेकर जाइए मगर गढ़वा पहुंचने के पहले रास्ते में ही उनकी मौत हो गयी। ढाढ़स देने वाले लोगों में मुख्यरूप से बीरबल मुखिया इंद्रजीत कुशवाहा, जिप प्रतिनिधि नंद गोपाल यादव, पूर्व मुखिया इसहाक अंसारी, धीरज जयसवाल, सुमन नाथ मिश्र सहित अन्य ने दिया।

# थाना प्रभारी ने तीन अनाथ बच्चों को खाने-पीने की सामग्री उपलब्ध करायी

### थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अभिजीत गौतम मिश्रा की अनूठी पहल, पेश की मानवता का मिसाल

आजाद सिपाही संवाददाता




**भंडरिया।** भंडरिया प्रखंड क्षेत्र के जनेवा पंचायत के बायाखुरा गांव के तीन अनाथ बच्चों को भंडरिया थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अभिजीत गौतम मिश्रा की अनूठी पहल गरीब असहाय परिवार के 6 माह के दुधमुहें बच्चे को पीने का दूध और उसके लिए भोजन उपलब्ध कराकर मानवता का मिसाल कायम की। जानकारी के अनुसार दो माह पूर्व दुधमुहें बच्चे की मां की मौत मिर्गी बीमारी के कारण पानी में गिर जाने से मौत हो गयी थी, तब से बच्ची की देखरेख अलग-बगल के महिलाओं के द्वारा किया जा रहा है। परिवार इतना गरीब है कि घर में खाने कि लाले पड़े हुए हैं दाने बने का मोहताज है घर में बच्चे के पिता के अलावा 3 साल व 5 साल के छोटे-छोटे दो लड़के हैं परिवार की स्थिति की जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अभिजीत गौतम मिश्रा के द्वारा तीनों बच्चों को खाने पीने की सामग्री और दुधमुहें बच्चे को दूध समेत कपड़ा दिया गया है। सरकार की उदासीनता के कारण मृतक महिला के परिवार वालों को किसी भी तरह का सरकारी लाभ नहीं मिल पाया है। पंचायत की मुखिया प्रवणता देवी के द्वारा गरीबों को देखते हुए पोस्टमार्टम के समय ही आर्थिक मदद की गयी थी, साथ ही सरकार के द्वारा मिलने वाले लाभ दिलाने की बात कही गयी थी जो की कहने की बात रह गयी। इस संबंध में थाना प्रभारी ने कहा कि तत्काल बच्ची को सभी जरूरत के सामग्री उपलब्ध करा दिये हैं। इसकी समस्या को लेकर बीडीओ अमित कुमार से मेरी बात हुई है। इस संबंध प्रखंड बिकास पदाधिकारी अमित कुमार से पूछने पर उन्होंने बताया कि जानकारी नहीं थी उस गरीब परिवार को तत्काल खाने-पिने का समान उपलब्ध करा दिया जायेगा। अगर राशन कार्ड नहीं होगा, तो तत्काल राशन कार्ड मुहैया करा दिया जयेगा।

# आरके पब्लिक स्कूल मझिआंव में सम्मान समारोह आयोजित

### छात्रों की बेहतरी के लिए गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने के निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं: अलखनाथ पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता



**मझिआंव।** आरके पब्लिक स्कूल उंचरी मझिआंव में वार्षिक परीक्षा परिणाम वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक और गढ़वा जिला के प्रसिद्ध शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय ने मुख्य रूप से विद्यालय की उपलब्धियों पर चर्चा की और अभिभावकों को विद्यालय में उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं से अवगत कराया।

उन्होंने बताया कि विद्यालय में स्मार्ट क्लासेस, अत्याधुनिक लैब्स, बच्चों के लिए खेलकूद की पर्याप्त सुविधाएं, और योग्य शिक्षकों से पढ़ाई की व्यवस्था की गयी है। उन्होंने कहा कि हमारे विद्यालय में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं मौजूद हैं, जो एक अच्छे स्कूल में होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों की शिक्षा के लिए हर प्रकार की उचित व्यवस्था की गयी है, ताकि वे अपनी प्रतिभा को पहचान सकें और अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकें।

उन्होंने ने बच्चों के बेहतर विकास के लिए सुझाव देते हुए कहा कि उन्हें मोबाइल से दूर रखें और प्रतिदिन उनकी प्रगति की जांच करें। इसके अलावा, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ कृष्ण मुरारी पांडेय, सेवानिवृत्त प्राध्यापक, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान सिलचर (असम), ने भी बच्चों को अपनी मेहनत और समर्पण से उत्कृष्टता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

इसके पश्चात कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा 7 तक के छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये। इसके अलावा, कक्षा 10 के प्री-बोर्ड परीक्षा में सफल छात्रों को भी सम्मानित किया गया। सम्मानित छात्रों में प्रीति कुमारी, बादल कुमार, कुमकुम कुमारी, अर्चना कुमारी, कायनात नाज, सलोनी कुमारी, और हंजला कौशर के नाम शामिल हैं।

### श्री राम लला मंदिर के प्रांगण में राम कथा का आयोजन

# श्रीराम कथा सुनकर ही सच्चे कल्याण की प्राप्ति संभव : अलखनाथ

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** शहर के सोनपुरवा स्थित श्रीराम लला मंदिर के प्रांगण में आयोजित श्रीराम कथा के शुभारंभ के अवसर पर श्रीराम लला मंदिर समिति गढ़वा के अध्यक्ष गढ़वा जिला के जाने-माने शिक्षाविद और वरिष्ठ समाजसेवी अलखनाथ पांडेय ने श्रीराम लला मंदिर समिति के सभी पदाधिकारी गण और सदस्य गण के साथ संयुक्त रूप से कथा का शुभारंभ किया।

इस शुभ घड़ी के अवसर पर श्रीराम लला मंदिर समिति के अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय ने कहा कि राम कथा में सुनाए जा रहे बहुत अच्छे प्रसंग के बारे में विस्तार से बताया जा रहा है।

उन्होंने राम कथा को श्रवण कर उसमें कहीं गयी हर बातों को अपने जीवन में उतारने के लिए कथा श्रवण करने वाले सभी लोगों से अपील किया। साथ ही श्रीराम कथा वाचक आचार्य संजय शास्त्री के मुखारविंद से बहुत ही अच्छे प्रसंग सुनाया गया। आचार्य संजय शास्त्री ने कहा कि ये शास्त्र की मर्यादा है। शास्त्र कहता है कि जो गुरु जी गुरु मंत्र देते है पति-पत्नी को वह मंत्र भी एक दूसरे को नहीं बताना चाहिए। गुरु जी का दिया हुआ मंत्र गुप्त रखना चाहिए। माता पार्वती देवर्षि नारद जी से कहती हैं कि मेरे स्वामी भोलेनाथ देवाधि देव महादेव मेरे से कोई बात नहीं छुपाते हैं। हर बात मुझसे कहते हैं। आज समाधि में भगवान राम और कृष्ण का दर्शन हुआ यानि कि मुझसे बहुत प्रेम करते हैं। माता पार्वती जी के बात सुनकर देवर्षि नारद जी ने कहा कि ये तो बहुत अच्छी बात है कि देवाधिदेव महादेव आप से कोई बात नहीं छुपाते, तब तो आप से ये भी बात बतायेंगे होंगे कि 24 घंटे अपने गले में मुंड की माला धारण किए रहते है उस माला में किसके मुंड लगे हुए है।

देवाधिदेव महादेव ने कहा कि देवी मैं उस अमृत कथा का पान किया हूं जो हर किसी को दुर्लभ है। उस अमृत कथा का नाम है अमर देवी मैं उस अमृत कथा का पान किया हूं जो हर किसी को दुर्लभ है। उस अमृत कथा का नाम है अमर कथा। मौके पर श्रीराम लला मंदिर समिति के सभी पदाधिकारी गण जिसमें अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय, उपाध्यक्ष सुदर्शन सिंह, नंदकुमार गुप्ता, विनोद कमलापुरी, मनोज केसरी, सचिव धनंजय सिंह, सहसचिव सत्यनारायण दुबे, कोषाध्यक्ष धनंजय गौड़, कार्यालय मंत्री धनंजय ठाकुर, कार्यक्रम संस्थापक किशोर सिंह, मुख्य पुजारन माता सरस्वती कुंवर, पुजारी बैजनाथ तिवारी, संरक्षक द्वारिका प्रसाद केसरी, नवीन चंद सिंह, राजमोहन पाल, राकेश पाल, ध्रुव केसरी, दिलीप कमलापुरी, श्यामा पांडेय, जितेंद्र कमलापुरी सहित कई श्रद्धालु उपस्थित थे।

# लगमा ठाकुरबाड़ी मंदिर में 24वां मानस महोत्सव 4 से




बाल स्वामी जी महाराज को कार्यक्रम के लिए निमंत्रण देते समिति के लोग।

### 6 अप्रैल को होगा भव्य श्री राम जन्मोत्सव और भंडारा का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** लगमा गांव स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर में 24वां तीन दिवसीय मानस महोत्सव 04 अप्रैल से प्रारंभ होगा। इसकी जानकारी देते हुए सत्संग समिति नगमा के संयोजक द्वारिका नाथ पांडे ने बताया कि 24वां मानस महोत्सव का विराट आयोजन 4 अप्रैल को ध्वज स्थापन के साथ प्रारंभ होगा, 5 अप्रैल को अखंड मानस पाठ एवं नौ विद्वान आचार्यों द्वारा दुर्गा सप्तशती का पाठ, हवन पूजन तथा 06 अप्रैल रविवार को रामनवमी के दिन 10 बजे से 'श्री राम जन्मोत्सव' अयोध्या से पधारे संत शिरोमणि बाल स्वामी अवधेंद्र प्रपन्नाचार्य जी महाराज के सानिध्य में संपन्न होगा। इसके बाद उन्हीं के साथ आये आचार्यों, सांस्कृतिक मंडली द्वारा दोपहर 1 बजे तक सोहर एवं बधाई गान चलेगा। साथ ही हजारों श्रद्धालुओं के बीच विशाल भंडारा का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में गढ़वा एसडीएम संजय कुमार सहित पलामू प्रमंडल से कई गणमान्य विशिष्ट विभुतियों की उपस्थिति होगी। उन्होंने लोगों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पावन अनुष्ठान और रामनवमी शोभायात्रा को सफल बनाने का आग्रह किया है।

## लवाहीकलां में लक्ष्मी नारायण महायज्ञ 4 से



डंडई (आजाद सिपाही) । डंडई प्रखंड के क्षेत्र लवाहीकलां पंचायत भवन के समीप 4 अप्रैल से प्रारंभ होने वाले पांच दिवसीय लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। महायज्ञ के आचार्य 1008 श्री स्वामी शत्रुध्यानाचार्य महाराज जी पिछले 15 दिनों से संध्या समय श्रद्धालुओं को कथा श्रवण करा रहे हैं। उन्होंने जानकारी देते हुए मंगलवार को बताया कि 4 अप्रैल को कलश यात्रा व 5 अप्रैल को अग्नि मंथन के साथ महायज्ञ का शुभारंभ किया जायेगा। यज्ञ में अयोध्या वृंदावन से चलकर आए विद्वान पंडितों के द्वारा कथा श्रवण किया जायेगा। इस अवसर पर 4 अप्रैल से 9 अप्रैल तक रामलीला का भी मंचन होगा। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। वहीं यज्ञ में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए प्रतिदिन भंडारा का आयोजन किया जायेगा। पूरे आयोजन को सफल बनाने के लिए युवा, बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे सभी अपनी-अपनी जिम्मेदारियों को निभाने में जुटे हैं। आयोजन समिति के सदस्यों ने सभी श्रद्धालुओं से यज्ञ में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है। यज्ञ के सफल आयोजन के लिए कमेटी के अध्यक्ष सुदर्शन प्रसाद, सचिव बैजनाथ प्रसाद, कोषाध्यक्ष लाल बिहारी पासवान, संरक्षक घुरबीगन बैठा, मुखिया बच्चा लाल गुप्ता, उपाध्यक्ष महेंद्र नाथ पांडेय, उपसचिव मंगरु बैठा, महामंत्री बसंत प्रसाद वर्मा, संयोजक नवरंग पासवान, दिलीप पटवा सहित गांव के लोग यज्ञ की तैयारी में जुटे हुए हैं।

# लोहरदगा और लातेहार में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया सरहुल

## सरहुल सिर्फ त्योहर नहीं, प्रकृति से जुड़ाव का प्रतीक : चमरा लिंडा

**लोहरदगा में निकली सरहुल की शोभायात्रा, शामिल हुए मंत्री चमरा लिंडा, सांसद सुखदेव भगत और विधायक डॉ रामेश्वर उरांव**





आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** जिले में सरहुल पूजा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। हर तरफ हर्ष उल्लास का वातावरण में लोगो ने सरहुल पूजा मनायी। शहरी क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में ढ़ोल मांदर- नगाड़े की थाप पर थिरकते हुए लोग नजर आ रहे थे। सरहुल महोत्सव में क्या आम और क्या खास लोग सभी एक ही रंग में रंगे थे मतलब आम और खास लोगो के भी पैर मांदर की थाप पर थिरक रहे थे। लोहरदगा के झखरा कुंबा स्थित सरना स्थल में विधि विधान से पहले पाहन पुजार के द्वारा पूजा अर्चना की गयी। इसके बाद सरहुल का शोभायात्रा निकाली गयी। शोभा यात्रा के दौरान शहरी क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। सरहुल की शोभा यात्रा का जगह-जगह पर पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया। शोभा यात्रा झखरा कुंबा से निकलकर स्टेट बैंक के रास्ते थाना मोड़, शास्त्री चौक, अपर बाजार, गुदरी बाजार, महावीर चौक, राणा चौक, मिशन चौक, बरवाटोली, वीर शिवाजी पथ, न्यू रोड, पावरगंज चौक कोर्ट रोड होते हुए मैना बगीचा पहुंची। जहां पर भव्य मेला का आयोजन किया गया। यहां पर शहर से लेकर विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से आये हुए अखाड़े भी पारंपरिक वाद्य यंत्रों और पोशाक के साथ शामिल हुए। मेला में पारंपरिक नृत्य और वाद्य यंत्रों ने सभी को मोहित किया। सरहुल की शोभा यात्रा के दौरान आदिवासी समाज के लोग ढोल-नगाड़ों की आवाज पर झूमते-गाते प्रकृति पर्व का आनंद ले रहे थे।

इधर मंत्री चमरा लिंडा, विधायक रामेश्वर उरांव, सांसद सुखदेव भगत समेत अन्य गणमान्य अतिथियों ने सरना स्थल में पारंपरिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना के उपरांत मांदर बजाकर लोगों के साथ सरहुल की खुशियां बांटी और बधाई दी। अतिथियों ने कहा सरहुल सिर्फ एक त्योहार नहीं है। यह प्रकृति से जुड़ाव का प्रतीक है। सरहुल पर्व एक ओर हमें प्रकृति से जोड़ता है तो दूसरी तरफ अपनी समृद्ध परंपरा और संस्कृति का अहसास कराता है। हमे जल -जंगल - जमीन व संस्कृति की रक्षा करना जरूरी है तभी हमारा वजूद बच पायेगा। अगर हम प्रकृति को संरक्षित नहीं कर पाये तो आने वाली पीढ़ी को कई बड़ी मुसीबतों का सामना करना पड़ेगा। ऐसे में प्रकृति के साथ छेड़छाड़ को रोकने के लिए हम सभी को आगे आना होगा। इधर सरहुल शोभा यात्रा को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। सरहुल की शोभा यात्रा के दौरान शहरी क्षेत्र में जगह-जगह पर दंडाधिकारियों के साथ शस्त्र सुरक्षा बल के जवान तैनात थे। सरहुल शोभा यात्रा के रास्ते में वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी गयी थी। शोभा यात्रा को शांति और सौहार्दपूर्ण रूप से संपन्न कराने को लेकर जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी और जवान पूरी तत्परता से तैनात नजर आये। शोभा यात्रा के दौरान सुरक्षा के मद्देनजर बिजली आपूर्ति बंद कर दी गयी थी, जिससे किसी प्रकार की अनहोनी न हो।

## मांदर की थाप पर झूमे जुलूस में शामिल महिलाएं, पुरुष और बच्चे

आजाद सिपाही संवाददाता



**शोभायात्रा का विभिन्न संगठनों ने किया स्वागत**

कुडू ब्लॉक मोड़ में भाजपा कार्यकर्ताओं के सदस्यों ने पाहन-पुजार और जुलूस की अगुवाई कर रहे लोगों को पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। वही कई संगठनों ने जगह-जगह चना, गुड़, शर्बत आदि पिलाया।

**कुडू / लोहरदगा।** प्रकृति को समर्पित सरहुल पर्व कुडू में मंगलवार को धूमधाम और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। सरहुल पूजा समिति कुडू के तत्वावधान में भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। जिसमें प्रखंड के अनेक गांवों से हजारों लोग शामिल हुए। पड़हा भवन से शुरू होकर शोभायात्रा सर्वप्रथम बाजार टांड स्थित झखरा पहुंची जहा आदिवासी मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना के बाद गाजे-बाजे के साथ पारंपरिक नृत्य करते हुए प्रखंड के विभिन्न अखाड़ों ने ब्लॉक मोड़ के पास मिलकर शहर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण किया। ततपश्चात शोभा यात्रा बस स्टैंड पहुंचकर सभा में तब्दील हो गया, जहां अतिथियों द्वारा सभा को संबोधित करते हुए प्रकृति पर्व सरहुल पर नशापान से दूर रहकर जल जंगल और जमीन की रक्षा के लिए लोग संकल्प लेने की बात कही। वक्ताओं ने सरहुल पर्व की जानकारी देते हुए कहा कि दो शब्दों से बने सरहुल में सर का मतलब सरई या सखुआ का फूल और हुल का मतलब क्रांति है, इस तरह सखुआ के फूलों की क्रांति को ही सरहुल कहा गया है। वहीं अवधेश उरांव ने शोभायात्रा में राजी पड़हा समिति, आदिवासी छात्र संघ, सरना नवयुवक संघ सहित कुडू कैरो के विभिन्न गांव से आये विभिन्न आदिवासी संगठनों के जुलूस शामिल हुए। जुलूस में सीओ सह बीडीओ मधुश्री मिश्रा, थाना प्रभारी मनोज कुमार, जतरु उरांव, अवधेश उरांव, अर्जुन उरांव, सोमे भगत सहित भारी संख्या में महिला पुरुष और बच्चे शामिल थे।

## सरहुल पूजा के बाद सामूहिक नृत्य का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** छिपादोहर मे आदिवासी सरना सरहुल पूजा समिति के तत्वावधान छिपादोहर मे मंगलवार को प्रकृति की पूजा सरहुल समाज के लोगों ने धूमधाम से की। छिपादोहर के मुख्य पाहन ने प्रकृति की पूजा आदिवासी रीति रिवाज से की। पूजा के दौरान पानी का घड़ा रखा गया। पानी को देखकर पाहन द्वारा नववर्ष की भविष्यवाणी की और कहा कि आगे अच्छी बारिश होगी और फसल भी अच्छी होगा। पूजन के बाद सरना स्थल पर सामूहिक नृत्य का आयोजन किया गया और क्षेत्र भ्रमण किया गया। वही मौके पर सरहुल समिति के अध्यक्ष दिलीप सिंह बीडीओ रेशमा रेखा मिंज, अंचलाधिकारी मनोज कुमार, प्रमुख सुशीला कुमारी, पूर्वी जीप सदस्य कन्हाई सिंह, थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह उर्फ पिंटू उप प्रमुख बीरेंद्र जायसवाल समेत अन्य जन प्रतिनिधि और काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

## चंदवा में सरहुल शोभायात्रा में हजारों लोग शामिल हुए



**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा के कुसुम टोली स्थित सरना स्थल में सरना समिति चंदवा के द्वारा एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रखंड के सभी पंचायत के सरहुल नृत्य मंडली, के लोग शामिल हुए। इस अवसर पर शहर के कई गणमान्य लोग, प्रशासनिक अधिकारी, पत्रकार और समाज के प्रतिष्ठित लोगों का जमावड़ा भी हुआ। एक सभा के बाद विभिन्न खोढ़ाओं के द्वारा सरहुल की शोभायात्रा नगर भ्रमण के लिए निकली। इस विशाल सरहुल जुलूस में हजारों की तादाद में आदिवासी समाज के लोग शामिल हुए। जुलूस में बड़ी संख्या में महिलाओं और बच्चों की टोलियां देखी गयी। परंपरागत वाद्य यंत्रों, मांदर नगाड़ा, ढोल आदि की धुन पर थिरकते हुए तमाम युवक-युवतियों की टोली परंपरागत नृत्य करते हुए शहर के भ्रमण के लिए जब निकली तो या छटा देखते ही बनती थी। जुलूस को स्थानीय प्रशासन ने एस्कॉर्ट किया और पूरे नगर में भ्रमण करने के बाद यह जुलूस पुनः कुसुम टोली के जतरा स्थल आकर समाप्त हुआ। इस शोभायात्रा में लातेहार जिले के अपर समाहर्ता रामा रविदास, चंदवा के प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद, अंचल पदाधिकारी जयशंकर पाठक, रणधीर कुमार सिंह और चंदवा पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे।इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में मुख्य रूप से झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष मनोज चौधरी, झामुमो नेता दीपू कुमार सिंहा, सत्येंद्र यादव, पहड़ा राजा धनेश्वर उरांव, शीतमोहन मुंडा, धनराज यादव, नवाहिर उरांव, चंदवा पश्चिम की मुखिया संगीता लकड़ा, युवा नेता सुशील कुमार, बोदा मुखिया ललिता देवी बिनेश्वर उरांव बबन मुंडा, बिनोद उरांव आदि उपस्थित हुए।

## आदिवासी समुदाय के लोगों ने धूमधाम से मनाया सरहुल



**मनिका/ लातेहार (आजाद सिपाही)।** आदिवासियों के प्रकृति पर्व सरहुल मनाने को लेकर मनिका प्रखंड के विभिन्न गांवों के अखाड़ों से आदिवासी समुदाय के ग्रामीण युवा युवतियां ढोल, नगाड़ा, मांदर के साथ मंगलवार को मनिका प्रखंड मुख्यालय के हाई स्कूल के मैदान में पहुंचे। जहां सरहुल समिति के प्रखंड अध्यक्ष नगेंद्र उरांव के देख रेख में मुख्य अतिथि विधायक रामचंद्र सिंह, सम्मानित अतिथि प्रमुख प्रतिमा देवी, प्रखंड विकास पदाधिकरी संदीप कुमार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ दिव्य क्षितिज कुजूर, जीप सदस्य बलवंत सिंह, दरोगी यादव, सुरेंद्र पासवान, बलि यादव मनिका ग्राम प्रधान रजत कुमार, मुखिया देवेंद्र उरांव, बहादुर उरांव, साहित्विभिन राजनैतिक दलों के नेता, सामाजिक कार्यकर्ताओं और गणमान्य अतिथियों का समिति के कार्यकर्ताओं ने सर पर पगड़ी बांध कर स्वागत किया। इसके पूर्व स्कूल के पास स्थित सरना स्थल में आदिवासी समुदाय के पुजारी द्वारा विधि विधान के साथ पूजा पाठ किया गया। उसके बाद प्रखंड के विभिन्न ग्रामों से आये आदिवासी समुदाय के लोगों ने अपने पारंपरिक भेष भूषा में सज धजकर अपनी अपनी टोलियों के साथ ढोल, मांदर, नगाड़े की थाप पर कमर और पांव में घुंघरू बांध कर नाचते गाते हाई स्कूल के मैदान से जुलूस निकाल कर मनिका पंचफेड़ी चौक तक आये पुनः पंचफेड़ी चौक से नाचते गाते वापस हाइ स्कूल के मैदान पहुंचे। जहां इस जुलूस में शामिल नृत्य मंडली को जुलूस के दौरान उनके मंडली द्वारा किये गये नृत्य प्रदर्शन के आधार पर पुरस्कृत किया गया। वहीं थाना परिसर के समीप और लैंप्स के समीप जलपान की व्यवस्था की गयी।

## बालू उठाव करते तीन ट्रैक्टर जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह प्रखंड में बिना नंबर प्लेट के चलते हैं ट्रैक्टर**

बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र में बिना नंबर प्लेट और बगैर ड्राइविंग लाइसेंस के ट्रैक्टरों का धड़ल्ले से संचालन जारी है। इससे अवैध खनन और परिवहन को बढ़ावा मिल रहा है। प्रशासन को इस पर सख्त कार्रवाई करनी होगी ताकि इस अवैध गतिविधि पर रोक लगायी जा सके।

**बरवाडीह।** बरवाडीह अंचलाधिकारी मनोज कुमार और थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार के नेतृत्व में मंगलवार अहले सुबह पुलिस ने अवैध बालू परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान बेतला पंचायत के छेछानी से बिना नंबर प्लेट के चल रहे तीन ट्रैक्टरों को जब्त किया गया, जो अवैध रूप से बालू उठाव कर रहे थे। गुप्त सूचना के आधार पर बरवाडीह प्रशासन ने त्वरित छापेमारी अभियान चलाया। जब पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो अवैध रूप से बालू उठाव कर रहे तीन ट्रैक्टरों को पकड़ा गया। जांच के दौरान पाया गया कि सभी ट्रैक्टर बिना नंबर प्लेट के थे। इस कार्रवाई के बाद इलाके में बालू माफियाओं के बीच हड़कंप मच गया है। प्रशासन की सख्ती को देखते हुए अब अवैध खनन करने वाले बचने के रास्ते तलाश रहे हैं। बरवाडीह अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि अवैध खनन और बालू तस्करी पर पूरी तरह से रोक लगाने के लिए लगातार निगरानी रखी जा रही है। थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार ने बताया कि जब्त किये गये ट्रैक्टरों को थाना लाया गया है और इस मामले में संबंधित धाराओं के तहत कानूनी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने यह भी कहा कि अवैध खनन और परिवहन में शामिल लोगों की पहचान कर सख्त कदम उठाये जायेंगे। उधर प्रशासन की इस कार्रवाई से स्थानीय लोगों में हर्ष का माहौल देखा जा रहा है। लोगों ने पुलिस और प्रशासन से अनुरोध किया है कि इस तरह की कार्रवाइयों को लगातार जारी रखा जाये ताकि अवैध खनन और परिवहन पर पूरी तरह से रोक लगायी जा सके।

## भंडरा महावीर मंडल के अध्यक्ष बने ईश्वरी मोहन



आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरा।** प्रखंड बस्ती के थाना के समीप नवनिर्मित दुर्गा मंदिर में भंडरा महावीर मंडल की बैठक सामाजिक कार्यकर्त्ता ईश्वरी मोहन शर्मा की अध्यक्षता में हुई। इसमें महाबीर मंडल पुरानी कमेटी को भंग कर नयी कमेटी का गठन किया गया। नयी कमेटी मे प्रखंड के सभी महावीर मंडल के सदस्यों को रखा गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष ईश्वरी मोहन शर्मा को अध्यक्ष चुना गया। वहीं उपाध्यक्ष भीम नाथ शाहदेव, आनंद कुमार साहू, बालकृष्णा सिंह, बिंदु साहू सचिव अनित कुमार कुंदन, सहसचिव बिबेक कुमार यादव, गिरधर प्रजापति गोबिंद महतो आनंद सिंह बनाये गये। कोषाध्यक्ष भीम साहू सह कोषाध्यक्ष आनंद दुबे को चुना गया। इसके अलावा संगठन मंत्री ललन सोनार,विकास सिंह, चंदन लहेरी चुने गये। मीडिया प्रभारी राजेश गुप्ता, संदीप गुप्ता, कुलदीप कच्छप, संजय साहू और दीपक अधिकारी बनाये गये।

## भंडरा में आज निकलेगी सरहुल की शोभायात्रा

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** भंडरा प्रखंड में बुधवार को प्रखंड सरहुल मनाया जायेगा। साथ ही गुरुवार को भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी। इसके लिए प्रखंड सरहुल समिति द्वारा तैयारी पूरी कर ली गयी है। भंडरा के ग्राम प्रधान बुधराम उरांव ने कहा कि बुधवार को पाहन-पुजार के नेतृत्व में सरना स्थल पर विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न कराया जायेगा। साथ ही इस वर्ष बारिश व पैदावार को लेकर आदिवासी समुदाय पारंपरिक विधि विधान से अनुष्ठान संपन्न कराने के पश्चात भविष्यवाणी करेंगे। भंडरा में गुरुवार को आयोजित शोभायात्रा में प्रखंड के विभिन्न गांव के खोड़हा नृत्य मंडलियों को निमंत्रण भेजा गया है। साथ ही अखड़ा को भव्य रूप से सजाया गया हैं। जहां से शोभायात्रा निकाली जायेगी।

## एबीवीपी ने सरहुल जुलूस में चना-गुड़ का किया वितरण



आजाद सिपाही संवादददाता

**लोहरदगा।** प्रकृति पर्व सरहुल के उपलक्ष्य में स्थानीय पेपर एजेंसी, न्यू रोड के सामने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्यों के द्वारा चना, गुड़ तथा पानी की व्यवस्था की गयी थी। विभाग संयोजक आदित्य कुमार साहू ने कहा कि सरहुल केवल एक पर्व नहीं है, बल्कि यह प्रकृति और जीवन के बीच संतुलन का प्रतीक है। यह उत्सव हमें यह समझाता है कि मानव जीवन का अस्तित्व प्रकृति के साथ गहराई से संबंधित है, और इसे संरक्षित करना हमारी जिम्मेदारी है। प्रांत प्रमुख छवि सिंह ने कहा कि सरहुल झारखंड में मनाये जाने वाले एक महत्वपूर्ण त्योहार के रूप में जाना जाता है। जिसे पूरे राज्य में बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस दिन आदिवासी समुदाय नये साल का स्वागत करते हैं। सरहुल के अवसर पर प्रकृति अपने नये स्वरूप में नजर आती है, जब पेड़ों पर नये फूल और पत्ते खिलने लगते हैं।

## रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष बने जयनाथ

आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/ लोहरदगा।** सेन्हा में रामनवमी पूजा सह मेला आयोजन एवं सुचारू रूप से संचालन हेतु बैठक आयोजित हुआ। सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित राजेन्द्र साहु का घर के प्रांगण में बैठक आयोजित किया गया। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से कमिटी का चयन किया गया तथा बैठक आयोजित कर पूर्व कमिटी को भंग करते हुए रामनवमी पूजा सह मेला आयोजित करने के लिये समिति का चयन किया गया। साथ ही प्रखंड मुख्यालय में दशमी को रामनवमी में भव्य रूप से मेला का आयोजन करने के लिये उपस्थित प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों का ग्रामीणों के बीच विशेष रूप से चर्चा किया गया। साथ ही सुचारू ढंग से रामनवमी मेला संचालन करने हेतु मेला का रूप रेखा तैयार किया गया। इसके अलावे मेला स्थाल में मेला आये हुए अखाड़ों का विधि व्यवस्था करने के लिये निर्णय लिया गया। साथ ही जितने भी अखाड़ा मेला के दौरान अपना अपना खेल का प्रदर्शन करेंगे उन सभी अखाड़ा समिति को पुरस्कार देकर सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में पुरानी कमिटी को भंग कर नई कमिटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष जयनाथ साहु, उपाध्यक्ष रामजीत यादव, कृष्णा सिंह, सचिव प्रकाश उरांव, गौतम साहु, कोषाध्यक्ष राजकुमार साहु को बनाया गया।

## नहाय-खाय के साथ चैती छठ शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व चैती छठ मंगलवार को नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया है। इस साल चैती छठ में श्रद्धालुओं में उत्साह भरा माहौल अधिक दिख रहा है। कुछ लोग अपने घर पर रहकर ही चैती छठ मना रहे हैं। चैती छठ के पहले दिन व्रती नर-नारियों ने नहाय-खाय के संकल्प के तहत स्नान करने के बाद अरवा भोजन ग्रहण कर इस व्रत को शुरू किया। इसमें व्रती महिलाएं जलाशय में स्नान कर घर में कद्दू भात का भोजन बनाती है व इसी दिन से संकल्पबद्ध होकर महापर्व का उपवास रखती हैं। महिलाएं चार दिवसीय कठोर व्रत पुत्र प्राप्ति, रोग, शोक, भय आदि से मुक्ति परिवारिक सुख समृद्धि और मनोवांछित फल प्राप्ति के लिए पूरे विधि विधान से छठ व्रत का पालन करती हैं। बुधवार को खरना में व्रती पूरे दिन उपवास कर शाम में भुवन भास्कर को षष्ठी माता की पूजा उपासना कर भोग लगा कर प्रसाद ग्रहण करेंगी। दिनभर के निर्जला उपवास के बाद व्रती सूर्यास्त होने पर भगवान सूर्य की पूजा कर एक बार ही दूध और गुड़ से बनी खीर खायेंगे। इसके बाद जब तक चांद नजर आयेगा तभी तक वह जल ग्रहण कर सकेंगे और उसके बाद से उनका करीब 36 घंटे का निराहार-निर्जला व्रत शुरू हो जायेगा। इस महापर्व के तीसरे दिन व्रतधारी अस्ताचलगामी सूर्य को नदियों और तालाबों में खड़े होकर प्रथम अर्घ्य अर्पित करेंगे। व्रतधारी अस्त हो रहे सूर्य को फल और कंद मूल से अर्घ्य अर्पित करते हैं। पर्व के चौथे और अंतिम दिन नदियों और तालाबों में उदीयमान सूर्य को दूसरा अर्घ्य दिया जायेगा। दूसरा अर्घ्य अर्पित करने के बाद ही श्रद्धालुओं का करीब 36 घंटे का निराहार व्रत समाप्त होता है और वे अन्न-जल ग्रहण करते हैं।

## वनरक्षी आवास गृह छिपादोहर के पश्चिमी रेंज कैंपस में लगी आग

आजाद सिपाही संवाददाता




**बरवाडीह।** वनरक्षी आवास गृह छिपादोहर के पश्चिमी रेंज कैंपस मे आग लगने से सैकड़ों पौधे जल गये, जिससे लाखों रुपये के बेशकीमती लकड़ियां जलकर खाख हो गयी। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की दोपहर कैंपस मे अचानक आग लग गयी। आग की सूचना पर वनकर्मियों और स्थानीय लोगों की मदद से काफी कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। उधर मामले पर रेंजर अजय टोप्पो ने बताया कि आग लगने की सूचना प्राप्त हुआ है। आग पर काबू पा लिया गया है। परंतु मामले की जांच की जा रही है कि आखिर आग कैसे लगी है। जांच के बाद मामले पर दोषी पाये जाने वाले पर कार्रवाई की जायेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि कुछ शरारती तत्व इस प्रकार की घटनाएं कर रहे हैं। उन्होंने लोगों से अपील की है कि पेड़-पौधों को नुकसान ना पहुंचायें। जंगल में आग लगने से पेड़-पौधों के साथ ही वन्य प्राणियों को भी नुकसान पहुंचता है। इसके साथ ही पर्यावरण को भारी नुकसान होता है। गर्मी के मौसम में आये दिन जंगल में आग लग जा रही है। कई स्थानों पर असामाजिक तत्व भी आग लगा दे रहे हैं। जिससे पर्यावरण को भी नुकसान पहुंच रहा है। हरेक पहलू पर जांच किया जायेगा।

# मांदर की थाप पर थिरके पांकी विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता



**सतबरवा/पलामू।** मंगलवार को सतबरवा शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के मैदान में अदिकुडुख सरना समाज सतबरवा के द्वारा प्रकृति पर्व सरहुल पूजा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पांकी विधायक डॉ शशि भूषण मेहता ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत राम प्यारी पाहन और रजनी माता के द्वारा विधिवत सखुआ के डाली कि पुजा की गयी। इसके बाद अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि शशि भूषण मेहता ने मांदर की थाप पर जमकर थिरके। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री मेहता ने कहा कि सरहुल हमारी संस्कृति का एक अंग है यह प्राचीन काल से चला आ रहा है। सरहुल पूजा प्रकृति का पर्व है, जो जल, जंगल और जमीन की रक्षा करना सीखाता है। तत्पश्चात प्रखंड के नवाडीह, कुलीया, चपरना, मंझलीझरिया, कडादोहर, बरहकुरवा, अधमनिया, चेतमा, परसही, लेदवासेमर, बकोरिया, कमारू, तेवरही से आये दर्जनों टीम मांदर की थाप पर नाचते गाते हुए सतबरवा नगर का भ्रमण करते हुए पुनः कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे, जहां विशिष्ट अतिथियों के द्वारा अच्छा प्रदर्शन करने वाले नृत्य मंडली को दैनिक उपयोग में आने वाली वस्तुएं देकर उनका हौसला बढ़ाया गया। भ्रमण के दौरान सतबरवा के विभिन्न जगहों पर समाजसेवी और व्यवसाईयों द्वारा जलपान की भी व्यवस्था की गयी। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में सतबरवा पुलिस का अहम योगदान रहा। मौके पर जिला परिषद सुधा कुमारी विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, विधायक प्रतिनिधि अजय उरांव समाज सेवी आशीष सिंन्हा मुखिया रिंकी यादव सरना समिति के अध्यक्ष विष्णु उरांव सचिव प्रवेश उरांव मुकेश मिश्रा बजरंगी पासवान समय कई लोग उपस्थित थे।

## बाबूलाल मरांडी ने मुख्य सचिव को लिखा पत्र, कहा

# प्लेसमेंट एजेंसियों पर एफआइआर कर ब्लैक लिस्ट करें

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्य सचिव अलका तिवारी को पत्र लिखा है। पत्र में कहा है कि झारखंड राज्य बिवरेज कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा वर्ष 2022 से राज्य में शराब दुकान संचालित किया जा रहा है, जिसमें 7 प्लेसमेंट एजेंसियां राज्य के विभिन्न जिलों में शराब दुकानों के संचालन एवं प्रबंधन के लिए लगभग 4500 मानव बल प्रदान कर रही हैं।

जेएसबीसीएल द्वारा वर्ष 2022 में राज्य के अंतर्गत दुकानों के संचालन एवं प्रबंध हेतु मानव बल की आपूर्त्ति हेतु निविदा निकालकर विभिन्न 7 एजेंसियों का चयन किया गया। लेकिन सबसे आश्चर्य की बात यह है कि दो प्लेसमेंट एजेंसियां मार्सन इनोवेटिव सिक्यूरिटी प्राइवेट लिमिटेड और विजन हॉस्पिटालिटी सर्विस एंड कंसलटेंट प्राइवेट लिमिटेड जिन्हें क्रमशः हजारीबाग एवं धनबाद जिला में मानव बल आपूर्त्ति के लिए चयन किया गया। इसने एग्रीमेंट करते समय फर्जी बैंक गारंटी जमा कर कार्यादेश प्राप्त कर लिया। जब विभागीय सचिव को इस फर्जीवाड़े के बारे में बताया गया, इसके बावजूद एजेंसियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

**शिकायतकर्ता के दिये साक्ष्य का दिया हवाला :** बाबूलाल ने कहा है कि शिकायतकर्ता ने जो साक्ष्य उपलब्ध कराया है, उसमें पंजाब एवं सिंध बैंक, गीता कॉलोनी शाखा, नयी दिल्ली द्वारा एसबीसीएल को दिनांक 31 जनवरी 2024 को पत्र लिखकर सूचित किया है कि विजन हॉस्पीटालिटी सर्विस एंड कंसलटेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा जमा बैंक गारंटी फर्जी है।

इसी तरह बंधन बैंक कोलकाता द्वारा जेएसबीसीएल को दिनांक 02 मार्च, 2024 को पत्र लिखकर सूचित किया गया कि मार्सन इनोवेटिव सिक्यूरिटी प्राइवेट लिमिटेड। जिसे हजारीबाग जिला में मैन पावर का कार्य मिला है, इसकी बैंक गारंटी फर्जी है। लेकिन जेएसबीसीएल द्वारा न ही इसकी जांच करायी गयी और न ही कोई कार्रवाई की गयी।

**अधिकारियों ने लीपापोती कर एजेंसियों को काम करने दिया**

अधिकारियों द्वारा लीपापोती कर एजेंसियों को काम करने दिया गया। नियमतः इतने बड़े किये गये फर्जीवाड़े की जांच कराकर आरोपित एजेंसियों को काली सूची में डालना चाहिए था और और एफआइआर करानी चाहिए थी।

बैंक द्वारा लिखित सूचना दिये जाने के बावजूद जेएसबीसीएल के जिम्मेवार अधिकारियों एवं विभागीय सचिव ने इस पर कोई संज्ञान नहीं लिया और इन दो आरोपित एजेंसियों पर मेहरबानी दिखाते रहे। यह आर्थिक अपराध का एक बड़ा उदाहरण है।

बैंक द्वारा एक वर्ष से अधिक समय पूर्व ही जेएसबीसीएल सूचित करने के बावजूद अधिकारियों द्वारा एजेंसियों पर कोई कार्रवाई नहीं की गयी। इसका मतलब है कि जेएसबीसीएल के अधिकारी भी इस भ्रष्ट खेल में शामिल हैं। इसके लिए दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई करते हुए निलंबित करना चाहिए।

# पांकी में धूमधाम से हुई सरहुल पूजा



आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी (पलामू)।** पांकी प्रखंड के सरना पहाड़ पर सरहुल पूजा धूम धाम से मनाई गई। पांकी प्रखंड के विभिन्न गावों से आदिवासी समाज के लोगों ने अपनी अपनी टोली बनाकर पंहुचे थे। पाहन के द्वारा सरना स्थल मे विधि पूर्वक पूजा पाठ किया गया। अपनी अपनी टोली के साथ महिला पुरुष ने ढ़ोल मांदर पर झूमते रहे, साथ ही सरना पहाड़ी से शहीद भगत सिंह चौक बाजार, जरही चौक होते हुए कपूर्री चौक तक नगर भ्रमण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता के द्वारा सरना समिति को उपहार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर विधायक ने कहा की सरहुल झारखंड मे मनाये जाने वाले एक महत्वपूर्ण त्योहार रूप मे मनाया जाता है, जिसे पूरे राज्य मे बड़े उत्साह से मनाया जा रहा है। सरहुल का नाम दो शब्द से मिलाकर बना है। सर, जिसका अर्थ है सखूआ या साल का फूल और हुल, जिसका अर्थ है क्रांति, इसे सखुआ फूल की क्रांति कहा जाता है। मौके पर पुलिस इंस्पेक्टर पूनम टोप्पो, प्रो बचन ठाकुर, थाना प्रभारी राजेश रंजन, जिला परिषद निधि सिंह,जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, निर्मल मेहता, मंदीप मेहता, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र यादव,मिंटी वर्मा,सुनील प्रसाद गुप्ता, जयकिशोर प्रसाद, रोशन सिंह,योगेंद्र उरांव, रामावतार उरांव, संदीप उरांव मंजुलता दूबे आदि उपस्थित थे।

# लोक आस्था का महापर्व चैती छठ नहाय-खाय के साथ शुरू



जपला का छठ घाट।

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद में लोक आस्था का महापर्व चार दिवसीय चैती छठ मंगलवार को नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया है। सभी छठ व्रती सुबह से ही नदी या तालाब में स्नान कर कद्दू, चावल और चने की दाल का प्रसाद बनाकर ग्रहण किया। उन्होंने इसे बनाकर ग्रहण करते हुए भगवान सूर्य की आराधना भी की। नगर पंचायत के द्वारा जपला छठपोखरा घाट,गईता पोखरा, जमुहारी माई नहर मोड़ छठ घाट,दंगवार, देवरी सोन नदी आदि की साफ सफाई का कार्य पूरा कर दी गयी है। वहीं जपला छठपोखरा में पानी भरने का काम भी अंतिम चरण में है। शहर से लेकर गांव पूरा इलाका छठमय में हो चुका है। ऐसे में दंगवार सूर्य मंदिर व छठपोखरा घाट समेत विभिन्न छठ घाटों पर छठ पूजा को लेकर प्रशासनिक तैयारी चल रही है।

**कद्दू, चावल और चने की दाल की परंपरा:** इन दिनों घाटों पर सुरक्षा, साफ- सफाई और रंग रोगन की तैयारी चल रही है। हुसैनाबाद के छठव्रती ने कहा कि आज नहाय- खाय के दिन चावल, कद्दू की सब्जी और चने की दाल बनाने की परंपरा रही है। पारंपरिक गीतों के साथ उन सभी ने प्रसाद ग्रहण किया है और बुधवार से खरना की तैयारी में जुट गयी हैं।

# पलामू से होकर मुंबई जानेवाली समर स्पेशल ट्रेन चलने पर चैंबर अध्यक्ष ने सांसद को दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आनंद शंकर ने अपने सभी सदस्यों के साथ पलामू सांसद विष्णु दयाल राम को समर स्पेशल ट्रेन जो डाल्टेनगंज से चलकर मुंबई जाएगी के लिए ढेर सारी बधाई और शुभकामनाएं दी है।

उन्होंने बताया कि मुंबई के लिए सीधी ट्रेन का खुलना पलामू के व्यवसाय जगत के लिए बहुत बड़ी राहत है। इसके अलावा पलामू के रोगी अब सीधे तौर पर मुंबई के अस्पतालों की सेवाएं प्राप्त कर सकेंगे। यह एक चिरपरिचित मांग थी इसको हमारे लोकप्रिय सांसद के के प्रयासों ने पूरा किया गया है। चैंबर परिवार पलामू सांसद का धन्यवाद करता है।

सचिव इंद्रजीत सिंह ने आगे बताया कि यह ट्रेन 03379 के रूप में धनबाद से चलकर प्रातः 4: 59 डाल्टनगंज पहुंचेगी और अगले दिन 33 घंटे का सफर तय करके 2:15 दोपहर मुंबई आई छळ स्टेशन पर पहुंचेगी। वापसी हुई या ट्रेन 03380 के रूप में मुंबई LT से संध्या 5:00 बजे चलेगी और डाल्टनगंज रात्रि 11:00 में पहुंचेगी। यह ट्रेन साप्ताहिक है और डाल्टेनगंज से बुधवार को चलेगी और मुंबई से बृहस्पतिवार को लौटेगी। इस ट्रेन के रास्ते में कटनी, इटारसी, भुसावल जैसे अनेक बड़े जंक्शन आयेंगे, जहां से यात्री दक्षिण भारत के लिए अन्य ट्रेनों का उपयोग भी कर सकता है। चेंबर के सभी सदस्यों ने सांसद से अनुरोध किया कि विस्तार की इसी श्रेणी में कृपया शक्तिपुंज को भी मुंबई तक विस्तारित कर दिया जाये और इस समय स्पेशल ट्रेन को रेगुलर कर दिया जाये।

# विश्रामपुर में निकला मंगलवारी जुलूस विभिन्न अखाड़ा के लोग हुए शामिल



आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर रामनवमी पूजा समिति द्वारा मंगलवार की शाम पहला मंगलवारी जुलूस निकाला गया। जुलूस की शुरूआत स्थानीय हनुमान मंदिर परिसर से हुआ। जो थाना मोड़, गांधी चौक, बाजार, पंचमुखी मंदिर होते हुये नगर भ्रमण के बाद वापस बस स्टैंड हनुमान मंदिर पहुंचा, जहां जुलूस का समापन हुआ। जुलूस में बाजे-गाजे एवं महावीरी झंडों के साथ विभिन्न अखाड़ों के लोग मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम और उनके अनन्य भक्त वीर हनुमान की जय जयकार करते चल रहे थे। मंगलवारी जुलूस के दौरान विधि पुलिस भी मुस्तैद रही। जुलूस में रामनवमी पूजा समिति अध्यक्ष राजेश मार्शल, समाजिक कार्यकर्ता राजन पांडेय, समाजसेवी विजय कुमार रवि, निवर्तमान वार्ड पार्षद सुनील कुमार चौधरी,अमितेश्वर दयाल, राजकुमार मेहता, शिव सोनी, मुकेश चौधरी, राकेश केशरी, जयंत चौहान, कृष्णा केशरी, दीपक कुमार, चंद्रदेव चौधरी कुकू, विकास चंद्रवंशी, दिनेश कुमार, गोपाल सोनी, सत्यम सोनी सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

# मंगलवारी जुलूस को लेकर रामभक्तों ने निकाला जुलूस



आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** रामनवमी पूजा महासमिति व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने रामनवमी व मंगलवारी जुलूस को लेकर बाइक जुलूस निकाला। इस दौरान जपला नगर के अलावा योगीवीर, चनैनी, जपला चौबे, कठौंधा, ऊपरी, मोहम्मदाबाद, लंगरकोट, बुधुवा, फातमा चक आदि कई अखाड़ों के भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया। साथ ही मिलान स्थल, महाआरती समेत जुलूस की सफलता पर चर्चा की गयी। मौके पर विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष लोकनाथ केसरी, संतोष कश्यप, गौतम कांस्यकार, पंकज गुप्ता, बीकू कश्यप, राहुल केसरी, राजू सोनी, अक्षय कुमार, रवि चंदेल, धनंजय सोंडिक, पवन गुप्ता, संदीप सोनी, अंकुश कांस्यकार, शंभू सौंडिक, आशु कुमार, प्रमोद कुमार, विकास कांस्यकार आदि शामिल थे।

# ईद आपसी भाईचारा का प्रतीक है : अविनाश देव

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** यह सुखद संयोग है कि साझी संस्कृति के प्रतीक रमजान रामनवमी और सरहुल एक साथ आया। ईद मूलतः पैगम्बर इब्राहिम के वफादारी और अल्लाह के प्रति समर्पण का त्यौहार है। यह समर्पण आपसी प्रेम भाईचारा को दशार्ता है और शत्रुता क्रूरता को भूलते हुए गले लगाने का संदेश देता है। कल चांद दिखा और आज ईद हुआ। हमारा देश विविधता में एकता लिए हुए मुल्क है, इसलिए गंगा यमुना संस्कृति को मुकम्मल मजबूती प्रदान करने ईद के मौके पर अपने मुस्लिम मित्रों घर जाकर ईद कि ढेर सारी मुबारकबाद पेश किए गले लगे और सेवईयाँ खाए। खुशी जाहिर करते हमने कहा हम सभी हिंदुस्तान के सरजमीं पर रहते हैं कश्मीर से कन्याकुमारी तक अरुणाचल से सीमांचल तक नफरत के खेती में मोहब्बत के खलिहान बनाना है। ईदगाह के हामिद रामनवमी अखाड़ा के आशीष दोनों का दायित्व है चट्टानी एकता के साथ सामाजिक सरहद को हिफाजत करे तभी मेरा समाज मूतमइन रह सकता है। वर्तमान दौर में सियासत का जो खेल चल रहा है उस खेल पर हम दोनों को पैनी नजर रखना है ताकि हमारी एकता भाईचारा में कोई सेंध नहीं लगा सके। जाति धर्म अमीरी गरीबी ऊंच नीच से ऊपर मानवता के पाठ पढ़ा सकें इंसानियत आबाद रख सकें। एक बार पुनः ईद कि हार्दिक शुभकामनाएं, बधाई।

# सभी समस्याओं का समाधान रामचरितमानस में है : साध्वी आरती

**बिश्रामपुर और रेहला में शुरू हुई रामकथा, कथा श्रवण के लिए उमड़े श्रद्धालु**

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर (पलामू)।** चैत्र नवरात्र के अवसर पर विश्रामपुर के ऐतिहासिक पंचमुखी मंदिर परिसर में एकम सांध्य से राम कथा प्रारंभ हुआ। राम कथा का आयोजन रामनवमी पूजा समिति ने किया है। कथा पंडाल का उद्घाटन भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने किया। सभी अतिथियों ने रामायण का आरती भी किया। उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता पूजा समिति अध्यक्ष राजेश मार्शल ने किया। संचालन राजन पांडेय व विजय कुमार रवि ने बारी-बारी से किया। डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि राम चरित मानस लोगो को जीवन जीने की कला को सिखाता है। अयोध्या धाम से पधारी मानस मंदाकिनी साध्वी आरती शास्त्री ने कहा कि सबसे पहले रामायण भगवन शंकर ने देवी पार्वती को सुनाई थी। उस कथा को एक कौवे ने भी सुना जो आगे जाकर काकभुशुंडि बने। काक भुशुंडि ने ये कथा ऋषियों और गरुड़ को सुनाई थी। वाल्मीकि रामायण उसके बाद लिखी गयी। उन्होंने इसी प्रसंग का विस्तार से व्याख्या किया। कहा कि रामचरित मानस में जीवन के सभी समस्याओं का समाधान है। उन्होंने पहले दिन राम जन्म के प्रसंग की संगीतमय प्रस्तुति दी। इधर रेहला स्थित सिद्धपीठ योगीवीर बाबा मंदिर परिसर में यज्ञ समिति के अध्यक्ष श्याम किशोर चंद्रवंशी की अध्यक्षता में चल रहे वासंतिक नवरात्र और श्रीरामचरितमानस नवाह्न परायण महायज्ञ के 19वें अधिवेशन का भी उद्घाटन पर डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने ही किया। यहां मारुति किंकर जी महाराज ने श्रद्धालुओं को रामकथा का श्रवण कराया। मौके पर सामाजिक सेवा समिति अध्यक्ष संजय पांडेय, समाजसेवी विजय कुमार पांडेय, राजद के प्रादेशिक नेता ओमप्रकाश गुप्ता गुड्डू, पंचमुखी मंदिर के पुजारी पंडित अच्युतानंद पांडेय, सुनील कुमार चौधरी, दामोदर यादव, गोपाल सोनी, शिव सोनी, राकेश केशरी, दिलीप चंद्रवंशी, शिव सोनी, मुकेश चौधरी, विकास चंद्रवंशी, जयंत चौहान, उमाशंकर गुप्ता, डॉ वीपी शुक्ला, ज्वाला गुप्ता सहित कई लोग मौजूद थे।

# जहरीला पदार्थ खाने से युवती गंभीर, रेफर

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद शहरी क्षेत्र के जपला धरहरा की 20 वर्षीय प्रीति कुमारी ने मानसिक तनाव में आकर जहरीला पदार्थ खा ली। गंभीर स्थिति में परिजनों ने उसे इलाज के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर एमएमसीएच रेफर कर दिया गया। बताया जाता हैं कि प्रीति ने परिवार से नाराजगी के चलते विषाक्त पदार्थ का सेवन कर ली। थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि लिखित शिकायत मिलने पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी।**

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# नहाय-खाय के साथ चैती छठ शुरू, खरना आज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** चैती छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान चैत्र शुक्ल चतुर्थी तिथि मंगलवार को नहाय-खाय के साथ शुरू हो गयी। छठ व्रतियों ने स्नान कर घरों में गंगाजल लाकर पूजन करने के बाद अरवा चावल, सेंधा नमक, चने की दाल, लौकी की सब्जी, आंवला की चटनी आदि ग्रहण कर 4 दिवसीय अनुष्ठान का संकल्प लिया।

## चैती छठ महापर्व की तिथि

- 01 अप्रैल मंगलवार को नहाय-खाय
- 02 अप्रैल बुधवार को खरना
- 03 अप्रैल गुरुवार को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य
- 04 अप्रैल को उदयाचलगामी सूर्य को अर्घ्य के साथ चैती छठ महापर्व का समापन

## खरना के साथ शुरू होगा 36 घंटे का निर्जला उपवास

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, मंगलवार को आयुष्मान योग में नहाय-खाय के साथ छठ महापर्व का शुभारंभ हुआ। बुधवार को व्रती पूरे दिन निराहार रहकर शाम में खरना पूजा करेंगे। गुड़ से बनी खीर का प्रसाद ग्रहण करेंगे और इसके साथ ही 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो जायेगा।

## 4 अप्रैल को संपन्न होगा छठ महापर्व

गुरुवार (3 अप्रैल) को व्रती डूबते सूर्य को अर्घ्य देंगी। शुक्रवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ पारण करके 4 दिवसीय महापर्व का निस्तार किया जायेगा। मान्यता के अनुसार, खरना का प्रसाद ग्रहण करने से काया निरोग रहती है। बौद्धिक क्षमता में वृद्धि होती है।

# सरहुल महोत्सव : शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में निकाला गया जुलूस

आजाद सिपाही संवाददाता





**गुमला।** जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में मंगलवार को हर्षोल्लास प्राकृति का महापर्व सरहुल मनाया गया। केंद्रीय सरहुल संचालन समिति गुमला के नेतृत्व में लोहरदगा रोड स्थित उरांव क्लब दुंदरिया से सरहुल जुलूस निकाला गया। इसके अलावे शहर के चारों दिशाओं से जुलूस निकली और आपस में जाकर मिल गयी। सरहुल जुलूस में झारखंडी कला संस्कृति का समावेश देखा गया। सरहुल जुलूस दुंदुरिया उरांव क्लब से आरंभ हुई। जुलूस में शहर और आस पास के गांव से खोड़हा दल शामिल हुए। जुलूस के दौरान शहर के मुख्य मार्ग सरहुल की पारम्परिक गीत और संगीत से गुंजने लगा। महिलाओं के गीत पर पुरुष नगाड़ा और मांदर बजाकर नाच रहे थे। वहीं युवक युवतियां, बड़े और बच्चे एक दूसरे के हाथों में हाथ डालकर मांदर की थाप पर नाचते हुए आगे बढ़ रहे थे। गुमला के मेन रोड में जबरदस्त उत्सव का नजारा था। सरहुल जुलूस दुंदरिया से आरंभ होकर लोहरदगा रोड होते हुए महावीर चौक, मेन रोड, टावर चौक, पालकोट रोड, घाटो बगीचा, सिसई रोड से थाना रोड होते हुए सरना क्लब दुन्दरिया में जाकर समाप्त हुआ। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों से आये सांस्कृतिक दल अपनी सुविधा के अनुसार जुलूस में शामिल हुए और सुविधा के अनुसार अपने गांव की ओर प्रस्थान कर गये। जुलूस में केंद्रीय सरहुल संचालन समिति के दीपनारायण उरांव, मंत्री चमरा लिंडा, पूर्व विधायक कमलेश उरांव, पूर्व विधायक शिव शंकर उरांव, पूर्व सांसद सुदर्शन भगत, सागर उरांव, केंद्रीय महावीर मंडल के अध्यक्ष अरूण साहु, शशि प्रिया बंटी, दामोदर कसेरा, अमित पोद्दार, रमेश कुमार चीनी, अनूप चंद्र अधिकारी, केशव साय, विकास सिंह, चैतु उरांव, भैया राम उरांव, गुलाम सरवर अंसारी, सुनिल उरांव, प्रदुम्न भगत, जितिया उरांव, अमित उरांव, हंदु भगत, झड़ी उरांव, राजनील तिग्गा, भोला चौधरी, निर्मल गोयल, संजीव उर्वशी, बिपिन सिंह, रूपक कुमार, हरजीत सिंह, कृष्णा उरांव, बद्री गुलशन सहित भारी संख्या में लोग शामिल थे।

सरहुल पर्व को लेकर शहर और आसपास के जनजातीय बाहुल्य गांवों में उत्साह का माहौल था। शहर मुख्यालय के सरना स्थलों में पहान पुजार द्वारा आस्था और विश्वास के साथ पारंपरिक विधि विधान के साथ पूजा की गयी और क्षेत्र के सुख शांति व समृद्धि के लिए धर्मेश से सामूहिक प्रार्थना की गयी।

## सरकार को राष्ट्रीय अवकाश घोषित करना चाहिए : सुखदेव भगत

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सरहुल महोत्सव पर सरकार को राष्ट्रीय अवकाश घोषित करना चाहिए। उक्त मांग लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुखदेव भगत ने गुमला में सरहुल के अवसर पर कहीं। उन्होने कहा कि सरहुल आदिवासी समाज का सबसे बड़ा पर्व है। पूरे देश में रथ यात्रा, रामनवमी व सरहुल आदि त्योहारों में भव्य शोभा यात्रा निकाली जाती है। लेकिन सरहुल पर्व पर राष्ट्रीय अवकाश नहीं होता है। जिसको लेकर वे संसद सत्र में भी आवाज उठा रहे है। श्री भगत ने कहा कि सरहुल पर्व केवल सूर्य व पृथ्वी का उपासना का पर्व नहीं है बल्कि पर्यावरण संरक्षण का महापर्व है और वर्तमान में पर्यावरण संरक्षण पूरे देश की जरूरत है। श्री भगत ने कहा कि पहान पूजार पूजा कर बारिश का आकलन करते हैं ताकि अच्छी वर्षा हो। उन्होंने सरहुल पूर्व पर सभी लोगों को बधाई दी। इस अवसर पर वे उरांव क्लब दुन्दरिया में पूजा अर्चना की और केंद्रीय सरहुल संचालन समिति ने उनको बैच पहनाकर स्वागत किया।

## आदिवासी उत्थान कल्याण समिति ने सरहुल शोभायात्रा निकाली



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के नवडीहा में आदिवासी उत्थान कल्याण समिति द्वारा सरहुल पूजा पर शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा की शुरूआत नवडीहा सरना स्थल पर पहान पूजार द्वारा विधिवत पूजा अर्चना करायी गयी। साथ ही पंचायत क्षेत्र से आये खोड़हा दल पारंपरिक वेशभूषा में सुशोभित होकर शोभायात्रा में शामिल हुए। जो नवडीहा मुख्य पथ होते हुए करंजटोली स्थित देशवाली स्थल तक पहुंचे। जहां सभा में तब्दील हो गया। पंचायत क्षेत्र से सभी खोड़हा दल मंच के समीप पारंपरिक वेशभूषा में सुशोभित वाद्यय यंत्र के साथ नृत्य गीत का मंचन किया। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए भीनेश्वर भगत, समीर भगत, संदीप भगत सहित अन्य वक्ताओं ने कहा कि सरहुल पूजा प्राकृतिक की पूजा है। हम सभी को प्राकृतिक की रक्षा करने की जरूरत है। जल जंगल जमीन की रक्षा करने की जरूरत है। और सभी को संकल्प लेने की जरूरत है कि सभी पेड़ पौधे जीव जंतु की रक्षा करें। आदिवासी संस्कृति और सभ्यता को आगे बढ़ाने की जरूरत है।मौके पर भीनेश्वर भगत, समीर भगत, सज्जाद खान, संदीप भगत, दिलीप किंडो, जोगेंद्र भगत, उमेश उरांव, धनीराम उरांव, राजकुमार उरांव, भीनेश्वर भगत सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## आदिवासी प्रकृति के संरक्षक और पूजक हैं : बंधन तिग्गा



**डुमरी (आजाद सिपाही)।** डुमरी में सरहुल पूजा महोत्सव मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। सरहुल पूजा महोत्सव में मुख्य रूप से मुख्य अतिथि आदिवासी धर्मगुरु बंधन तिग्गा, विशिष्ट अतिथि थाना प्रभारी अनुज कुमार, मुखिया प्रदीप मिंज, चेतनलाल मिंज, रेखा मिंज, ज्योति बहेर देवी थे। मुख्य अतिथि आदिवासी धर्मगुरु बंधन तिग्गा ने कहा कि आदिवासी समाज प्रकृति के संरक्षक और पूजक है हम सभी लोगों को आज के दिन पर्यावरण का बचाने का संकल्प लेने की आवश्यकता है। इसी संकल्प को लेकर आज हमलोग प्रकृति का पर्व सरहुल मना रहे हैं। इसके पूर्व में समिति के मीडिया प्रभारी प्रेम प्रकाश भगत द्वारा अतिथियों का स्वागत कर मंच तक लाया गया। साथ ही सरना पूजा स्थल ले जाकर पुजार बीरबल बैगा की अगुवाई में पूजा पाठ कराया गया। उसके बाद सराई फूल खोसी और प्रसाद वितरण किया। बाद में सरना स्थल से प्रखंड सरहुल पूजा समिति के बैनर तले शोभायात्रा निकाली गयी, जो शोभायात्रा सरना स्थल से डुमरी बस्ती, दुर्गा मंदिर परिसर, क्रूस चौक नवाडीह, मुख्यालय परिसर से रविंदर नगर होते हुए टांगर डीह ग्राम स्थित झखराकुंबा पहुंच कर सभा में तब्दील हो गया। शोभायात्रा में सभी लोग डीजे साउंड और पारंपरिक भेष भूषा में गाजा बजा के साथ नाचते गाते हुए चल रहे थे। इस दौरान दूसरे समुदाय के लोगों के स्टॉल लगा कर शरबत पीला कर एकता का परिचय दिया। अंत में झखरा कुंभा परिसर में सामूहिक नाच के बाद विभिन्न गांवों से आये नृत्य मंडली को समिति की ओर से पारितोषिक वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में 25 गांव से लगभग 5 हजार की संख्या में लोगो आये थे। मौके पर समिति अध्यक्ष जून उरांव, जगरनाथ भगत, बीरेंद्र भगत, हेमंत भगत, सुरेन्द्र उरांव, अनिल भगत, रविशंकर भगत, श्रीराम उरांव, वासुदेव भगत, गोपाल भगत सहित कई लोग उपस्थित थे।

## कामडारा के सरना स्थलों में की गयी पूजा-अर्चना



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा प्रखंड मुख्यालय पर मंगलवार को सरहूल पर्व को लेकर सरना धर्म समन्वय समिति और राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के तत्वावधान पर सरहूल शोभायात्रा निकाली गयी। इसके पहले कामडारा के सरना पूजा स्थल पर दिन के 11 बजे के आसपास अनिश पहान और विजय सुरीन के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना की गयी। वहीं पूजा स्थल पर रखे घड़ा के जलस्तर का आकलन करने उपरांत पहान ने बताया गया कि इस वर्ष अच्छी बारिश और फसलों का उपज होगा। इसके बाद लोगों ने एक दूसरे को सरहूल की शुभकामनाएं दी और सरना स्थल से पारंपरिक वाद्य यंत्र व सरना झंडा के साथ नाचते-गाते हुए शोभायात्रा निकाली गयी। जो खूंटी-सिमडेगा मुख्य पथ होते हुये कामडारा मिशन तक गयी। इसके बाद शाम लगभग चार बजे के आसपास पुनः सरना स्थल पर लौट के सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला परिषद सदस्य दीपक कंडूलना, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अजीत केरकेट्टा, पिंटू केरकेट्टा, चैतू सिंह, मरकस तोपनो, राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के निरल आईंद, धोगो केरकेट्टा, सिरील नाग सहित अन्य ग्रामीण महिला-पुरुष हजारों की संख्या मे शामिल हुए।

## विश्व भारती संघ और बजरंग दल ने गुड़-चना का किया वितरण



**गुमला (आजाद सिपाही)।** प्रकृति पर्व सरहुल के अवसर पर विश्व भारती संघ एवं बजरंग दल के तत्वाधान में हनुमान मंदिर बस डिपो दुंदुरिया में स्टॉल लगाकर सरहुल शोभा यात्रा में शामिल लोगों के लिए चना गुड़ और शरबत का व्यवस्था किया गया। मुकेश सिंह और बिंदेश्वरी प्रसाद ने बताया सरहुल प्रकृति से जुड़ा एक पर्व है। इसमें सखुआ पेड़ की पूजा की जाती है। खासकर यह त्योहार झारखंड राज्य में मनाया जाता है जो कि जनजाति समुदायों का प्रमुख त्योहार माना जाता है। झारखंड के अलावा, इस त्योहार को बिहार, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और छत्तीसगढ़ के आदिवासी क्षेत्रों में बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। मौके पर बिंदेश्वरी प्रसाद, प्रमोद सिंह,पप्पू शर्मा, अमृत सिंह, मुकेश सिंह, तिजेश्वर मिश्रा, मनोज मिश्रा, सोनू गुप्ता, मनीष मिश्रा, मंटू गुप्ता, गौरव कुमार, शुभम गुप्ता सहित अन्य कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

## गुमला चैंबर ने शोभायात्रा के अगुवाओं का किया अभिनंदन



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** मंगलवार को सरना समाज के लोगों का पवित्र त्योहार सरहुल के मौके पर सरना समाज के विभिन्न समितियों द्वारा कई शोभा यात्रा निकाला गया। इस शोभा यात्रा का गुमला चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजेश सिंह के अध्यक्षता में मेन रोड में स्टॉल लगाकर स्वागत किया गया। शोभा यात्रा में शामिल लोगों को चना और शर्बत देकर स्वागत किया गया। शोभा यात्रा का नेतृत्व कर रहे अगुवा लोगों का भी चैंबर पदाधिकारियों ने माला पहना कर अभिनंदन किया और बधाई दिया। मौके पर चैंबर अध्यक्ष राजेश सिंह के साथ क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी, सचिव बबलू वर्मा, सह सचिव प्रणय साहू, निवर्तमान अध्यक्ष दामोदर कसेरा, मीडिया प्रभारी मोहम्मद इम्तियाज, पूर्व अध्यक्ष अमित पोद्दार दीपक गुप्ता कार्यकारिणी के मुन्नीलाल साहू बाबू गुडलक, ब्रिज फोगला आदि उपस्थित थे।

## महिला समिति को रमेश कुमार ने साड़ी भेंट की



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** प्रकृति पर्व सरहुल पर चैंबर के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी और पूर्व अध्यक्ष शशिप्रिया बंटी ने खोड़हा दल की महिला समिति के बीच 50 साड़ी का वितरण किया। दोनों ने केंद्रीय सरहुल संचालन समिति के पदाधिकारी दीपनारायण उरांव व सागर उरांव की मौजूदगी में महिलाओं को साड़ी भेंट करते हुए सरहुल की बधाई दी। साथ ही कहा कि इस पर्व के दौरान साल के वृक्षों की विशेष पूजा की जाती है। क्योंकि इन्हें प्रकृति का प्रतीक माना जाता है। इसे धरती की पूजा और नवजीवन का उत्सव भी कहा जाता है। हम सभी सरहुल के खुशियों में उत्साहित है और परंपरा के अनुसार सभी पर्व मिलकर मनाते है।

## बिशुनपुर में धूमधाम के साथ निकला मंगलवारी जुलूस



आजाद सिपाही संवाददाता

**बिशुनपुर।** प्रखंड मुख्यालय में विभिन्न अखाड़े एवं रामनवमी पूजा समिति के द्वारा धूमधाम के साथ मंगलवारी जुलूस निकाला गया जो कार्तिक उंराव चौक बिशनपुर से प्रारंभ होकर रति टाना भगत चौक बिशुनपुर, ब्लॉक चौक, बैंक चौक होते हुए नवागढ़ शहर का स्थित नकटी देवी मंदिर तक गया। इस मौके पर लोगों ने लगाये जय श्री राम, बजरंगबली की जय के नारों से पूरा प्रखंड मुख्यालय राम मय हो गया। वही जुलूस में शामिल लोगों के द्वारा अस्त्र शस्त्र चालान कभी प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर अनीश सिंह, प्रमोद सिंह, बच्चन कुमार, विजय ठाकुर,बिंदेश्वर साहू, आशीष साहू, रामखेलावन साहू, गणेश महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

## खाई में गिरा ऑटो, छह लोग घायल



**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला करमटोली रोड स्थित बांस डीह घाटी में मंगलवार की अपराह्न 4 बजे ऑटो के खाई में गिरने से 6 लोग घायल हो गये। जिसके बाद ऑटो में आग लग गयी। लोगों की भीड़ घटना स्थल पर लग गयी काफी मशक्कत के बाद ऑटो में फंसे सभी घायलों को बाहर निकाला गया। इसके बाद सभी को सदर अस्पताल भेजा गया। सभी का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक कुकरूंजा गांव से एक ऑटो में 6 लोग सवार होकर गुमला सरहुल शोभा यात्रा में भाग लेने आ रहे थे। तभी बांसडीह मोड में ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया और घसीटते हुए खाई में जाकर गिर गया। घटना में कुकरुंजा गांव निवासी पांचो देवी, सुक्खू उरांव, ईश्वर उरांव, लोपा कोरबा सुकरी देवी और ऑटो चालक घायल हो गये। ग्रामीणों ने बताया कुकु रूंजा गांव से तीन ऑटो में सवार होकर सभी लोग गुमला रहे थे। सबसे आगे चल रहे डाला टेंपो में छह लोग सवार थे। सवारी टेंपो नहीं होने के कारण लोग खड़े होकर गुमला रहे थे। लोगों ने बताया टेंपो खाई में गिरने के बाद भी स्टार्ट था जिस कारण ऑटो में आग लग गयी। वहीं सदर अस्पताल में इलाजरत पाचो देवी की स्थिति चिंताजनक बतायी जा रही है, उसके सिर और चेहरा में गंभीर चोट लगी है।

## मृतक के परिजनों से मिले कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष




**घाघरा (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अरुण कुमार पांडे ने सेहल पंचायत के बरांग गांव निवासी संजय गोप और संजय उरांव के मौत के बाद उनके परिजनों से मिलकर हिम्मत दिया, साथ ही हर संभव मदद करने का भरोषा दिलाया। बताते चलें कि विगत 25 मार्च को लोहरदगा में सड़क दुर्घटना के कारण मौत हो गयी थी। जिसकी सूचना मिलने के बाद कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अरुण कुमार पांडे कई प्रतिनिधियों के साथ उनके घर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात की। इस मौके पर सेहल पंचायत की मुखिया समरी देवी, पूर्व मुखिया घोड़ा उरांव, वार्ड सदस्य सतीश उरांव, बरवा उरांव, शंकर सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## जारी प्रखंड कांग्रेस कमिटी की बैठक

**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी प्रखंड कंग्रेस कमिटी का बैठक डुंबरटोली गांव मे प्रखंड अध्यक्ष राजेश टोप्पो अध्यक्षता मे हुआ। वहीं मौके पर उपस्थित जारी प्रखंड प्रभारी अनिल साहू ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि बूथ से लेकर प्रखंड तक के कार्यकर्ता जागरूक रहें और जनता के पास जाय, जनता का काम करें। साथ ही कहा जनता के संपर्क में रहे और सरकार के द्वारा जो महत्वपूर्ण योजना है उनकी जानकारी दे और उस योजना का लाभ दिलाने का काम करें। मौके पर अमरुस एक्का,ईश्वर कुजूर, अलबेल मनीष एक्का, तेलेस्फोर टोप्पो, हेरमन लकड़ा,रूजवेल कुजूर,राजेश तिग्गा, रिजवान अंसारी, निरंजन टोप्पो आदि उपस्थित थे।

## स्पोर्ट्स



मानव ठक्कर अब दुनिया में 47वें स्थान पर पहुंच गये हैं, जो उनके करियर की अब तक की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है।

# भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी मानव ठक्कर आइटीटीएफ वर्ल्ड रैंकिंग के टॉप 50 में पहुंचे

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी मानव ठक्कर ने अपने करियर की बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए पहली बार आईटीटीएफ वर्ल्ड रैंकिंग के टॉप 50 में जगह बना ली है। वह अब दुनिया में 47वें स्थान पर पहुंच गये हैं, जो उनके करियर की अब तक की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है।

इस बीच, स्नेहित सुरवज्जुला ने पहली बार शीर्ष 100 में जगह बनाते हुए 89वां स्थान हासिल किया है। एक मार्मिक मोड़ में, शरत कमल, जिन्होंने प्रतिस्पर्धी टेबल टेनिस से संन्यास की घोषणा की थी, ने विश्व नंबर 80 पर अपने शानदार करियर का समापन किया। अपने अंतिम मैच में कमल पर सुरवज्जुला की जीत ने अनुभवी के करियर का प्रतीकात्मक अंत कर दिया।

चेन्नई में डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर में भारत का अभियान रविवार को समाप्त हो गया, जब ठक्कर को पुरुष एकल सेमीफाइनल में फ्रांस के विश्व नंबर 54 थिबॉल्ट पोरेट से 3-1 से हार का सामना करना पड़ा। डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर सेमीफाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय पुरुष के रूप में इतिहास रचने वाले ठक्कर ने जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में एक उच्च-ऊर्जा मैच में कड़ी टक्कर दी।

## वंदना कटारिया ने की अंतरराष्ट्रीय हॉकी से संन्यास की घोषणा

**नयी दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी की दिग्गज खिलाड़ी वंदना कटारिया ने आधिकारिक रूप से अंतरराष्ट्रीय हॉकी से संन्यास की घोषणा कर दी है, जिससे एक असाधारण करियर का समापन हो गया। 320 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 158 गोल करने वाली वंदना भारतीय महिला हॉकी इतिहास में सबसे अधिक मैच खेलने वाली खिलाड़ी के रूप में विदाई ले रही हैं। आंकड़ों से कहीं अधिक, वह एक प्रेरणादायक धरोहर छोड़कर जा रही हैं, जो एक संघर्ष, संकल्प और भारतीय महिला हॉकी को उच्च शिखर पर पहुंचाने की अनवरत भूख की कहानी है।

## सिकरी में युवक ने लगायी फांसी

**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी थाना क्षेत्र अंतर्गत सिकरी पंचायत के सिकरी गांव निवासी चौकीदार बलदेव उरांव के 25 वर्षीय पुत्र राम उरांव ने अपने ही घर मे लगे लोहा के पाइप में प्लास्टिक के रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। चौकीदार बलदेव उरांव ने घटना की जानकारी देते हुए कहा कि बेटा कहीं से शराब पीकर घर आया और झगड़ा करने लगा। उसकी मां ने खाना खाने की बात कही तो वह खाना खाया और कहने लगा कि मै फांसी लगाने जा रहा हूं और वह अपने रूम मे घुस गया और दरवाजा बंद कर दिया। यह बात उसकी मां ने गाव वालो की बतायी तो गांव वाले आये और राम को बाहर से हल्ला कर खोलने के लिए कहने लगे। लेकिन अन्दर से कोई आवाज नहीं आयी तो दरवाजा तोड़ा गया तो देखा गया कि रूम मे लगे लोहा के पाइप में रस्सी के सहारे फांसी लगाया हुआ है ।

# ग्रामीणों ने आउट सोर्सिंग कंपनी के अधिकारियों के सामने किया विरोध

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया/जोड़ापोखर।** बीसीसीएल लोदना एरिया अंतर्गत भूलन बरारी में आउट सोर्सिंग कार्य को शुरू करने का मोदीभीटा ब्राह्मण बरारी के ग्रामीणों ने कंपनी के अधिकारियों के सामने किया विरोध प्रदर्शन। ग्रामीणों ने झरखंड लोकतांत्रिक कांतकारी मोर्चा के बैनर तले प्रदर्शन किया है। जिला उपाध्यक्ष रामप्रवेश सिंह ने आउट सोर्सिंग कंपनी के संचालक कुंभनाथ सिंह को चेतावनी देते हुए कहा है की ग्रामीणों की एक इंची जमीन पर भी काम को शुरू किया गया तो जयराम महतो टाइगर के नेतृत्व में ईंट से ईंट बजा देगे। वही सुरेश चक्रवती ने कहा है की आउट सोर्सिंग कंपनी ने बिना अनुमति के पांच हजार पेड़ो को



काट दिया गया है। पड़ोस में प्रोजेक्ट चलाया जाता हैं जिससे प्रदूषण फैलता है, वही ग्रामीणों के घरों में दरार पड़ गया है। जब पड़ोस में प्रोजेक्ट चलेगा तो गरीबो का घर गिर जायेगा। उन्होंने कहा है की अब जब भी वार्ता होगा ग्रामीणों एवं उच्च अधिकारियों के बीच गांव में ही होगा। प्रदर्शन करने वालों में शामिल है कार्तिक महतो,संतोष बावरी, अविनाश महतो, दीपक महतो, मुन्ना निषाद, कृष्ण देवी, अंजली देवी आदि। ग्रामीणों से वार्ता करने पहुंचे थे लोदना एरिया के एजीएम परवेज आलम,एजेंट अरुण पांडेय, प्रबंधक एस शील, दिनेश मिश्रा आदि। आलम ने बताया है की कंपनी की सूची के अनुसार सभी 296 ग्रामीणों को जरेड़ा के तहत मुआवजा दिया जायेगा। मुआवजा के लिए झरिया सीओ से वार्ता किया जा रहा है। सभी ग्रामीणों को जमीन के बदले पैसा मिलेगा वही सम्पूर्ण विस्थापित कर ही प्रोजेक्ट को शुरू किया जायेगा।

# पीएम ने उत्कल दिवस पर ओड़िशा के लोगों को दीं शुभकामनाएं

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर-नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्कल दिवस के अवसर पर ओड़िशा के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भारत को ओड़िशा के इतिहास, साहित्य और संगीत पर गर्व है। इसके साथ ही, उन्होंने कहा कि केंद्र और ओड़िशा सरकारें राज्य की प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए बड़े पैमाने पर काम कर रही हैं।

**एक्स पर अलग-अलग पोस्ट में उन्होंने लिखा:**

यह दिन ओड़िशा की गौरवशाली संस्कृति के लिए उपयुक्त श्रद्धांजलि है। भारत को ओड़िशा



के इतिहास, साहित्य और संगीत पर गर्व है। ओड़िशा के लोग मेहनती हैं और उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। पिछले एक वर्ष में, केंद्र और ओड़िशा सरकारें राज्य की प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए बड़े पैमाने पर काम कर रही हैं।

## कटक में मनाया गया 90वां राज्य पुलिस स्थापना दिवस

# डीजीपी ने पुलिस सेवा में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले अधिकारियों को किया पुरस्कृत

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा पुलिस का मूल मंत्र 'सेवा और सुरक्षा' समाज के कमजोर वर्गों, अवहेलित, उपेक्षित, महिलाओं और बच्चों को उचित पुलिस सेवा प्रदान करना हम सभी का प्राथमिक कर्तव्य है। ओड़िशा पुलिस के 90वें पुलिस स्थापना दिवस भव्य समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेते हुए राज्य पुलिस महानिदेशक योगेश बहादुर खुरानिया ने कहा कि सभी पुलिस अधिकारी और कर्मचारी उन्हें उचित सुरक्षा और न्याय प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे। समारोह में डीजीपी खुरानिया ने परेड की सलामी ली और पुलिस सेवा में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले पुलिस अधिकारियों और कर्मियों को पुरस्कृत किया। मुख्य अतिथि डीजीपी ने सबसे पहले शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि दी



और उनके परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। डीजीपी ने अपने संबोधन में कहा कि सभी लोग इसे सुव्यवस्थित ढंग से व्यवस्थित एवं प्रबंधित करने का ध्यान रखेंगे। पुलिस महानिदेशक (मुख्यालय) दयाल गंगवार ने पुलिस स्थापना दिवस के अवसर पर माननीय राज्यपाल और मुख्यमंत्री का शुभकामना संदेश पढ़ा। इस अवसर पर एडिशनल एसपी प्रभात कुमार बिस्वाल, एसडीपीओ प्रशांत कुमार साहू, इंस्पेक्टर दुर्गेश नंदिनी महांति, डीएसपी मानस रंजन प्रधान को जांच के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए केंद्रीय गृह मंत्री पदक से सम्मानित किया गया। आज इस औपचारिक परेड में एसओजी, ओएसएपी, आइआरबी, यूपीडी कटक (एपीआर महिला), यूपीडी कटक (एपीआर पुरुष)/ट्रैफिक कांस्टेबल, यूपीडी कटक, ओडीआरएएफ, ओआइएसएफ, ओएसएएफ और फायर सर्विस सहित कुल दस (10) टीमों ने भाग लिया। परेड के मुख्य कमांडर अनुगु शिव मारुथी रेड्डी, आइपीएस (अंडर ट्रेनिंग) की प्रत्यक्ष देखरेख में आयोजित की गयी थी । कार्यक्रम में कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, पुलिस अधिकारी और मीडिया के सदस्य उपस्थित थे।

# पुलिस लाइन में आयोजित सरहुल महोत्सव में शामिल हुईं उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** डीसी माधवी मिश्रा मंगलवार को पुलिस लाइन में आयोजित सरहुल महोत्सव में शामिल हुईं। इस अवसर पर पुलिस एसोसिएशन और सरना समिति ने माधवी मिश्रा, सिटी एसपी अजीत कुमार, डीएसपी ट्रैफिक अरविंद सिंह, डीएसपी प्रदीप मिंज और डीएसपी अर्चना खलको सहित अन्य अतिथियों का सरना रीति रिवाज से पगड़ी बांधकर स्वागत किया। इसके बाद सभी ने साल के फूलों, फलों और महुआ के फलों के साथ पूजा-अर्चना कर सरहुल पर्व की



शुरूआत की। उपायुक्त ने कहा कि सरहुल पर्व प्रकृति के संरक्षण का संदेश देता है। साथ ही मनुष्य के जीवन को सरलता से जीने की प्रेरणा देता है। इसमें आदिवासी समाज द्वारा साल वृक्ष की पूजा की जाती है, क्योंकि यह आश्रय देता है, मौसम की मार से बचाता है। उन्होंने कहा इस पर्व के माध्यम से आदिवासी समाज जल, जंगल और जमीन को सुरक्षित व संरक्षित रखने का संकल्प भी लेते हैं। इसके बाद मांदर की थाप पर उपायुक्त और सिटी एसपी समेत अन्य पदाधिकारियों ने मनमोहक आदिवासी नृत्य भी किया।

# कांग्रेस के वादे को पूरा करे सरकार: ब्रजेंद्र सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अनुशासन समिति के अध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लिखकर पत्र। बताया है कि चुनाव के पहले जो कांग्रेस पार्टी के घोषणा पत्र में और राहुल गांधी के द्वारा घोषणा की गयी थी की सरकार बनने के तुरंत बाद झारखंड के जनता को चाहे वह किसी भी कैटेगरी का हो उन्हें 450 रुपये में गैस सिलेंडर दी जायेगी। राहुल गांधी का यह भावनात्मक वक्तव्य कई जगहों पर चुनाव के समय कहा भी था, लेकिन बहुत दुःख के साथ लिखना और बोलना पड़ रहा है की अभी तक हम जनता को जो 450 रुपये में गैस सिलेंडर देने का वादा किया था, वह अभी तक पूरा नहीं किया जा सका है। सरकार



के द्वारा बहुत सारे कार्य किये जा रहे हैं जो जनहित में बहुत ही लाभदायक है, लेकिन कांग्रेस पार्टी का यह वादा भी अभिलंब पूरा किया जाये ताकि हम भी अपने नेता राहुल गांधी के बोले हुए वचन को जनता के बीच में बता सके। मुझे पूर्ण उम्मीद है की आने वाले कुछ ही दिनों में सरकार इसे भी लागू करावेगी और जनता को 450 रुपये में गैस सिलेंडर मिलने लगेगा।

# पूर्व तट रेलवे ने 259.254 मिलियन टन माल ढुलाई का रिकॉर्ड हासिल किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे ने 2024-25 वित्तीय वर्ष (1 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक) में 259.254 मिलियन टन की मूल माल ढुलाई का रिकॉर्ड हासिल करके माल परिवहन में एक नया मानक स्थापित किया है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, क्योंकि देश में 259 मिलियन टन के आंकड़े को पार करने वाला पहला रेलवे क्षेत्र बन गया है, जिसने माल ढुलाई में पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ दिये हैं। यह उपलब्धि पिछले वर्ष की तुलना में 1.2% की वृद्धि दशार्ती है, 2023-24 वित्तीय वर्ष से 3.034 मिलियन टन की



वृद्धि हुई है। इस अवधि के दौरान, 200 मिलियन टन माल ढुलाई को पार करने वाले अन्य क्षेत्रीय रेलवे में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने 253.208 मिलियन टन, दक्षिण पूर्व रेलवे ने 212.361 मिलियन टन और पूर्व मध्य रेलवे ने 202.62 मिलियन टन माल ढुलाई की। पूर्व तट रेलवे ने लगातार माल संचालन में अपनी ताकत दिखाई है, लगातार छठे वर्ष 200 मिलियन टन के आंकड़े को पार करने की ऐतिहासिक उपलब्धि बनाए रखी है। यह उपलब्धि विशेष रूप से वर्ष भर में आने वाली चुनौतियों को देखते हुए उल्लेखनीय है, जो क्षेत्र की दक्षता, रणनीतिक योजना और इसके कार्यबल के अटूट समर्पण को दशार्ती है। प्रयासों को मान्यता देते हुए, पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक परमेश्वर फंकवाल ने कर्मचारियों और अधिकारियों की टीम को बधाई दी। आगे बढ़ते हुए, पूर्व तट रेलवे अपनी क्षमताओं को बढ़ाने, संचालन को अनुकूलित करने और आने वाले वर्षों में असाधारण परिणाम देना जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

# इनर व्हील क्लब माइलस्टोन ने नेत्रहीन आवासीय विद्यालय में कराया हेल्थ चेकअप



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को इनर व्हील क्लब धनबाद,माइलस्टोन के बैनर तले क्लब के सदस्यों द्वारा सरायढेला स्थित नेत्रहीन आवासीय विद्यालय में रहने वाले सभी बच्चों और उनके शिक्षकों का हैल्थ चैकअप विशेषज्ञ डॉक्टर और उनकी टीम के द्वारा कराया गया। क्लब द्वारा उक्त हैल्थ चैकअप, अमेरिका में रहने वाले इशान सिंह लीड इंटरनेशनल स्टूडेंट एंबेसडर के सौजन्य से किया गया। ताकि नेत्रहीन आवासीय विद्यालय में रहने वाले सभी बच्चों का स्वास्थ्य सुनिश्चित किया जा सके। कार्यक्रम में उपस्थित चिकित्सकों को उनके योगदान के लिए क्लब की ओर से सम्मानित किया गया। क्लब का प्रयास है कि बच्चों के लिए हेल्थ चैकअप कैंप क्लब द्वारा समय समय पर कराया जायेगा। इस अवसर पर इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष रश्मि सहाय, उपाध्यक्ष लीना झा, सचिव ऋतु श्रीवास्तव और कोषाध्यक्ष रेणु कौशल, एडिटर गीता चौबे, निवेदिता सरकार, मनीषा गांधी, ऊषा सिंह , कविता गुप्ता, सरिता गुप्ता और इंदिरा महापात्र और इशान सिंह भी मौके पर उपस्थित रहे।

# अभिभावक-शिक्षक सम्मेलन में बच्चे सम्मानित

**महुदा (आजाद सिपाही)।** रॉयल रूट्स प्ले स्कूल में वार्षिक परीक्षा के परिणामों की घोषणा के साथ ही अभिभावक-शिक्षक सम्मेलन बड़े धूमधाम से संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में विद्यालय के प्राचार्य अमित कुमार पाठक और सभी



शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। सम्मेलन में सैकड़ों अभिभावकों ने शिरकत की और विद्यालय की शिक्षा पद्धति और परीक्षा प्रणाली की सराहना की। अभिभावकों ने कहा कि विद्यालय में बच्चों की पढ़ाई के तरीके के साथ-साथ उनका मूल्यांकन भी अत्यधिक प्रभावी है। साथ ही, परिणामों में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि प्रदान की गयी, जिससे छात्र-छात्राएं बेहद खुश नजर आये। इसके अलावा, बच्चों को स्पेशल बैच से भी सम्मानित किया गया। सम्मेलन के दौरान, प्रत्येक अभिभावक के साथ उनके बच्चों के क्लास टीचर्स और विद्यार्थियों की तस्वीरें भी ली गयी। इस दौरान, प्राचार्य अमित कुमार पाठक ने आगामी शैक्षिक सत्र की शुरूआत सात अप्रैल से करने की घोषणा की। इस सम्मेलन को सफल बनाने में विद्यालय के सलाहकार निर्मल कुमार रवानी, शिक्षक कुंदन पाठक, खालिद अंसारी, और शिक्षिकाएं प्रिया कुमारी, सुजाता कुमारी, प्रीति कुमारी, रंजना कुमारी, आखि चटर्जी, लक्ष्मी कुमारी, सीता कुमारी, माहि कुमारी और निरंजन सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सम्मेलन ने अभिभावकों और शिक्षकों के बीच एक मजबूत साझेदारी को और प्रगाढ़ किया, जो विद्यालय के विकास और बच्चों की बेहतरी के लिए प्रेरणास्त्रोत साबित होगा।

# अंकिता बनर्जी ने एमएस इंडिया रनरअप का जीता खिताब



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** धनबाद की बेटी अंकिता बनर्जी ने नयी दिल्ली में 29 मार्च को आयोजित इंडिया के सबसे बड़े कंपीटीशन मिस एंड मिस्ट्रेस इंडिया कॉन्टेस्ट 2025 के नेशनल लेवल में भीजी एमएस इंडिया रनरअप का खिताब जीत कर धनबाद समेत झारखंड का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है।

## सुरक्षा प्रहरी कर्मचारी संघ ने आइआइटी से हटाये गये गार्डों को लेकर की बैठक

# हमारी मांगों को नहीं माना गया तो हम लोग धरना-प्रदर्शन करेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** मंगलवार को सुरक्षा प्रहरी कर्मचारी संघ संबंध भारतीय मजदूर संघ की बैठक विश्वकर्मा भवन पुलिस लाइन हीरापुर में संपन्न हुई। जिसमें प्रमुख रूप से आइआइटी आइएसएम में कार्य कर रहे सैकड़ो सुरक्षा गार्ड को बिना कारण के नवनियुक्त एजेंसी के द्वारा काम से हटाने के संदर्भ में चर्चा की गयी। सुरक्षा गार्ड एजेंसी के सभी मानकों को पूरा करने में सक्षम है उन्होंने आइआइटी प्रबंधन, एजेंसी से संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन प्रबंधन एवं एजेंसी के द्वारा किसी भी तरह का संवाद नहीं किया गया। इसके बाद सुरक्षा गार्ड धनबाद के विधायक राज सिन्हा से मिला और अपनी व्यथा बताई। इस पर विधायक ने कहा की जरूरत पड़ी तो मैं भी आप लोगों के साथ धरने पर बैठूंगा। सुरक्षा प्रहरी कर्मचारी संघ से जुड़े सभी सुरक्षा गार्ड ने एक स्वर में निर्णय लिया की अगर



प्रबंधन हमारी मांगों को नहीं मानती है तो हम लोग आइएसएम गेट के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेंगे। बैठक में भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री धर्मजीत चौधरी भी उपस्थित हुए। उन्होंने कहा की आइआइटी आईएसएम प्रबंधन, सुरक्षा गार्ड के साथ नाइंसाफी कर रहा है। जल्द ही उपायुक्त को ज्ञापन दिया जायेगा एवं मंत्रालय में मंत्री से मिलकर उनके समस्याओं को अवगत कराया जायेगा। संघ के महामंत्री प्रभात सिंह ने कहा कि सुरक्षा कर्मी को कम से हटा देने के बाद उनके सामने रोजी-रोटी की समस्या उत्पन्न हो गयी है वह अपने परिवार का भरण पोषण कैसे करेंगे यह काफी चिंता का विषय है उम्र के इस पड़ाव में वह अब कहां काम करेंगे। प्रबंधन से आग्रह किया जाता है कि आप इन सभी सुरक्षा कर्मी को कम पर वापस रखें। ये मानवता भी है। बैठक में मनोज शाह,गोरख राम, जितेंद्र सिंह, सुशील सिंह, मनदीप कुमार और सभी सुरक्षा कर्मी उपस्थित थे।

# रामनवमी अखाड़ा को मस्जिद के पास नहीं रोकने का दोनों समुदाय की कमिटियों ने लिया निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया/जोड़ापोखर।** रामनवमी की त्योहार को लेकर अखाड़ा निकाले जाने के क्रम में डिगवाडीह मस्जिद के समीप से गुजरने के दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने को मंगलवार को जोरापोखर थाना में डिगवाडीह के अखाड़ा और मस्जिद कमिटी के सदस्यों की बैठक हुई। थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा की अध्यक्षता में हुई बैठक में दोनों कमिटी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अपनी सूझ बुझ का परिचय देते हुए भाईचारे की सौहार्द बनाये रखने को रामनवमी के दिन अखाड़ा जुलुश को मस्जिद के समीप नहीं रोकने का निर्णय लेते हुए मिलजुलकर जुलुश निकालने का संकल्प लिया। थाना प्रभारी



सहित क्षेत्र के लोगों ने कमिटी के निर्णय की प्रशंसा की है। मालूम हो कि रामनवमी की अखाड़ा जुलुश को मस्जिद के समीप रोके जाने को लेकर हर वर्ष तनाव की स्थिति बनी रहती थी। थाना प्रभारी ने कहा कि दोनों कमिटी का निर्णय प्रशंसनीय है, इसके बाद भी अगर किसी ने शांति में खलल डालने की किसी ने कोशिश किया तो प्रशासन उसके साथ सख्ती से निबटेगी। बैठक में शंकर साव, डॉ एम के ठाकुर, दिनेश यादव, मंटू पांडेय, राजू कुंडू, आफताब अंसारी, मुन्ना साव मस्जिद कमिटी के सदर मुख्तार अहमद, सचिव हाजी इजहार, अख्तर अंसारी आदि थे।

# दो सतर्क रेल कर्मचारी सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** प्रभात कुमार घड़ई, तकनीशियन/रहेनभाटा और अशोक कुमार शसमल, सिग्नल मेंटेनर/नरला रोड को संरक्षा में उनकी सतर्कता और ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन में उत्कृष्ट योगदान और संरक्षा नियमों और विनियमों से अच्छी तरह परिचित होने के लिए सम्मानित किया गया।



संबलपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक, तुषार कांत पांडे ने आनंद सिंह, अपर मंडल रेल प्रबंधक, प्रभात कुमार, वरिष्ठ मंडल सिग्नल और दूरसंचार इंजीनियर, संबीत सौरव नायक, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी और अन्य शाखा अधिकारियों की उपस्थिति में उन्हें उत्कृष्टता प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार से सम्मानित किया।

# जल वाहिनी परियोजना का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** एक अप्रैल 2025 को आदित्य एल्यूमिनियम लपंगा ने अपनी सीएसआर पहल के तहत जल वाहिनी परियोजना का उद्घाटन किया। इस गर्मी के मौसम में ग्रामीणों के लिए पीने के पानी की सुविधा की हमेशा आवश्यकता रहती है, जो स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं और समय की मांग को पूरा करती है। कार्यक्रम का उद्घाटन जगन्नाथ प्रसाद नायक (यूनिट हेड, आदित्य एल्यूमिनियम




लपंगा), विनोद नंद ठाकुर (यूनिट एचआर हेड), अजोय पालित (कास्ट हाउस हेड), मनोरंजन बेहरा (डिप्टी मैनेजर सीएसआर), ब्लॉक चेयरमैन सत्यानारायण अग्रवाल, बोमलोई सरपंच सरस्वती पधान, पूर्व सरपंच सेसदेव पधान, अन्य राजनीतिक प्रतिनिधियों और प्रभावशाली नेताओं द्वारा किया गया।

# वर्ष 2024-25 में एमसीएल ने कोयला उत्पादन और प्रेषण में वृद्धि दर्ज की

आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में 225.2 मिलियन टन कोयले का रिकॉर्ड उत्पादन कर पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 9% की वृद्धि दर्ज की है। एमसीएल ने, देश की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए अब तक का सबसे अधिक 210.5 मिलियन टन कोयला प्रेषण किया है, जो वित्तीय वर्ष 2023-24 की तुलना में 6% अधिक है। कंपनी ने ऊर्जा क्षेत्र को कोयला प्रेषण में भी वृद्धि दर्ज की, जो वित्तीय वर्ष 2024 में 150 मिलियन टन से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2025 में 158 मिलियन टन रहा, जिसमें 5% की वृद्धि हुई है। एमसीएल ने 338 मिलियन क्यूबिक मीटर अधिभार निकासी कर, पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 22% की वृद्धि दर्ज की। यह उपलब्धि कंपनी के वर्तमान वित्तीय वर्ष में कोयला उत्पादन बढ़ाने में सहायक होगी। वित्त वर्ष 2024-25 एमसीएल के लिए उपलब्धियों से भरा रहा, जहां कंपनी ने कोयला उत्पादन, प्रेषण और अधिभार निकासी के तीनों प्रमुख प्रदर्शन मानकों में नये कीर्तिमान स्थापित किये। उदय ए काओले, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक ने इस उपलब्धि के लिए अधिकारियों, कर्मचारियों, श्रमिकों और अन्य हितधारकों को बधाई दी। सामाजिक और आर्थिक विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को कायम रखते हुए, एमसीएल वित्त वर्ष 2024-25 में ओड़िशा में लगभग 215 करोड़ रुपये की राशि विभिन्न सीएसआर पहलों के तहत खर्च करने वाला सबसे बड़ा सार्वजनिक उपक्रम है।

